CMYK

अधिकतम : 15°C
न्यूनतम : 04°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शुक्रवार 9 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 135 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


योगी सरकार का दावा: आयुष्मान अस्पतालों को 30 दिन में हो रहा है भुगतान पेज 2



हम श्रीलंका में विश्व कप खेलना चाहते हैं : बांग्लादेश खेल टाइम्स


सब कुछ जानकर भी नहीं छूट पा रही सोशल मीडिया की लत सम्पादकीय


भारत पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा अमेरिका! पेज 12


नई दिल्ली: गणतंत्र दिवस के पूर्वाभ्यास के दौरान दिल्ली पुलिस के जवान।

# स्टार्टअप व AI उद्यमी भारत के भविष्य के सह निर्माता: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप के प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि वे भारत के भविष्य के सह निर्माता हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि यह बैठक श्री मोदी के आवास पर हुई। बैठक में अगले महीने देश में होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' से पूर्व 'एआई फॉर ऑल: ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंज' के लिए चयनित 12 भारतीय एआई स्टार्टअप ने भाग लिया तथा अपने विचारों के साथ प्रस्तुति दी। ये स्टार्टअप कई क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जिनमें भारतीय भाषा फाउंडेशन मॉडल, बहुभाषी एलएलएम, स्पीच-टू-टेक्स्ट, टेक्स्ट-टू-ऑडियो और टेक्स्ट-टू-वीडियो, ई-कॉमर्स, मार्केटिंग और वैयक्तिकृत सामग्री निर्माण के लिए जनरेटिव एआई का उपयोग करके 3डी सामग्री, इंजीनियरिंग सिमुलेशन, सामग्री अनुसंधान और विभिन्न उद्योगों में डेटा-संचालित निर्णय लेने के लिए उन्नत एनालिटिक्स, स्वास्थ्य देखभाल निदान और चिकित्सा अनुसंधान आदि शामिल हैं। एआई स्टार्टअप ने भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने की मजबूत प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने एआई क्षेत्र की तीव्र वृद्धि और अपार भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई नवाचार का केंद्र अब भारत की ओर स्थानांतरित हो रहा है। स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने कहा कि भारत में अब एआई विकास के लिए मजबूत और अनुकूल माहौल है, जिससे देश वैश्विक एआई मानचित्र पर मजबूती से स्थापित हो गया है।



- प्रधानमंत्री ने एआई स्टार्टअप के प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की

## सोमनाथ मंदिर पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया के लेख को मोदी ने सोशल मीडिया पर किया साझा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा लिखित एक लेख गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया और कहा कि यह मंदिर भारत की शाश्वत सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है।' हमारी सभ्यतागत चेतना का प्रतीक' शीर्षक इस लेख में श्री सिंधिया ने कहा है,' सोमनाथ मंदिर की (पिछले) हजार वर्ष की यात्रा हमें सिखाती है कि स्मृतियां कभी मिटती नहीं और सच्ची आस्था कभी हारती नहीं। उनके इस लेख को साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा है कि सोमनाथ मंदिर देश की शाश्वत सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि पिछले 11 वर्षों में सोमनाथ मंदिर से राम जन्मभूमि तक जो परिवर्तन हुआ है, वह इस बात का प्रमाण है कि भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में उभरा है, जो अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया ने विस्तार से इस पर अपनी बात साझा की है।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्थरबाजी मामला: सपा सांसद से पूछताछ करेगी पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 6 जनवरी की रात फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास हुई पत्थरबाजी को लेकर सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी से पूछताछ की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस के सीनियर अधिकारियों के बार-बार कहने के बावजूद नदवी घटनास्थल से नहीं गए और आसपास मौजूद रहे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पत्थरबाजी में शामिल 30 लोगों और सोशल मीडिया पर मस्जिद गिराने की अफवाह फैलाने वाले 10 इन्फ्लुएंसर की पहचान की है। हिंसा के मामले में 6 और गिरफ्तारियों के साथ कुल 11 लोग पकड़े गए हैं, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। दरअसल पूरा मामला फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने से जुड़ा है। पुलिस की टीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक अतिक्रमण हटाने गई थी। इस बीच कुछ लोगों ने अफवाह फैलाई कि मस्जिद गिराई जाएगी। जिससे हिंसा भड़की। पुलिसकर्मियों पर पत्थर फेंके गए, 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए। सपा नेता एस टी हसन ने कहा कि यहां 100 साल पुरानी मस्जिद और दुकानें हैं।

### जेएनयू में मोदी-शाह के खिलाफ नारेबाजी एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार रात दिल्ली की जेएनयू में साबरमती हॉस्टल के बाहर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लगे विवादित नारे के मामले में एफआईआर दर्ज की। शिकायत जेएनयू के सीएसओ ने दर्ज कराई। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौके पर 30-35 छात्र मौजूद थे। शुरुआत में कार्यक्रम शांतिपूर्ण था, लेकिन उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत नहीं मिलने पर भड़काऊ नारे लगाए गए। दोनों 2020 दिल्ली दंगों की साजिश मामले में आरोपी हैं।

### ईडी ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले के मामले में मारे छापे

**नई दिल्ली।** ईडी ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में देश भर में तलाशी अभियान चलाया। यह अभियान एक संगठित गिरोह को निशाना बनाते हुए चलाया गया, जिसने फर्जी नौकरी का झांसा देकर लोगों को ठगा है। एक ईडी अधिकारी ने कहा कि यह घोटाला शुरू में भारतीय रेलवे के नाम पर सामने आया था।

# कुत्ते इंसानी डर पहचानते हैं इसलिए काटते हैं: सुप्रीम कोर्ट

## आवारा कुत्तों से जुड़े मामलों में लगातार दूसरे दिन शीर्ष अदालत में हुई सुनवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों से जुड़े मामलों पर गुरुवार को लगातार दूसरे दिन ढाई घंटे सुनवाई हुई। कोर्ट ने कुत्तों के बिहेवियर को लेकर चर्चा की। जस्टिस नाथ ने कहा कि कुत्ते इंसानों का डर पहचान लेते हैं इसलिए काटते हैं।

इस पर एक वकील (कुत्तों के फेवर वाले) ने इन्कार किया। फिर जस्टिस ने कहा कि अपना सिर मत हिलाइए, ये बात मैं पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं। उधर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्यों ने जो आंकड़े दिए हैं। उनमें से किसी ने यह नहीं बताया कि नगर पालिकाओं की तरफ से कितने शेल्टर चलाए जाते हैं। देश में सिर्फ 5 सरकारी शेल्टर हैं। इनमें से हर एक में 100 कुत्ते रह सकते हैं। हमे इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है। इससे पहले सुनवाई के दौरान एनिमल वेलफेयर की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट सीयू सिंह ने कुत्तों को हटाने या शेल्टर होम भेजने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कुत्ते हटाने से चूहों की आबादी बढ़ेगी। इस पर कोर्ट ने मजाकिया अंदाज में कहा कि तो क्या बिल्लियां ले आएं? इस मामले पर पिछले 7 महीनों में छह बार सुनवाई हो चुकी है। पिछले साल नवम्बर में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया था। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा था कि इन जानवरों को तय शेल्टर में ट्रांसफर किया जाए। याचिकाकर्ता के एक वकील ने कहा कि हर पालतू कुत्ते का मालिक होता है। जबकि आवारा कुत्ते का कोई मालिक नहीं होता। न ही यह राज्य की जिम्मेदारी है। हालांकि राज्य का काम वैक्सीनेशन वगैरह देना है। एबीसी नियम ऐसे होने चाहिए कि मेरे घर तक का रास्ता सुरक्षित रहे। वकील (कुत्तों को हटाने के पक्ष में) ने कहा कि अदालत का आदेश सिर्फ संस्थानों तक सीमित नहीं होना चाहिए। बल्कि उसे रिहायशी इलाकों पर भी लागू किया जाना चाहिए। कुत्ते को समझाना (काउंसलिंग) संभव नहीं है, लेकिन कुत्ते की देखभाल करने वाले या मालिक को समझाया जा सकता है। हर डाग लवर और एनजीओ को याचिका लगाने में एक तय राशि जमा करनी होती है। इस शर्त को हटाया जाए। इस पर कोर्ट ने हल्के अंदाज में जवाब दिया कि अगर हमने यह शर्त नहीं रखी होती, तो यहां पंडाल लगाना पड़ता। कुत्तों की मॉनिटरिंग के लिए पहले उनकी गिनती जरूरी है, जो आखिरी बार 2009 में हुई थी। सिर्फ दिल्ली में 5,60,000 कुत्ते थे। सेंटर्स की हाउसिंग कैपेसिटी के हिसाब से ही तय संख्या में जानवरों को पकड़ा जाना चाहिए।

**सुनवाई के दौरान वकील बोले- देश में सिर्फ पांच सरकारी शेल्टर, हमें इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत**



## जज कैश कांड: कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने दो दिन की सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया।

हालांकि बेंच ने जस्टिस वर्मा को पार्लियामेंट्री कमेटी के सामने जवाब दाखिल करने के लिए समय बढ़ाने से मना कर दिया। उन्हें 12 जनवरी को संसदीय समिति के सामने जवाब देना है। दरअसल, जस्टिस वर्मा ने अपने खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन राज्यसभा ने उसे मंजूर नहीं किया। इसके बावजूद लोकसभा ने अकेले जांच समिति बना दी, जो उनके अनुसार गलत है। एक दिन पहले, 6 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जांच समिति के गठन में कुछ खामियां दिखाई देती हैं। हालांकि कोर्ट यह देखेगा कि क्या यह खामी इतनी गंभीर है कि पूरी कार्यवाही को रद्द किया जाए। 14 मार्च को दिल्ली में जज के आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में आग लगने के बाद जले हुए नोटों के बंडल मिले थे। इसके बाद के घटनाक्रम में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया।


- जवाब देने के लिए समय बढ़ाने से इन्कार

# यूपी में कोहरे से छह सड़क हादसे, सात लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते मैदानी राज्यों में सर्दी बढ़ गई है। कोहरे के चलते दिल्ली से मप्र आने वाली एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें रोजाना 2 से 6 घंटे लेट हो रही हैं। उत्तर प्रदेश में कोहरे की वजह से गुरुवार सुबह 6 हादसे हुए। इनमें 14 गाड़ियां टकराईं और 7 लोगों की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि इसमें 8 लोग घायल भी हुए हैं जिनका इलाज जारी है।

वाराणसी- मेरठ और झांसी समेत 38 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट है। लखनऊ-कानपुर समेत 26 जिलों में कोल्ड डे रहेगा। उत्तराखंड के 3 शहरों का तापमान -21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इनमें पिथौरागढ़ का आदि कैलाश, रुद्रप्रयाग का केदारनाथ और उत्तरकाशी का यमुनोत्री धाम शामिल है। मध्य प्रदेश के शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री दर्ज किया गया। उधर, राजस्थान के 4 शहरों का न्यूनतम तापमान बुधवार को 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। गुरुवार को 23 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। 25 जिलों में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। 9 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश में घने कोहरे का अलर्ट, कड़ाके की सर्दी रहेगी। हरियाणा में सर्द हवाओं ने कंपकंपी बढ़ा दी है। दिन में रात की तरह ठंड पड़ रही है। उत्तर-पश्चिम में 15 किमी/घंटा की रफ्तार से ठंडी हवा चल रही हैं। मौसम विभाग ने कई जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया है।



- आठ लोग हुए घायल
- उत्तराखंड में तापमान 21 डिग्री दर्ज

## जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में जमी जिंदगी, श्रीनगर में रिकॉर्ड तोड़ ठंड

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भीषण शीतलहर की चपेट में हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में कई जगहों पर मौसम का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। कश्मीर घाटी के पर्यटन स्थल और ऊंचे इलाके सबसे सर्द रहे। सोनमर्ग में सबसे कम तापमान - 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इसके बाद गुलमर्ग में -9. 2डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में -8.6 डिग्री सेल्सिसय रहा। शोपियां में भी तापमान -7.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने बताया कि ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर का तापमान -5. 1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो पिछली रात के -1.6 डिग्री सेल्सियस से काफी कम है, जो एक महत्वपूर्ण गिरावट है। जम्मू क्षेत्र के मैदानी इलाकों में भी तापमान में गिरावट देखी गई, हालांकि अधिकांश स्टेशनों पर तापमान जमाव बिंदु से ऊपर रहा। शीतकालीन राजधानी जम्मू में न्यूनतम तापमान 7.1डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## दिल्ली में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को तापमान में गिरावट आने एवं शीतलहर चलने से कड़ाके की ठंड का प्रकोप रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के मौसम स्टेशनों पर न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस से 6.0 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने से लोगों को ज्यादा ठंड महसूस हुई। विभाग के अनुसार सुबह 8:30 बजे पालम में इलाके का सबसे कम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.7 डिग्री कम था।

# हम वर्दी पहनें या न पहनें, हमारा दिल वर्दीधारी होना चाहिए: एयर चीफ मार्शल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों को कैरियर के संबंध में एक सशक्त संदेश दिया कि उन्हें असफलताओं से डरना नहीं चाहिए, क्योंकि असफलता अंत नहीं बल्कि अक्सर महानता की शुरुआत होती है।

उन्होंने कैडेटों से एनसीसी के मूल्यों को हमेशा याद रखने का आह्वान करते हुए कहा कि हम वर्दी पहनें या न पहनें, हमारा दिल वर्दीधारी होना चाहिए। एयर चीफ मार्शल सिंह ने यहां दिल्ली छावनी स्थित एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया। कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने जीवन के बेहद व्यक्तिगत अनुभव साझा किए, जिनमें बचपन में स्कूल में दाखिला न मिल पाने से लेकर सेवा के दौरान पहले पदोन्नति बोर्ड में चूकना तक शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद वह दुनिया की सबसे शक्तिशाली वायु सेनाओं में से एक के प्रमुख बने। युवा कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि वास्तविक विकास प्रतिस्पर्धा से नहीं, आत्म-सुधार से होता है। उन्होंने कहा कि यदि आप दूसरों से प्रतिस्पर्धा करेंगे, तो जिस दिन आप उनसे आगे निकल जाएंगे, उस दिन आपकी प्रगति रुक जाएगी। अपने आप से प्रतिस्पर्धा करें। आज से बेहतर बनने का प्रयास करें। दृढ़ संकल्प के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि असफलता प्रयास का स्वाभाविक परिणाम है और इससे कभी डरना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल वही लोग असफल होते हैं जो प्रयास करते हैं, जो कुछ नहीं करते, वे कभी असफल नहीं होते। अपने जीवन की सच्ची घटनाएं साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उन्हें हरियाणा के राई स्थित स्पोर्ट्स स्कूल में प्रवेश नहीं मिल पाया था। उन्होंने यह भी बताया कि एक बार वह अपनी पदोन्नति परीक्षा में चूक गए थे, जिससे उनकी पदोन्नति अपने बैच के सहयोगियों की तुलना में एक वर्ष देर से हुई। उन्होंने कहा कि लेकिन फिर भी मैं प्रमुख बना। यह नियति में लिखा था। भगवद गीता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने कर्तव्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, पूरे मन से काम करना चाहिए और परिणामों से अत्यधिक आसक्त नहीं होना चाहिए। उन्होंने सलाह दी, अपना सर्वश्रेष्ठ दें, कड़ी मेहनत करें और जो भी परिणाम आए, उसे गरिमा के साथ स्वीकार करें। कैडेटों से महत्वाकांक्षी, लेकिन विनम्र बने रहने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि प्रयास और सीखने की यात्रा मुकाम से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफलता के कोई 'शॉर्टकट' नहीं होते और कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा माता-पिता और शिक्षकों द्वारा दिए गए मजबूत मूल्य ही स्थायी सफलता की नींव होते हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि सेना में शामिल होना और देश की सेवा करना ही एनसीसी का एकमात्र लक्ष्य नहीं है।

- एनसीसी कैडेटों को कैरियर के संबंध में दिया सशक्त संदेश
- कहा: असफलताओं से डरना नहीं चाहिए



# आईटी सेल इंचार्ज के घर और ऑफिस पर ईडी के छापे

**कोलकाता।** ईडी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कथित कोयला तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी के दौरान रुकावट पैदा की। वे कोलकाता में पॉलिटिकल कंसल्टेंट फर्म आई-पीएसी के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर में जबरन घुसीं और अपने साथ कई फिजिकल डॉक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले गईं।

ईडी के मुताबिक, इसके बाद मुख्यमंत्री साल्ट लेक स्थित आई-पीएसी कार्यालय भी पहुंचीं। यहां भी राज्य की पुलिस की मदद से अहम सबूत जबरन अपने साथ ले गईं। प्रतीक जैन ममता की पार्टी टीएमसी के आईटी सेल के हेड भी हैं। ममता ने इस कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि गृह मंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे हैं। इस कार्रवाई के विरोध में ममता शुक्रवार 2 बजे मार्च निकालेंगी। ईडी के अफसर प्रतीक के घर और ऑफिस से कई डॉक्यूमेंट्स ले गए। सबूतों से छेड़छाड़ के मामले में ईडी ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को जस्टिस सुवरा घोष की बेंच में होगी।

- गृह मंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे: ममता
- मामला हाईकोर्ट पहुंचा, आज सुनवाई

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटकों की सुविधा के लिए चार पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे माघ मेला 2026 का आयोजन तीन जनवरी से भव्य और दिव्य स्वरूप में किया जा रहा है। आस्था, संस्कृति और सुव्यवस्था का प्रतीक बनता यह मेला अब पर्यटन की दृष्टि से भी नई पहचान गढ़ रहा है। देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने माघ मेला क्षेत्र में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए चार अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित किए हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार ये चार अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्र परेड ग्राउंड, नागवासुकी मंदिर, प्रयागराज छिवकी जंक्शन रेलवे स्टेशन और अरैल घाट के समीप स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों के माध्यम से अब तक करीब 20 लाख से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक लाभान्वित हो चुके हैं। इस वर्ष माघ मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुंचने का अनुमान है।

### मुंबई हवाई अड्डे ने बनाया यात्रियों का नया रिकॉर्ड

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 2025 में 5.55 करोड़ यात्रियों की आवाजाही के साथ एक नया रिकॉर्ड कायम किया। यह आंकड़ा कैलेंडर वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 1.3 प्रतिशत और वर्ष 2023 की तुलना में 7.6 प्रतिशत अधिक है। कुल यात्रियों में 1.63 करोड़ अंतर्राष्ट्रीय व 3.92 करोड़ घरेलू यात्री शामिल हैं। हवाई अड्डे के लिए जनवरी 2025 अब तक का सबसे व्यस्त महीना रहा, जिसमें करीब 50 लाख यात्रियों ने यहां से सफर किया। इसके बाद नवम्बर 2025 में 49 लाख यात्रियों की आवाजाही रही।

# केंद्र सरकार पर जांच एंजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप

**प. बंगाल में विपक्ष को डराने व राजनीतिक प्रक्रिया में दखल की कोशिशें जारी:तृणमूल कांग्रेस**

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल में विपक्ष को डराने और राजनीतिक प्रक्रिया में दखल देने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

टीएमसी ने यह आरोप पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद साकेत गोखले के इस दावे के बाद लगाया गया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पार्टी की अंदरूनी चुनावी तैयारियों की जानकारी हासिल करने के मकसद से तलाशी ली। गोखले ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दावा किया कि ईडी ने आज सुबह टीएमसी के संभावित उम्मीदवारों, चुनाव रणनीति और अभियान योजना की जानकारी वाले दस्तावेज जब्त किए। इस कार्रवाई को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताते हुए, उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने पोस्ट में कहा कि बंगाल में मोदी-शाह की गंदी चालें एक नए स्तर पर पहुंच गई हैं। आज सुबह वे अपनी पालतू एजेंसी ईडी का इस्तेमाल करके हमारे संभावित उम्मीदवारों, हमारी चुनाव रणनीति और हमारे अभियान योजना की जानकारी वाले दस्तावेज चुरा रहे हैं।

# अखिलेश ने पीडीए समाज से की वोट बचाने की अपील

## कहा: वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने की साजिश को हर हाल में नाकाम किया जाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए समाज (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने की साजिश को हर हाल में नाकाम किया जाए। उन्होंने कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद पीडीए समाज के करोड़ों मतदाताओं के नाम अब तक मतदाता सूची से हटाए जा चुके हैं, जो लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों पर सीधा हमला है।



यादव ने गुरुवार को एक्स पर पीडीए प्रहरी' से हर बूथ पर गहन जांच-पड़ताल करने का आह्वान करते हुए कहा कि ष्एक भी वोट न कटने पाए, एक भी वोट न घटने पाए' के संकल्प के साथ सभी को फिर से संगठित होना होगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम होना नागरिक होने की पहचान है। अगर किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटता है, तो आने वाले समय में उसी आधार पर राशन कार्ड, सरकारी योजनाओं, जाति प्रमाणपत्र, आरक्षण, नौकरी, बैंक खाते, बीमा, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बिजली-पानी कनेक्शन, खेत-जमीन और घर-मकान तक पर संकट आ सकता है। सपा अध्यक्ष ने आशंका जताई कि सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी सरकार चुनावी लाभ के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। उन्होंने कहा कि जो सरकार निर्विरोध चुनाव कराने का खेल खेल सकती है, वह वोट काटने की साजिश भी कर सकती है। चुनाव जीतकर सत्ता में आना और फिर भ्रष्टाचार के जरिए जल-जंगल-जमीन पर कब्जा करना ही उनका उद्देश्य है। यादव ने कहा कि पीडीए समाज को यह समझना होगा कि जब हमारे पास वोट डालने का अधिकार है, तब भी उत्पीड़न हो रहा है। यदि यह अधिकार ही छीन लिया गया तो हालात और भयावह होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्चस्ववादी ताकतें संविधान को कमजोर करना चाहती हैं, जबकि संविधान ही गरीब, शोषित और वंचित वर्गों की ढाल है। उन्होंने पीडीए समाज के हर सदस्य से अपील की कि वह सजग रहे, अपना वोट जरूर बनवाए।

### सपा विधायक विजय सिंह गोंड का निधन

**लखनऊ/सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में दुद्धी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी विधायक विजय सिंह गोंड का गुरुवार को लखनऊ के संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे और उनका इलाज चल रहा था। संस्थान की जनसंपर्क अधिकारी कुसुम यादव के मुताबिक, मल्टी आर्गन फेल्योर के चलते विधायक की मृत्यु हुई है। उनके निधन की सूचना मिलते ही सोनभद्र सहित आसपास के इलाकों में शोक की लहर फैल गई है। दुद्धी विधानसभा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित और आदिवासी बहुल क्षेत्र है। विजय सिंह गोंड को आदिवासी राजनीति का 'पितामह' माना जाता था।

## सत्ता पक्ष और विपक्ष का सदन में हंगामा और जमकर नारेबाजी

# दिल्ली विस में कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में गुरुवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष हंगामे के कारण कार्यवाही तीन बार स्थगित करने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने हंगामें के बीच ही विपक्ष की नेता के सिख गुरु के खिलाफ कथित आपत्तिजनक वक्तव्य से संबंधित वीडियो की जांच फोरेंसिक लैब से कराने और पूरे मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने के आदेश दिए। अध्यक्ष ने संसदीय कार्य मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के प्रस्ताव पर सदन की कार्यवाही भी एक दिन बढ़ा दी है। चार दिवसीय इस सत्र का गुरुवार को अंतिम दिन था, जिसे एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। पूर्वान्ह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भारतीय जनता पार्टी सदस्यों ने गुरु तेग बहादुर के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। कुछ सदस्य सदन के बीचोबीच आकर आम आदमी पार्टी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे और अध्यक्ष से विपक्ष की नेता आतिशी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। भाजपा विधायक 'गुरुओं का अपना नहीं, नहीं सहेंगे' नारा लगा रहे थे। इसी बीच आम आदमी पार्टी के सदस्य सदन में आ गए और वे भी हंगामा करने लगे। आप के सदस्य संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग कर रहे थे और वे सदस्य पोस्टर और तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर श्री मिश्रा के खिलाफ स्लोगन लिखे हुए थे। आप के सदस्य हालांकि सदन के बीचोबीच नहीं गए। दोनों पक्षों के सदस्यों की नारेबाजी के बीच गुप्ता ने सदस्यों से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन हंगामा नहीं रूका। इस पर उन्होंने सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। एक बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही जब फिर शुरू हुई तो भाजपा और आप के सदस्य फिर हंगामा करने लगे। इस दौरान भाजपा विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल के खिलाफ और आप विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए और दोनों दलों के सदस्य सदन के बीचोबीच आ गए। विस अध्यक्ष के बार-बार आग्रह करने के बाद हंगामा कर रहे सदस्य जब शांत नहीं हुए, तो उन्होंने सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद अपराह्न साढ़े 12 बजे सदन की फिर से शुरू हुई, तो दोनों दलों के विधायक फिर हंगामा करने लगे। आप के विधायक हाथों में 'कपिल मिश्रा इस्तीफा दो' के नारे लिखे थे। इस बार दोनों दलों के सदस्य तख्तियां लिए थे। विधायकों के हंगामे के बीच गुप्ता ने कहा कि चूंकि दोनों दलों ने गुरु तेग बहादुर को लेकर सदन में कही गई बात वाले वीडियो की जांच की मांग की है, इसलिए वह वीडियो की फोरेंसिक जांच का आदेश देते हैं, जिसकी रिपोर्ट 15 दिन में आ जाएगी।



**■ सिख गुरु के खिलाफ आपत्तिजनक वक्तव्य से संबंधित वीडियो की जांच फोरेंसिक लैब से कराने और पूरे मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने के आदेश**

### आतिशी ने जानबूझकर किया गुरुओं का अपमान: मिश्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा है कि नेता विपक्ष आतिशी जिस प्रकार खुद को सही साबित करने की कोशिश कर रही है उससे साबित होता है कि उन्होंने गुरुओं का अपमान जानबूझकर किया है। मिश्रा ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से गुरुवार को कहा कि इस सदन में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने एक बहुत बड़ा पाप किया है। गुरुओं का अपमान किया और एक पेशेवर अपराधी की तरह वो अपराध करके फरार हैं। सदन के अंदर आने की उनकी हिम्मत नहीं हो रही है। अध्यक्ष ने कई बार उनको बुलाया, उसके बाद भी वह सदन में नहीं आयीं। उन्होंने कहा कि कि सुश्री आतिशी का व्यवहार एक अपराधी जैसा है कि पहले अपराध करते हैं और उसके बाद फरार हो जाते हैं।

# प्रधानमंत्री कार्यालय से इंदौर की घटना की जांच के आदेश हों: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के इंदौर में गंदा पानी पीने लोगों की मौत को भारतीय जनता पार्टी सरकार की गंभीर लापरवाही का परिणाम बताते हुए कहा है कि इसकी जांच खुद प्रधानमंत्री कार्यालय से हो और अलग से उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश से इसकी स्वतंत्रता तथा निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में सवाल किया कि भाजपा सरकार की लापरवाही के चलते शहर के पीने के पानी में सीवेज के पानी को घुसने दिया गया और नागरिकों की बार-बार चेतावनियों को नजरअंदाज करके हजारों लोगों की जदिगी खतरे में डाली गई है। पार्टी का कहना है कि यह घटना भाजपा सरकार की लापरवाही से हुई है जबकि इस घटना को रोका जा सकता था। इस लापरवाही के कारण जब मासूम बच्चे और शिशु मर रहे हैं, तो राज्य के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मंत्री अपनी चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि यह दुखद घटना भाजपा सरकार के घमंड, नाकाबिलियत और इंसानी जदिगी की पूरी तरह से अनदेखी को सामने लाती है। मध्य प्रदेश के लोग न्याय, जवाबदेही और तुरंत सुधार के हकदार हैं। अब समय आ गया है कि भाजपा अपनी नाकामी और अपनी बड़ी लापरवाही की वजह से गई जानें के लिए जवाब दे। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा सरकार का क्रूर, निर्दई और पूरी तरह से उदासीन चेहरा इस घटना से उजागर हो गया है। इंदौर में, मध्य प्रदेश की सरकार की बड़ी लापरवाही, नाकाबिलियत और साफ बेपरवाही की वजह से छह महीने के एक बच्चे समेत 18 मासूम जानें चली गईं।



**सेंसेक्स** 84961.14
**निफ्टी** 26140.75



**सोना रु.** 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 254620
प्रति किलो




# बाजारों में चौतरफा बिकवाली, सेंसेक्स दो महीने के निचले स्तर पर

मुंबई, वार्ता

वैश्विक अनिश्चितताओं से दुनिया के दूसरे शेयर बाजारों की तरह भारतीय शेयर बाजारों में भी गुरुवार को बड़ी गिरावट देखी गई और प्रमुख सूचकांक करीब एक प्रतिशत की नीचे में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 780.18 अंक (0.92 प्रतिशत) टूटकर गत 11 नवम्बर के बाद के निचले स्तर 84,180.96 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 263.90 अंक यानी 1.01 प्रतिशत लुढ़ककर 25,876.85 अंक पर बंद हुआ। यह 18 दिसम्बर के बाद का इसका निचला स्तर है। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी अनुसंधान प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि बाजार में आगे भी गिरावट जारी रह सकती है। निफ्टी-50 सूचकांक 25,700 अंक तक और सेंसेक्स 83,700 अंक तक उतर सकता है। अमेरिका के 66 वैश्विक संधियों से अलग होने और रूस पर कड़े प्रतिबंध वाला विधेयक लाने से दुनिया भर के शेयर बाजारों में निवेशक बिकवाल रहे। मझौली और छोटी कंपनियों का और भी बुरा हाल रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.82 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.99 प्रतिशत लुढ़क गया। जियोजित इनवेस्टमेंट्स के



अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आयात शुल्क बढ़ाने की अमेरिकी चेतावनी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के लगातार बिकवाल रहने से बाजार में गिरावट आई है। सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए।

धातु समूह का सूचकांक 3.40 प्रतिशत, तेल एवं गैस का 2.84, सार्वजनिक बैंकों का 2.08, आईटी का 1.99, रियलिटी का 1.71, फार्मा का 1.39, स्वास्थ्य और मीडिया दोनों के 1.38, गैर-बैंकिग वित्तीय सेवाओं का 1.43 और रसायन समूह का सूचकांक 1.22 प्रतिशत फिसल गया। ऑटो और एफएमसीजी समूहों के सूचकांक भी एक फीसदी के करीब टूटे। बिकवाली इतनी व्यापक रही कि एनएसई में जिन 3,247 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुए उनमें 2,625 के शेयर गिरावट में और 545 के बढ़त में बंद हुए। अन्य 77 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स में एलएंडटी का शेयर सबसे अधिक 3.35 फीसदी गिरकर बंद हुआ। टेक महिंद्रा में 2.94 प्रतिशत, टीसीएस में 2.74 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.25 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 1.93 प्रतिशत, ट्रेंट का 1.75, पावरग्रिड का 1.74 और इंफोसिस का 1.57 प्रतिशत लुढ़क गया। एनटीपीसी में 1.38 प्रतिशत, सनफार्मा में 1.18, बजाज फिनसर्व में 1.16 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.04 प्रतिशत की गिरावट रही। इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। इंटरनल का शेयर 0.91 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

आईसीआईसीआई बैंक का शेयर भी हरे निशान में रहा। वैश्विक स्तर पर लगभग सभी प्रमुख शेयर बाजारों में गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 1.63 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.17 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.07 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी के डैक्स में 0.14 फीसदी और ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.27 फीसदी की गिरावट थी।

# चावल, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों और दालों में घट-बढ़ दर्ज की गई

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी भी महंगी हुई। वहीं गेहूं में टिकाव रहा जबकि खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत आठ रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,850 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा।

आटे की कीमत भी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रही। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। मूंग दाल की औसत कीमत 16 रुपये और उड़द दाल की 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल के भाव स्थिर रहे। चना दाल की कीमत सात रुपये और मसूर दाल की चार रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया



डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा नौ रिंगिट चढ़कर 4,042 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.32 प्रतिशत की बढ़त में 49.47 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 35 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं वनस्पति की कीमत 27 रुपये और सरसों तेल की 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 14 रुपये और पाम ऑयल में 12 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7792.58 रुपये, मसूर काली 8145.87 रुपये, मूंग दाल 10103.84 रुपये, उड़द दाल 10410.20 रुपये, तुअर दाल 10618.56 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2850.19 रुपये और चावल 3856 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3298.42 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4306.46 रुपये और गुड़ 4992.30 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17668.22 रुपये, मूंगफली तेल 17859.28 रुपये, सूरजमुखी तेल 15849.08 रुपये, सोया तेल 13741.20 रुपये, पाम ऑयल 12465.62 रुपये और वनस्पति 14515.13 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# अटल आवासीय विद्यालयों में अखबार पढ़ने की आदत विकसित करने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ पहल विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने में अहम मदद करेगी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसीडब्ल्यू) के अध्यक्ष एवं श्रम एवं सेवायोजन विभाग के प्रमुख सचिव डा. एमके शन्मुगा सुन्दरम ने प्रदेश के अटल आवासीय विद्यालयों में नियमित समाचार पत्र पठन को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के साथ-साथ उनमें जागरूकता, तार्किक सोच और जिम्मेदार नागरिक होने का भाव विकसित करेगी। डा. शन्मुगा ने गुरुवार को बताया कि छात्रों के समग्र विकास के लिए पाठ्यक्रम आधारित पढ़ाई के साथ-साथ सामान्य ज्ञान, भाषा पर पकड़ और आलोचनात्मक सोच को सशक्त करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक विद्यालय के पुस्तकालय में प्रतिष्ठित एवं गुणवत्तापूर्ण हिदी तथा अंग्रेजी समाचार पत्रों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विद्यार्थियों को समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञान, अर्थव्यवस्था, समसामयिक घटनाओं, नवीन विकास और खेल से संबंधित समाचार पढ़ने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाए। जारी निर्देशों के तहत प्रतिदिन प्रार्थना सभा के बाद तथा कक्षा का नियमित पठन-पाठन शुरू होने से पहले 10 मिनट का समय समाचार पत्र पठन के लिए निर्धारित किया जाएगा। इसके साथ ही रोजाना पांच नए या कठिन शब्द उनके अर्थ सहित बोर्ड पर लिखे जाएंगे। विद्यालय के मुख्य डिस्प्ले बोर्ड पर 'आज का सुविचार' प्रदर्शित करना भी अनिवार्य किया गया है। वहीं कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए सप्ताह में एक दिन संपादकीय लेखों पर आधारित मौलिक लेखन या समूह चर्चा आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों से विज्ञान, पर्यावरण और खेल विषयों पर न्यूज क्लिपिंग स्क्रैपबुक तैयार कराई जाएगी। छात्रों की मानसिक और तार्किक क्षमता बढ़ाने के लिए सुडोकू, शब्द पहेली और ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं के आयोजन पर भी जोर दिया गया है। इसके अलावा विद्यार्थियों को अपने विद्यालय की त्रैमासिक समाचार पत्र या पत्रिका तैयार करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# दावा: आयुष्मान अस्पतालों को 30 दिन में हो रहा है भुगतान

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्राइवेट अस्पताल और नर्सिंग होम में आयुष्मान कार्ड धारकों की भर्ती में हो रही हीलाहवाली की मीडिया रिपोर्टों को दरकिनार करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया कि योगी सरकार गरीबों और जरूरतमंदों को बेहतर, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठा रही है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इलाज कराने वाले परिवारों के लिए जहां कैशलेस उपचार सुनिश्चित किया गया है, वहीं योजना से जुड़े अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि पिछले एक वर्ष में आयुष्मान योजना के क्लेम निस्तारण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। जनवरी-25 में जहां क्लेम की पेंडेंसी 10 लाख 75 हजार तक पहुंच गई थी, वहीं दिसम्बर-25 तक यह घटकर मात्र 3 लाख रह गई है। इसे भी जल्द ही निस्तारित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में योजना के तहत प्रति माह औसतन 2 लाख से अधिक क्लेम अस्पतालों से प्राप्त होते हैं। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले क्लेम का समयबद्ध निस्तारण एक बड़ी चुनौती है। इसके बावजूद यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पुराने लंबित मामलों के साथ-साथ नए क्लेम का भी नियमित और सुव्यवस्थित तरीके से निस्तारण हो। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि सूचीबद्ध अस्पताल बिना हीलाहवाली के आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज सुनिश्चित करें। साचीज की एसीईओ पूजा यादव ने बताया कि क्लेम निस्तारण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और तेज बनाने के लिए मेडिकल ऑडिट व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। इसी क्रम में मेडिकल ऑडिटरों की संख्या 40 से बढ़ाकर 130 कर दी गई है। इससे क्लेम की जांच प्रक्रिया तेज हुई है। इसके साथ ही क्लेम प्रोसेसिग डेस्क (सीपीडी) की संख्या भी 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। योजना के तहत अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम्स का भुगतान 30 दिनों की निर्धारित समय-सीमा यानी टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) के भीतर किया जाए। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एजेंसी स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें की जा रही हैं और लंबित मामलों की सतत निगरानी की जा रही है। साचीज की सीईओ ने बताया कि जनवरी-25 से दिसम्बर-25 की अवधि के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के सूचीबद्ध अस्पतालों को क्लेम्स के सापेक्ष कुल 4,649 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि योगी सरकार न सिर्फ इलाज की व्यवस्था कर रही है, बल्कि अस्पतालों के आर्थिक हितों की भी पूरी तरह से रक्षा कर रही है, ताकि वे गरीब मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे सकें। योगी सरकार की नीतियों से क्लेम पेंडेंसी में कमी, समयबद्ध भुगतान और मजबूत ऑडिट व्यवस्था ने अस्पतालों का विश्वास बढ़ाया है। इसका सीधा लाभ गरीब और जरूरतमंद मरीजों को मिल रहा है, जिन्हें अब इलाज के लिए कर्ज और संपत्ति बेचने की मजबूरी से पूरी तरह से मुक्ति मिली है।




**■ कार्ड धारकों की भर्ती में हो रही हीलाहवाली की रिपोर्टों को नकारा**

## आवारा पशुओं एवं गोवंशों को गोद लेने के लिए करें प्रेरित : सीएस



- उच्चतम न्यायालय के आवारा पशुओं के सम्बन्ध में दिए निर्देशों को लेकर सम्बन्धित विभागों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने गुरुवार को सचिवालय में उच्चतम न्यायालय के द्वारा आवारा पशुओं के सम्बन्ध में दिए गए निर्देशों के क्रम में सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले स्थानों से कुत्तों एवं गौवंश के सम्बन्ध में न्यायालय के निर्देशों के क्रम में यथोचित कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने सभी सम्बन्धित विभागों को क्षेत्रवार नोडल अधिकारी तैनात किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेषकर देहरादून, हरिद्वार, रुद्रपुर और काशीपुर जैसे बड़े शहरों में स्ट्रे डॉग्स के सम्बन्ध में न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की बात कही।

मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय राजमार्गों से आवारा कुत्तों एवं गौवंश के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्रिटिकल स्थानों को चिन्हित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर यथोचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आवारा गौवंशों को रखने के लिए कांजीहाउस तैयार किए जाएं एवं उनके संचालन के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

मुख्य सचिव ने सचिव परिवहन को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा सभी बस स्टेशनों एवं रेलवे स्टेशनों एवं आसपास आवारा पशुओं एवं गौवशों को स्थानीय निकायों की सहायता से यथोचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने इन पशुओं को स्थानीय लोगों द्वारा गोद लेने के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाने की भी बात कही। पालतू जानवर रखने वालों के लिए 'क्या करें, क्या न करें' एसओपी तैयार की जाए। इस अवसर पर सचिव नितेश कुमार झा, डॉ. आर. राजेश कुमार, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय एवं अपर सचिव विनीत कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# महत्वपूर्ण दस्तावेजों के सत्यापन की कार्रवाई नियमित की जाए : धामी

- मुख्यमंत्री ने की देहरादून जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा
- समन्वय और समयबद्धता पर दिया जोर
- दस्तावेजों के सत्यापन और अतिक्रमण पर सख्ती के दिऐ निर्देश, विकास के साथ ही नवाचार पर भी ध्यान दें अधिकारी : सीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने

अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़कों से जुड़े निर्माण कार्यों के दौरान बिजली, पानी, गैस की भूमिगत लाईन सहित अन्य जो भी कार्य होने हैं, उन्हें संबंधित विभाग आपसी समन्वय कर निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण करें। सभी विभाग वर्षभर में प्रस्तावित कार्यों को सूचीबद्ध कर कार्य करें। उन्होंने जिलाधिकारी देहरादून को निर्देश दिये कि इसके लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर समय निर्धारित करते हुए ही कार्य करने की अनुम. ति दी जाए। साथ ही आंतरिक सड़कों के रख-रखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

गुरुवार को राजपुर रोड स्थित वन मुख्यालय के मंथन सभागार में देहरादून जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर, बिजली के बिल और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों के सत्यापन की कार्यवाही नियमित की जाए। जिन लोगों के गलत तरीके से दस्तावेज बने हैं, उनको निरस्त करने की कार्यवाही निरंतर की जाए और गलत प्रमाण पत्र जारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने जिला प्रशासन, वन विभाग, एमडीडीए, एवं नगर निगम अतिक्रमण हटाने की भी निरंतर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में नियमित कार्यों के साथ-साथ नवाचार आधारित विकास कार्यों को भी प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क एवं कॉरिडोर के विस्तार व सुधार कार्यों से देहरादून की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे शहर में पर्यटकों एवं आमजन की आवाजाही बढ़ेगी। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास योजनाओं को और गति देने की आवश्यकता है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों के विचार-विमर्श कर योजनाओं पर कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से जन समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि जो लोग जिन योजनाओं के तहत पात्रता की श्रेणी में हैं, उन्हें योजनाओं का लाभ अवश्य मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता, समयबद्धता और जनहित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सभी विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। शीतकाल को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने महिलाओं एवं बुजुर्गों के प्रति विशेष संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के रैन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों पर ठंड से बचाव के लिए अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान पुलिस को यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने, रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने, नशा मुक्ति अभियान के तहत नियमित जागरूकता के साथ ही रैण्डम चौकिंग करने के निर्देश भी दिये।

कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री श्री सुबोध उनियाल ने कहा कि कार्यों में तेजी लाने के लिए सभी विभागों आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। कार्यों की प्राथमिकता तय कर उनको समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में और अधिक प्रभावी प्रयास करने होंगे।बैठक में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायकगण खजान दास, विनोद चमोली, उमेश शर्मा काऊ, सविता कपूर, बृज भूषण गैरोला, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, मेयर ऋषिकेश शंभू पासवान, एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल , मुख्य नगर आयुक्त नमामि बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, डीएफओ अमित कंवर, सीएमओ डॉ एमके शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, एसडीएम हरि गिरी, एस.एल.ई.ओ. स्मृता प्रमार, एसडीएम कुमकुम जोशी, परियोजना निदेशक डीआरडीए विक्रम सिंह सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### डीएम ने दी जनपद में संचालित विकास कार्यों की प्रगति एवं प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी

जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल ने जनपद में संचालित विकास कार्यों की प्रगति एवं प्रमुख उपलब्धियों के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि समान नागरिक संहिता के अंतर्गत जिले में अब तक 61 हजार पंजीकरण किए जा चुके हैं। सीएम हेल्पलाइन पर पंजीकृत 7,662 शिकायतों में से 6,480 का निस्तारण किया जा चुका है, जबकि शेष शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जा रहा है। जनपद में 3,58,536 राशन कार्डों में से 2,81,366 का सत्यापन करते हुए 5,590 कार्ड निरस्त किए गए हैं। इसी प्रकार 12,06,960 आयुष्मान कार्डों में से 1,36,676 का सत्यापन कर 9,428 कार्ड निरस्त किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 57 हेक्टेयर अतिक्रमित भूमि में से 47 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जा चुका है।

जिलाधिकारी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के चार प्रमुख प्रोजेक्ट सहित रिस्पना एवं बिंदाल एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजनाएं प्रगति पर हैं। साथ ही पांवटा साहिब-बल्लूपुर फ्लाईओवर निर्माण कार्य अंतिम चरण में है तथा दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से जुड़ने वाली चार लेन ग्रीनफील्ड सड़क का निर्माण भी जारी है। जिला चिकित्सालय गांधी शताब्दी में मॉडल टीकाकरण केंद्र, रक्त गरुड़ वाहन सेवा एवं 12 बेडेड एसएनसीयू की स्थापना की गई है। प्रोजेक्ट उत्कर्ष के अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं एवं खेल सामग्री का प्रावधान किया गया है। बाल भिक्षावृत्ति निवारण के तहत 267 बच्चों का रेस्क्यू कर 154 को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा गया है। नंदा-सुनंदा परियोजना के अंतर्गत 93 बालिक. ाओं को अब तक 33 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण किया गया है तथा परेड ग्राउंड, तिब्बती मार्केट एवं दून अस्पताल में ऑटोमेटिक पार्किंग का निर्माण किया गया है।

# मनरेगा पर हमला बर्दाश्त नहीं, देश व्यापी अभियान चलाएगी कांग्रेसः प्रभारी

## कांग्रेस का बड़ा एलानः सड़क से सदन तक चलेगा संघर्ष, हम डरने वाले नहीं

- गरीब के हाथ में कटोरा थमा रही सरकारः शैलजा
- सुबूत नष्ट करने वालों पर भी हो मुकदमाः गोदियाल
- महिला अस्मिता और रोजगार बचाने को व्यापक स्तर पर होगा आंदोलन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने गुरुवार को देहरादून के एक होटल में आयोजित संगठनात्मक बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा सरकार पर तीखा और सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मनरेगा को कमजोर करना भाजपा की सोची-समझी साजिश है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। इसके लिए पूरे देश में और उत्तराखंड में आंदोलन की चिंगारी सुलगा दी गई है।

कुमारी शैलजा ने कहा कि बैठक में स्पष्ट रणनीति और समय-सारिणी तय की गई है। 10 जनवरी से 15 फरवरी तक देशभर में चरणबद्ध आंदोलन होगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा के बजट में कटौती कर ग्रामीण गरीबों की रोटी छीनने का काम किया है। मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल रही, 100 दिन के रोजगार को कागजों तक सीमित कर दिया गया है और तकनीकी बहानों से काम रोका जा रहा है। कहा कि मनरेगा गरीब का अधिकार है, भाजपा की दया नहीं। केंद्र सरकार गरीब के हाथ में कटोरा थमा रही है। कांग्रेस इसे खत्म नहीं होने देगी।

10 जनवरी को प्रदेश के सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके केंद्र सरकार के गलत फैसलों को सामने लाया जाएगा। 11 जनवरी को एक दिन का अनशन किया जाएगा। 11 से 29 जनवरी तक गांव दर गांव चौपाल होगी, ग्रामीणों को खड़गे और राहुल का संदेश पहुंचाया जाएगा। 30 को धरना दिया जाएगा। 31 से 6 फरवरी तक मनरेगा बचाव धरना प्रदर्शन जिला मुख्यालयों में आयोजित किए जाएंगे। 7 से 15 फरवरी के बीच किसी एक दिन विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

### लड़ाई लंबी है, पीछे नहीं हटेगी कांग्रेसः गोदियाल

अंकिता मामले को पहले दिन से ही कमजोर करने की कोशिश की गई। रिसॉर्ट में बुलडोजर चलाया गया, सीएम ने खुद श्रेय लिया, अभी तक सुबूत नष्ट करने वालों पर कार्यवाही क्यों नहीं हुई। एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस को डराने के लिए मुकदमा कराया गया है, हम डरने वाले नहीं हैं, नोटिस का जवाब दिया जाएगा। लड़ाई लंबी है, कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी। प्रेस वार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, करन माहरा, पूर्व मंत्री नव प्रभात, हरक सिंह रावत, विधायक काजी निजामुद्दीन, ममता राकेश, विक्रम सिंह नेगी, फुरकान अहमद, पूर्व संसद प्रदीप टम्टा, गुरदीप सप्पल, राजीव महर्षि आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में यंग लीडर्स की अहम भूमिका : सीएम

## मुख्यमंत्री ने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के प्रतिभागियों को दी शुभकामनाएं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अभिनव पहल "यंग लीडर्स डायलॉग" की सराहना की। भारत मंडपम नई दिल्ली में 09 से 12 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में प्रतिभाग के लिए चयनित युवाओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल देश के युवाओं को नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का एक सशक्त मंच प्रदान करती है।



उन्होंने प्रतिभागी युवाओं के साथ उनके शिक्षकों को भी बधाई देते हुए कहा कि लाखों विद्यार्थियों में से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग संवाद कार्यक्रम से जुडना अपने आप में गर्व का विषय है। यह केवल एक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास बढ़ाने और राष्ट्रीय स्तर पर अनुभव प्राप्त करने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को देशभर के प्रतिभाशाली साथियों से सीखने और संवाद करने का अवसर मिलेगा, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में यंग लीडर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। आने वाले समय में यही युवा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार, नेतृत्व क्षमता और उत्कृष्टता के साथ देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत उस दौर में खड़ा है, जहां केवल सपने नहीं देखे जाते, बल्कि उन्हें संकल्प के साथ साकार किया जाता है। अंतरिक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल सहित हर क्षेत्र में भारतीयों ने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनायी है इसी का प्रतिफल है कि आज देश का तिरंगा गौरव के साथ देश-विदेश में लहरा रहा है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सीख दी कि वे इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाएं ताकि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें।

इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या, निदेशक खेल आशीष चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जोशी ने उत्तराखंड के वस्त्र, हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र की संभावनाओं को किया पेश

## कृषि मंत्री नेताओं गुवाहाटी में राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन में मुख्यमंत्री धामी के प्रतिनिधि के रूप में किया प्रतिभाग



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/गुवाहाटी।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने असम के गुवाहाटी में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रति. निधि के रूप में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ विभिन्न राज्यों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन भी किया। उत्तराखण्ड से प्राप्त प्रस्तावों पर केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय ने सकारात्मक आश्वासन दिया है।

बैठक में कृषि मंत्री जोशी ने राष्ट्रीय मंच पर उत्तराखंड के वस्त्र, हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र की व्यापक संभावनाओं को प्रस्तुत किया। उन्होंने केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय को सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड और असम जैसे हिमालयी एवं पूर्वोत्तर राज्य साझा चुनौतियों और अवसरों से जुड़े हुए हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल विजन तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड अपने पारंपरिक वस्त्र उद्योग को आधुनिक स्वरूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग 12 हजार बुनकर एवं 26 हजार हस्तशिल्पी इस क्षेत्र से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हैं। उत्तराखंड में प्रतिवर्ष लगभग 4,616 कुंटल ऊन का उत्पादन होता है और मेरिनो व अंगोरा ऊन के लिए राज्य की जलवायु अत्यंत अनुकूल है।

जोशी ने प्राकृतिक रेशों पर जोर देते हुए कहा कि बिच्छू घास (हिमालयन नेटल) और औद्योगिक भांग के रेशों से वस्त्र निर्माण में उत्तराखंड अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जो सस्टेनेबल फैशन का भविष्य है। उन्होंने कहा कि राज्य में उच्च गुणवत्ता वाले बाइवोल्टाइन सिल्क का उत्पादन हो रहा है, जो आयातित रेशम का मजबूत विकल्प बन रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के माध्यम से कारीगरों को डिजाइन, प्रशिक्षण और विपणन सहयोग दिया जा रहा है। महिला स्वयं सहायता समूहों को कौशल विकास से जोड़ा गया है तथा ई-मार्टप्लेस, हिमाद्रि एम्पोरियम और विभिन्न मेलों के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य के 29 उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है, जिनमें 10 हथकरघा एवं हस्तशिल्प उत्पाद शामिल हैं।

रेशम क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड ने रेशम कीट बीज उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल की है। वर्ष 2025-26 में 7. 585 लाख डीएफएल्स का उत्पादन किया गया, जिससे विशेषकर महिला कीटपालकों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और वे लखपति दीदी बनी हैं। पौड़ी के यमकेश्वर में एसपीवी मॉडल पर स्थापित रेशम क्लस्टर को उन्होंने अन्य पर्वतीय राज्यों के लिए आदर्श बताया। सम्मेलन के दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के समक्ष पहाड़ी राज्यों के लिए मिनी टेक्सटाइल पार्क नीति, ऊन प्रसंस्करण हेतु विशेष पैकेज, बिच्छू घास व हेम्प को राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन में शामिल करने, हथकरघा-हस्तशिल्प उत्पादों पर ट्रांसपोर्ट सब्सिडी तथा उत्तराखंड में निफ्ट के एक्सटेंशन सेंटर की स्थापना सहित पांच महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे।

# बिजली घर से केबिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार दबोचे

- थानाध्यक्ष विकेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने 230 मीटर केबिल व कार समेत शातिर चोरों को दबोचा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** एसएसपी देहरादून के कड़े निर्देशों के बाद रानीपोखरी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थानाध्यक्ष विकेन्द्र चौधरी की अगुवाई में पुलिस टीम ने विद्युत उपसंस्थान रानीपोखरी में हुई केबिल चोरी की सनसनीखेज वारदात का मात्र कुछ ही दिनों में सफल अनावरण कर दिया है। पुलिस ने गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई 230 मीटर एबी केबिल, 6 इंसुलेटर और घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है।

बीती 29 दिसंबर की रात अज्ञात चोरों ने रानीपोखरी विद्युत उपसंस्थान से भारी मात्रा में केबिल और इंसुलेटर पार कर दिए थे। बिजली विभाग के अवर अभियंता ऋषिराम क्षेत्री की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष विकेन्द्र चौधरी ने तुरंत पुलिस टीम का गठन किया और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

बुधवार रात चौकिंग के दौरान सूर्यधार रोड पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम ने एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार को रोका। तलाशी लेने पर कार के भीतर से चोरी की गई भारी-भरकम केबिल, इंसुलेटर और केबिल काटने के औजार बरामद हुए। कर सवार आरोपियों सुहेल निवासी सहारनपुर यूपी,सर्वेश कुमार निवासी उत्तरकाशी,मनमोहन निवासी उत्तरकाशी व अरविन्द निवासी चकराता देहरादून से जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ कि तो चोरी की बात कबूल कर ली।मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विकेन्द्र चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में से सर्वेश के खिलाफ पहले भी टिहरी गढ़वाल में चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। गिरोह का एक अन्य सदस्य अंकित (उत्तरकाशी) फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। चोरी की घटना में एक यूटिलिटी वाहन का भी इस्तेमाल किया गया था, जिसे जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

## उत्तराखंड पुलिस के जवान आरक्षी किशन सिंह का विदेश मंत्रालय में चयन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड पुलिस के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। नैनीताल जनपद में तैनात आरक्षी (कांस्टेबल) किशन सिंह का चयन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय में 'सुरक्षा सहायक' के पद पर हुआ है। उनकी इस सफलता से विभाग में खुशी की लहर है।किशन सिंह को विदेश मंत्रालय में अधिकतम 4 वर्ष की प्रतिनियुक्ति पर तैनात किया गया है। यह चयन उनके अनुशासित करियर और उत्कृष्ट सेवा रिकॉर्ड के आधार पर हुआ है।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने किशन सिंह को बधाई देते हुए कहा, यह उत्तराखंड पुलिस के लिए गर्व का क्षण है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि किशन सिंह अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे और केंद्र सरकार में प्रदेश का मान बढ़ाएंगे। किशन सिंह वर्तमान में नैनीताल जनपद में कार्यरत।

## स्व. अंकिता भंडारी के नाम पर होगा राजकीय नर्सिंग कॉलेज डोभ (श्रीकोट)

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्काल अमल-शासनादेश हुआ जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राजकीय नर्सिंग कॉलेज डोभ (श्रीकोट) पौड़ी का नाम परिवर्तित करते हुए 'स्व. अंकिता भंडारी राजकीय नर्सिंग कॉलेज डोभ (श्रीकोट) पौड़ी' किया गया है। इस संबंध में चिकित्सा सवास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार के द्वारा गुरुवार को कार्यालय ज्ञाप जारी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गत दिवस स्व. अंकिता के माता-पिता से भेंट कर दोहराया था कि था सरकार पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने स्व. अंकिता भंडारी के माता-पिता के द्वारा प्रस्तुत मांगों पर विधि-सम्मत, निष्पक्ष एवं त्वरित कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुए कहा कि उन्हें न्याय दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## दून में उर्मिला सनावर से हुई पूछताछ में पुलिस को मिलेगी केस में नई कड़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।**उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। मामले की जांच कर रही पुलिस और संबंधित एजेंसियों ने अब उर्मिला सनावर को देहरादून बुलाकर उनसे गहन पूछताछ की है। बताया जा रहा है कि इस मामले में कुछ नए साक्ष्यों और कड़ियों को जोड़ने के लिए यह पूछताछ बेहद अहम मानी जा रही है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस प्रशासन ने उर्मिला सनावर को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था, जिसके बाद वह देहरादून पहुंचीं। पुलिस की एक विशेष टीम ने उनसे कई घंटों तक पूछताछ की। सूत्रों का कहना है कि पुलिस अंकिता भंडारी मामले से जुड़े कुछ ऐसे पहलुओं की पड़ताल कर रही है, जिनका संबंध पूर्व में हुई कुछ घटनाओं या सोशल मीडिया पर वायरल हुए दावों से हो सकता है। हालांकि पुलिस की ओर से आधिकारिक तौर पर पूछताछ के विवरण को सार्वजनिक नहीं किया गया है।सूत्रों के मुताबिक सोशल मीडिया किये गये दावे को लेकर उर्मिला सनावर से पूछताछ की गई है और उनके द्वारा दिए गए परमाण की सत्यता को रखने का काम किया गया है। इस दौरान जांच कर रहे अधिकारियों ने उर्मिला से पूछा है कि क्या उनके पास कोई ऐसा तथ्य या दस्तावेज है जो जांच की दिशा बदल सकता है।

### अंकित भंडारी मामले में फिर गर्माहट

सितंबर 2022 में ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम करने वाली अंकिता भंडारी की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में रिसॉर्ट मालिक पुलकित आर्य समेत तीन आरोपी फिलहाल जेल में हैं। लंबे समय से अंकिता के माता-पिता और विभिन्न संगठन 'वीआईपी' के नाम के खुलासे की मांग कर रहे हैं, जिसका जिक्र अंकिता और अन्य कर्मचारियों के बीच हुई बातचीत में आया था।उर्मिला सनावर से हुई पूछताछ के बाद अंकिता के परिजनों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन किसी भी नए तथ्य को नजरअंदाज नहीं करेगा। अंकिता के पिता का कहना है कि वे पिछले कई वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# दो वाहन चोर गिरफ्तार, चार बाइकें बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** कोतवाली पुलिस ने दो शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की गई चार बाइक बरामद की हैं। बीती 16 नवंबर को कुण्डेश्वरी चौराहा के पास से तथा 5 जनवरी को उदयराज फील्ड से चोरी की गई बाइकों को बरामद करने के प्रयास में जुटी कोतवाली पुलिस की टीम ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर मानपुर रोड स्थित नौगजा मजार के पास दो व्यक्तियों मलखान सिंह पुत्र रूप सिंह निवासी कुमाऊं कालोनी कचनाल गाजी काशीपुर तथा बलदेव सिंह उर्फ बिरजू पुत्र भजन सिंह निवासी रम्पुरा रामनगर रोड काशीपुर को बिना नम्बर प्लेट की मोटर साईकिल के साथ पकड़कर पूछताछ की तो उक्त मोटर साईकिल कोतवाली में दर्ज मुकदमे से सम्बन्धित पायी गयी तथा उनकी



निशानदेही पर नौगजा मजार के पास झाड़ियों मे छुपाई तीन अन्य मोटर साइकिलें बरामद की गयीं जिनमे से एक मोटर साइकिल कोतवाली काशीपुर में दर्ज एक और मुकदमे से सम्बंधित निकली। पकड़े गए युवकों द्वारा पूछताछ में काशीपुर तथा आईटीआई क्षेत्र से उक्त मोटरसाइकिल चोरी करने की बात बताई। अन्य दो मोटर साइकिलों को धारा 35/106 बीएनएसएस के अंतर्गत कब्जे पुलिस लिया गया। साथ ही मलखान और बलदेव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक दोनों शातिर हैं और उनका लंबा आपराधिक इतिहास है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी, एसएसआई नवीन बुधानी, एसआई कौशल भाकुनी चौकी प्रभारी कटोराताल, एसआई गिरीश चंद्रा, एसआईकंचन पडलिया, कांस्टेबल प्रेम सिंह कनवाल कांस्टेबल गिरीश मठपाल, कांस्टेबल ईश्वर सिंह अधिकारी, पुलिस सहयोगी राहुल व माजिद थे।

# सांसद अजय भट्ट से राजस्व गांव अधिसूचना की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** वन अधिकार समिति बिंदुखत्ता और पूर्व सैनिक संगठन ने सांसद अजय भट्ट को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग की गई। ज्ञापन में यह आरोप लगाया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के बाद, अब वन अधि. नियम के तहत सामूहिक दावे को निरस्त करने



की कोशिश की जा रही है। समिति ने जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा वन अधिकार अधिनियम के विपरीत आपत्तियां लगाने और प्रस्ताव को निचली समितियों को पुनः भेजे जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। इसके अलावा, राज्य निगरानी समिति और मुख्य सचिव के पास दर्ज आपत्ति पर अब तक कोई सुनवाई न होने को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। शिष्टमंडल ने मुख्य सचिव से शीघ्र सुनवाई सुनिश्चित करने और पूर्व जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की आख्या के आधार पर बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित करने की अधिसूचना जारी करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में वन अधिकार समिति के अध्यक्ष अर्जुन नाथ गोस्वामी, पूर्व सैनिक संगठन से कैप्टन चंचल सिंह कोरंगा, कैप्टन प्रताप सिंह बिष्ट, कैप्टन हीरा सिंह बिष्ट, कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत नेगी और श्री दीपक जोशी उपस्थित रहे।

## घास जलाने गई महिला का शव मिला

**बागेश्वर।** जिले के मनकोट गांव की 65 वर्षीय महिला देवकी देवी का शव बुधवार शाम को मिला। महिला अपने बेटे के साथ घास के ढेर में लगी आग बुझाने गई थी, लेकिन अचानक वह लापता हो गई। बेटे ने ग्रामीणों और पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद तलाश शुरू की गई। देर रात, करीब 11 बजे महिला का शव करीब दो किमी दूर मालता के जंगल में एक गुफा के पास मिला। शव पर जंगली जानवर द्वारा घसीटे जाने और सिर में गंभीर चोटों के निशान थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि महिला पर गुलदार ने हमला किया। पुलिस और वन विभाग की टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा और फॉरेंसिक जांच के लिए भी भेजा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से तेंद.आ नजर आ रहा था और घटना के दौरान भी महिला के शव के पास तेंद.आ देखा गया था। महिला के परिजनों और ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगली जानवरों के बढ़ते खतरे को रोकने के लिए पिंजरे लगाने की अपील की है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है और जन प्रतिनिधियों ने मृतक के परिवार को सांत्वना दी है।

## प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** गुरुवार को जिला सभागार में सातवीं लघु सिंचाई संगणना के क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिलाधिकारी ने संगणना कार्य के प्रभावी क्रियान्वयन, निगरानी और अनुश्रवण के लिए चयनित संस्थाओं और लघु सिंचाई विभाग को दिशा-निर्देश दिए। कार्यशाला में सातवीं लघु सिंचाई, जल निकाय, मध्यम एवं वृहत सिंचाई संगणना कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। लघु सिंचाई के अधिशासी अभियंता भरत प्रकाश ने बताया कि यह संगणना मोबाइल ऐप आधारित डिजिटल प्रणाली से की जाएगी।

## एक नजर

### नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बिट्टू का चयन

**अल्मोड़ा।** सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशीप बिट्टू कनवाल का चयन हुआ हैं। उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। बीते



दिनों रामनगर में हुए ट्रायल में बिट्टू ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया था। जिसकी बदौलत उनका चयन सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशीप के लिए हुआ हैं। यह प्रतियोगिता नोएडा में आयोजित होनी हैं। वही, बीते ने अब तक ऑल इंडिया नेशनल मेडल, इंडिया कैंप, थाई बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक के साथ ही कई राष्ट्रीय वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर चुके है। उनकी इस उपलब्धि पर राज्य बॉक्सिंग संघ के सचिव गोपाल खोलिया, बैडमिटन संघ के सचिव बीएस मनकोटी, देव सिंह, वीरेंद्र कनवाल, पुष्कर सिंह, दीपक आर्य, अक्कू कनवाल, गोलू, राजेंद्र कनवाल, संजीव, विनय, विजय, चंदन, अभिषेक राणा, नवनीत जोशी, सुंदर कनवाल समेत कई खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है।

### चतुर्थ वर्गीय राज्य कर्मचारियों की बैठक

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड चतुर्थ वर्गीय राज्य कर्मचारी महासंघ शाखा अल्मोड़ा की गुरुवार को आम सभा हुई। इस दौरान विभिन्न समस्याओं को लेकर कर्मचारियों ने नाराजगी जताई। प्रथम नियुक्ति में आई वेतन विसंगति को दूर करते समेत अन्य समस्याओं के निदान की मांग की। नगर के प्रेरणा सदन थपलिया में आयोजित बैठक में पूर्व कोषाध्यक्ष आनन्द बल्लभ काण्डपाल के अधिवर्षिता आयु पूरी करने पर सर्व सहमति से मुकेश नगरकोटी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा समस्याओं पर चर्चा कर कहा कि शासन ने फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों का ग्रेड वेतन 1900 कर दिया है, लेकिन कार्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का ग्रेड वेतन 1800 ही अनुमन्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का ग्रेड वेतन समान रूप से 19 सौ अनुमन्य करने की मांग की यहां कर्मचारियों ने ग्रेड वेतन संशोधित ना करते हुए 18 सौ ही अनुमन्य करने की मांग की। जिलाध्यक्ष ललित तिवारी, महामंत्री महेश आर्या, हुकुम सिंह बनौला, हरि प्रसाद, रमेश कनवाल, संतोष बिष्ट, लक्ष्मण गिरी, विकास टम्टा, किशन सिंह, नंदन बिष्ट, सुनीता फर्त्याल, पान सिंह, हरीश बिष्ट, महेंद्र सिंह कनवाल, मोहनी भट्ट, महेंद्र नेगी, त्रिलोक सिंह फर्त्याल, नीमा टम्टा रहीं।

### विधायक ने किया एक और सड़क का शिलान्यास

**काशीपुर।** विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बांसखेड़ी में 10 लाख की लागत से बनने वाले टाइलस मार्ग का शिलान्यास विधायक त्रिलोक सिंह चीमा द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक चीम ने कहा कि उनका प्रयास है कि उनके क्षेत्र में समुचित विकास हो, इसके लिए वे जैसे-जैसे धन की उपलब्धता होती है उसी के अनुसार विकास कार्यो को किया जाता है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष गुप्ता, प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा मनोज प्रजापति, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, मंडल महामंत्री बबलू सैनी, भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष गुरबख्श सिंह बग्गा सहित ग्राम सभा वासी उपस्थित रहे।

### एनएसएस शाखा स्वयं सेवकों ने रैली निकाली

**काशीपुर।** अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज प्रतापपुर की एनएसएस शाखा इकाई के तत्वावधान मे आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पां. चवें दिन स्वयं सेवियों ने सघन स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वहीं मतदाता जागरूकता के साथ साथ नशामुक्ति जन जागरुकता रैली भी निकाली गई। बौद्धिक सत्र के दौरान डॉ. मणि मेहरा ने पशुओं से संबंधित रोगों की जानकारी और उनके टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं कार्यक्रम अधिकारी कमलेश ऐरी समेत वक्ताओं ने डिजिटल अरेस्ट और साइबर सुरक्षा के संदर्भ में स्वयं सेवकों को जागरूक किया। पूर्व प्रधानाचार्य आरसी पांडेय ने समाज सेवा का भाव रखते हुए स्वयं सेवकों से अपने लक्ष्य की बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एलडी कबडवाल, जीवन सिंह, राजेंद्र सिंह, रावत नवनीत, देवल समेत स्वयं सेवक मौजूद रहे।

### उत्तरायणी मेले के पोस्टर का विमोचन

**बागेश्वर।** सरयू और गोमती के संगम पर 13 जनवरी से 20 जनवरी तक आयोजित होने वाले ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले के पोस्टर एवं आमंत्रण पत्र का विमोचन गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर बागेश्वर विधायक पार्वती दास, कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, मेलाधिकारी प्रियंका रानी सहित सभी सभासद एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### अजब: जुड़ा भाई-बहन का एक ही आधार नम्बर

**बागेश्वर।** कपकोट शामा बड़ी पन्याली गांव से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गांव के निवासी कुंदन सिंह के जुड़वा बच्चों (भाई-बहन) का आधार नंबर एक ही जारी हुआ है। जिससे उन्हें पहचान सहित अन्य सरकारी सेवाओं का लाभ मिलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण कुंदन ने बताया कि बेटी काजल व बेटा कुणाल के दस्तावेजों में अलग अलग पहचान होने के बावजूद आधार संख्या एक ही दर्ज है। आधार केंद्र के इस त्रुटि के कारण बच्चों के भविष्य से जुड़ी भविष्य में परेशानियां खड़ी हो सकती हैं।

### मनोज बचखेती ने पास की परीक्षा

**बागेश्वर।** मनोज बचखेती ने ऑल इंडिया बार काउंसलिंग की परीक्षा पास की है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उनकी मेहनत और समर्पण को दर्शाती है। मनोज चंद्र बचखेती की इस सफलता पर उनके परिवार, दोस्तों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### दो छात्राओं ने किया नाम रोशन

**काशीपुर।** 11वीं राष्ट्रीय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता नागपुर महाराष्ट्र में उत्तराखंड की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 4 जनवरी से 7 जनवरी तक में टीम इवेंट में कांस्य पदक जीत कर उत्तराखंड राज्य का नाम रोशन किया है, जिसमें श्री गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की अनुष्का ने दो विधाओं में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया, तो वहीं पर प्रबनीत कौर ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर अपने विद्यालय, क्षेत्र और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों व उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैंडिल मार्च निकाला

**बागेश्वर।** राष्ट्रीय कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष गोपा धपोला के नेतृत्व में गुरुवार को कांडा में अंकिता भंडारी हत्या कांड में वीआईपी का खुलासा करने की मांग को लेकर केंडिल मार्च निकाला गई। इस मौके पर अध्यक्ष धपोला ने कहा कि यह लड़ाई किसी एक परिवार की नहीं है यह हर बेटी की सुरक्षा, हर बहन के सम्मान और समाज की आत्मा को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि मामले में वीआईपी का आज तक खुलासा नहीं हुआ है, इस बीच सोशल मीडिया में एक नाम बहुत चर्चाओं ने रहा। जिसे बचाने के लिए पूरी भाजपा सरकार जुट गई है। जबकि प्रदेश की जनता भली भांति जानती है। इस मौके पर पूजा आर्या, दीपा देवी, अनुज कुमार, प्रमोद सिंह, ललित सिंह, खुशहाल सिंह, मनोज कुमार, हर्ष सिंह, हीरा देवी, पंकज सिंह, हीरा देवी, अनुज, ममता, पुष्पा आदि शामिल थे।

# ग्रामीणों ने डीएम से समाधान की गुहार लगाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** पीएमजीएसवाई द्वारा बनाई जा रही लगभग साढ़े पांच किमी मोटर मार्ग में गांव के एक ग्रामीण द्वारा विरोध किए जाने पर ग्रामीणों ने डीएम से समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जिस ग्रामीण द्वारा सड़क का विरोध किया जबड़ा है, वह भूमि नाप नहीं बल्कि वर्ग चार पांच की भूमि है। जबकि विभाग ने सड़क निर्माण के लिए सर्वे करने बाद सड़क कटान हेतु निविदा प्रकाशित की जा चुकी है। जिला पंचायत सदस्य हेमलता एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनीता भाकुनी के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि धाम सिंह भाकुनी द्वारा क्षेत्र पंचायत सदस्य गड़ेरा सुनीता भाकुनी एवं पूरे गांव वालों को गली गलौज एवं सड़क का विरोध किया जा रहा है। जबकि ग्रामीणों द्वारा उक्त भूमि के संबंध में राजस्व विभाग से भी पूरी जानकारी जुटा ली है। जिस भूमि का ग्रामीण द्वारा विरोध किया जा रहा है वह भूमि सरकारी भूमि में आती है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने कार्यदाई संस्था पीएमजीएसवाई से शीघ्र मोटर मार्ग का निर्माण करने की मांग की है। मांग करने वालों में जिला पंचायत सदस्य हेमलता देव, अर्जुन देव, क्षेत्र पंचायत सुनीता भाकुनी, सुरेंद्र सिंह, भगवत सिंह, मेहमान सिंह, बिक्रम सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह, कमला भाकुनी, विमला देवी , सरस्वती देवी सहित अन्य शामिल थे।

# पालिकाध्यक्ष ने एसडीएम को बताई समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रेखा कत्यूरा ने उपजिला. धिकारी विपिन चंद्र पंत से शिष्टाचार भेंट की और नगर क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र समाधान की अपील की। अध्यक्ष ने कूड़ा निस्तारण की गंभीर समस्या का जिक्र करते हुए टचिंग ग्राउंड के लिए उपयुक्त भूमि की मांग की। साथ ही, गंदे पानी की निकासी और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करने के लिए भी भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इसके अलावा, बढ़ती पार्किंग समस्या और अव्यवस्थित पार्किंग से उत्पन्न होने वाली जाम की स्थिति को लेकर स्थायी पार्किंग व्यवस्था बनाने की भी मांग की गई। स्वास्थ्य



सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता पर भी ध्यान दिलाते हुए, अध्यक्ष ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ और अल्ट्रासाउंड मशीन की उपलब्धता की मांग की। कालाढूंगी मुख्य बस स्टैंड में शराब की दुकानों के अनियंत्रित स्थानों पर खोलने के प्रस्ताव पर भी आपत्ति जताई और इन्हें उचित स्थानों पर स्थानांतरित करने की मांग की। एसडीएम विपिन चंद्र पंत ने सभी समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वा. सन दिया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा, अधिशासी अधिकारी अभिनव कुमार, सभासद नसीम जहां और पूर्व सभासद शहिद अहमद भी मौजूद रहे।

## केडीएफ ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** काशीपुर के समग्र एवं योजनावद्ध विकास को लेकर काशीपुर डेवलपमेंट फोरम (केडीएफ) का एक प्रतिनिधि मंडल जिलास्तरीय विकास प्राधिकरण के वाइस चेयरमैन जय कृष्ण (आईएएस) से मिला और नगर से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण विकासात्मक समस्याओं एवं प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा करते हुए ज्ञापन सौंपा। केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई ने वाइस चेयरमैन को अवगत कराया कि द्रोणासागर, जो कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का ड्रीम प्रोजेक्ट है, को 13 डेस्टिनेशन 13 डिस्ट्रिक्ट योजना के अंतर्गत पर्यटन विभाग द्वारा विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के प्रथम चरण का कार्य कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। कहा कि द्रोणासागर के प्रथम चरण के स्थायी रखरखाव एवं संचालन हेतु मेयर दीपक बाली की मांग का समर्थन करते हुए, केडीएफ द्वारा यह आग्रह किया गया है कि समुचित व्यवस्था हेतु द्रोणासागर क्षेत्र का रखरखाव नगर निगम काशीपुर को अधिकृत किया जाए। प्रतिनिधि मंडल ने बाजपुर रेलवे फाटक पर अंडरपास के निर्माण कार्य का विषय भी प्रमुखता से उठाया। इस अवसर पर केडीएफ के सचिव चक्रेश जैन ने वाइस चेयरमैन से काशीपुर मास्टर प्लान को शीघ्र लागू किए जाने की मांग रखी। साथ ही उन्होंने प्रस्तावित महावीर चौक के निर्माण कार्य में जैन समाज की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। वाइस चेयरमैन ने अवगत कराया कि काशीपुर में बहुत शीघ्र कई महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय विकास योजनाएं प्रारंभ होने जा रही हैं। उन्होंने काशीपुर में सकारात्मक, सहयोगात्मक एवं विकासोन्मुख वातावरण बनाए रखने हेतु पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# अल्मोड़ा में विभिन्न संगठनों की आक्रोश रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अंकिता भंडारी हत्याकांड में सीबीआई जांच की मांग को लेकर गुरुवार को विभिन्न संगठनों ने शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने माल रोड से मुख्य बाजार तक आक्रोश रैली निकाली। रैली के दौरान पूरा शहर अंकिता को न्याय दो, सीबीआई जांच कराओ और दोषियों को सजा दो के नारों से गूंज उठा। आक्रोश रैली में महिलाओं, युवाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रैली में लोगों का आक्रोश साफ तौर पर नजर आया। वक्ताओं ने कहा कि अंकिता भंडारी के माता-पिता लगातार सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी आवाज को



दबाने का काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने से साथ ही जब तक दोषियों को सजा नहीं कराई जाती, तब तक आम जनता चुप नहीं बैठने वाली। कहा कि यह लड़ाई केवल अंकिता के लिए नहीं, बल्कि उत्तराखंड की हर बेटी के न्याय और सुरक्षा की लड़ाई है। विभिन्न संगठनों की आक्रोश रैली को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा। यहां पीसी तिवारी, विनय किरौला, मौहम्मद शाकिब, नारायण राम गोपाल राम किरन आर्य, प्रकाश चंद्र हेमचंद्र पांडे, भारती पांडे, जीवन चंद्र, ईश्वरी दत्त जोशी, सुनीता पांडे, दयाकृष्ण कांडपाल, जगत रौतेला, विनोद तिवारी, गिरीश नाथ गोस्वामी, भास्कर भौर्याल, मनोज बिष्ट, भुवन कठैत, नीमा आर्या, आशीष जोशी, नीरज पंत, वैभव जोशी, सुशील शाह, ललित मोहन जोशी मौजूद रहे।

# भावना वर्मा ने किया नामांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** फरवरी में होने वाले बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के चुनाव में सदस्य पद के लिए भावना वर्मा एडवोकेट ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन



दाखिल कर दिया। विदित हो कि आगामी 17 फरवरी को होने वाले बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। इसी के क्रम में काशीपुर बार की सशक्त महिला प्रत्याशी भावना वर्मा एडवोकेट ने अपने समर्थकों के साथ बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड कार्यालय नैनीताल में अपना नामांकन दाखिल किया है। बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के चुनाव की प्रक्रिया में 30 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड में कुल 25 सदस्यों को चुना जाना है, जिसमें से 23 सदस्य चुनाव द्वारा चुने जाएंगे जबकि 2 सदस्य मनोनीत किए जाएंगे। उक्त सदस्यों में से 5 महिला सदस्य चुनाव द्वारा चुनी जाएंगी। भावना वर्मा के नामांकन में मुख्य रूप से पूरन सिंह रावत वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय, विपिन अग्रवाल पूर्व एडीजीसी, सुरेंद्र सिंह, विकास वर्मा, विवेक शर्मा, अश्वनी सैनी, सौरभ रस्तोगी, वसंत सिंह, गुरविंदर सिंह, मोहम्मद हनीफ, नेहा ठक्कर, बबीता जलाल, अभिषेक सिंह, मुस्कान, महेंद्र सिंह रावत, जय ओझा, ललित चौधरी, मोहन सिंह, जितेंद्र चौधरी व रितु त्यागी सहित सैकड़ों अधिवक्ता शामिल थे।

# सल्ट में 17 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चे. कंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान सल्ट पुलिस ने डोटियाल से मानिला के पास दो तस्करो को गांजे के साथ दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से वाहन में रखा 17 किलो गांजा बरामद किया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सल्ट पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान डोटियाल गांव के पास मोटर साइकिल में सवार मुनाजिर और शहनशाह निवासी मिलक खोद, स्वार रामपुर यूपी के कब्जे से 17 किलो गांजा बरामद किया। मौके पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि बरामद गांजे की कीमत तीन लाख रुपये से अधिक आंकी गई। टीम में एएसआई लखविंदर सिंह, हेड कांस्टेबल राजकुमार, अवधेश कुमार, कांस्टेबल गणेश पाण्डेय शामिल रहे। सल्ट थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि व लोग गांजा सराईखेत से खरी. दकर रामपुर ले जा रहे थे। जिसे वहां युवाओं को ऊंचे दामों में बेचकर मुनाफा कमाने का इरादा था। चे. कंग के दौरान गिरफ्त में आया।

# इसरार हुसैन का स्वागत किया

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यक मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में इसरार हुसैन की नियुक्ति पर गुरुवार को हल्द्वानी स्थित लोनिवि परिसर में ठेकेदार यूनियन द्वारा इसरार हुसैन का ज़ोरदार स्वागत किया गया। साथी ठेकेदारों ने उन्हें फूल माला पहनाकर और मिष्ठान वितरण करके सम्मानित किया। सभी ने इसरार हुसैन को इस नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इसरार हुसैन ने इस अवसर पर कहा ठेकेदार साथियों का यह स्नेह, सम्मान और विश्वास मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। मैं विश्वास दिलाता हूँ कि संगठन



के साथ-साथ ठेकेदार समाज और क्षेत्र के हितों के लिए पूरी निष्ठा और मजबूती से कार्य करता रहूँगा। सभी सम्मानित साथियों का हृदय से आभार। इस अवसर पर ठेकेदार समुदाय ने इसरार हुसैन के नेतृत्व में आने वाली चुनौतियों को सकारात्मक रूप से लेने और संगठन के उद्देश्यों को मजबूती से आगे बढ़ाने की बात की। स्वागत समारोह में ठेकेदार यूनियन के अध्यक्ष योगेश तिवारी, प्रवक्ता हरीश आर्य, कैलाश शाह, आनंद पड़ियार, हनीफ, विपिन लो. हनी, उमेश जोशी, आशीष बिष्ट, बबलू सहित अनेक प्रमुख ठेकेदार साथी उपस्थित रहे।

# खेलकूद प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा पंत विवि: डा. चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में प्रवेश के अन्तर्विश्वविद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता 2026 की मेजबानी के लिए सहस तैयार है, जोकि 23 से 26 फरवरी 2026 को विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में की जाएगी। इसी क्रम में कुलपति प्रोफेसर (डा.) मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई और खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित करने के संबंध में उपस्थित अधिष्ठाता एवं निदेशगण से विस्तृत चर्चा की गयी। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में उत्तराखण्ड राज्य के 11 विश्वविद्यालयों के खिलाड़ी विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग



करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी तथा इन सभी विश्व. विद्यालयों के कुलपति एवं कुलसचिव की भी भागीदारी हेतु निमंत्रण दिया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न समितियों का गठन किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे दिये गए हैं। कुलपति ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय, समयबद्ध योजना और सक्रिय सहभागिता पर विशेष बल दिया। बैठक का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. एएस जीना ने किया।

# मेधावी बच्चों को मिली साइकिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कालेज में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि जिला. धिकारी अकांक्षा कोंडे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान प्रधानाध्यापक दीप जोशी ने जिलाधिकारी को बैज अलंकरण और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लक्ष्य निर्धारित करने, आत्मविश्वास और मेहनत से सफलता प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने शिक्षा में शिक्षकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान, भारतीय स्टेट बैंक ने सीएसआर योजना के तहत 10 मेधावी छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। सम्मानित छात्राओं में भूमिका बसेड़ा (गोल्ड मेडलिस्ट), गीतांजलि मेहर, मोनिका बबली, हिमानी, गरिमा, खुशबू आर्या, नेहा पांडे और गुड्डी आर्या शामिल थीं। समारोह में विधायक पार्वती दास, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार और अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लोगों को भ्रमित कर रही कांग्रेस

## जनता से किए वायदे पूरे कर रही सरकार: बिट्टू कर्नाटक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** पूर्व दर्जा मंत्री और भाजपा नेता बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार समूचे प्रदेश के समग्र विकास को लगातार संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार द्वारा जनता से किए गए समस्त वादों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने जारी एक बयान में कहा कि चौखुटिया में जनता की मांग पर



चिकित्सालय में बाल रोग विशेषज्ञ एवं महिला रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति कर दी गई है। साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत यू कोट, वी पे मॉडल के तहत चयनित इन सात विशेषज्ञ चिकित्सकों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौखुटिया, डीडीहाट, बीरोंखाल और उप जिला चिकित्सालय गैरसैण में तैनाती दी गई है। ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सके। कहा कि राजकीय चिकित्सा इकाईयों में आधु. निक उपकरणों से लेकर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ व अन्य सपोर्टिंग स्टॉफ की तैनाती लगातार कर रही है। प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को भी चरणबद्ध तरीके से दूर करने के प्रयास के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 'यू कोट, वी पे' मॉडल के तहत सात विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन किया गया है, जिनमें एनेस्थेटिस्ट व पीडियाट्रिशियन के दो दो जबकि ऑब्स्टेट्रीक एंड गायनी के तीन विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल है। विभागीय अनुबंध के तहत चयनित इन विशेषज्ञ चिकित्सकों को विभिन्न जनपदों की चिकित्सा इकाईयों में तैनाती दे दी गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के आने से मरीजों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। कर्नाटक ने कहा कि धामी सरकार द्वारा सीमांत और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाली जनता तक सरक. ारी योजनाओं को सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया जा रहा है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार द्वारा राज्य में किये जा रहे चहुंमुखी विकास से विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास अब कोई मुद्दा नहीं रह गया है। इस कारण कांग्रेस पार्टी मुद्दों से भटक कर आंदोलन की राह पकड़ रही है।

# जगदीश और राकेश के सुरों ने बिखेरा जादू

## मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने फीता काट कर किया मेले का शुभारंभ, स्व. चुफाल के योगदान को भी याद किया

❑ कुमाऊंनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाने का आहवान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में चल रहे उत्तरायणी मेले (घुघुतिया त्यार) का शुभारंभ गुरूवार को मेयर गजराज सिंह बिष्ट, मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर और अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित किया। मेले में मुख्यअतिथि मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कुमाऊनी संस्कृति को नई पहचान दिलाने के लिए हम सभी को प्रयास करने होंगे। मंच से जुड़े लोगों के अथक प्रयासों से यह सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। ऐसे में हमें अपनी पर्वतीय संस्कृतिक को विश्व स्तर पर तक पहुंचाने और इसे पहचान दिलाने के लिए और अधिाक लगन और मेहनत से काम करना होगा। साथ युवा पीढ़ी को भी अपनी सभ्यता और संस्कृति से जुड़ाव के लिए प्रोत्साहित करना होगा। इसके लिए पर्वतीय समाज को जागरूक होना होगा। इस दौरान दूसरे दिन गुरूवार को सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक जगदीश कांडपाल और राकेश जोशी के गीतों ने लोगों को पहाड़ी की संस्कृति से रूबरू कराया। वहीं सुबह बच्चों की दौड़, खो-खो, शंख बजाओ प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें बालक जूनियर वर्ग की दौड़ में अनंत आर्य प्रथम, मो. अरहम द्वितीय और कुश पाठक तीसरे स्थान पर रहे, जबकि बालिकाओं में दीक्ष रावत प्रथम, योगिता सुयाल द्वितीय, व मानवी भैसोड़ा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका में बबीता






तिवारी प्रथम, आरती द्वितीय और प्रियांशी चौधरी तीसरे स्थान पर रहीं। बालकों में दिव्यांशु कालाकोटी ने पहला, हरेंद्र बिष्ट ने दूसरा और जीत सिंह राणा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शंख बजाओ प्रतियोगिता में जूनियर में काश्वी बोरा, वैभव पाठक और दिव्यांशी पाण्डे व सीनियर वर्ग में शौर्य सिंह अधिकारी, यर्थाथ पंत व कपित बिष्ट क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तीसरे स्थान पर रहे। उत्तरायणी मेले में दिनभर काफी चहल पहल देखने को मिली। मेला परिसर में जहां व्यवसायियों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। वहीं उत्तरायणी मेले की संध्या पर लोक गायक अमित गोस्वामी और जगदीश कांडपाल व राकेश जोशी ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। वहीं विभिन्न सांस्कृतिक दलों के कलाकारों ने कुमाऊंनी लोकनृत्य और गीत प्रस्तुत कर संस्कृति की अनूठी छटा बिखेरी। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, देवेन्द्र तोलिया, गोपाल सिंह बिष्ट, त्रिलोक बनौली, शोभा बिष्ट, रत्ना श्रीवास्तव, भुवन चंद्र जोशी, धर्म सिंह बिष्ट, मोहन सिंह बोरा, हेम चंद्र भट्ट, तरूण नेगी, ललित बिष्ट, पुष्पा सम्मल, चंद्रशेखर परगाई, नीरज बगडवाल, कमल किशोर, संदीप भैसोड़ा, कैलाश जोशी, मधु सांगुड़ी, मनोज जोशी, पार्षद शैलेन्द्र दानू, एनबी गुणवंत, ललित बिष्ट गोविंद बगडवाल, मोहन पाठक, रितिक आर्या आदि मौजूद रहे।

## पहाड़ की महिलाओं और देवी-देवताओं के अपमान का आरोप

❑ सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ज्योति अधिकारी के खिलाफ मुकदमा
❑ पांच घंटे पूछताछ के बाद छोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ज्योति अधिकारी कानूनी मुसीबत में फंस गई हैं। एक महिला की तहरीर पर ज्योति के खिलाफ मुखानी थाना पुलिस ने कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। महिला ने ज्योति पर उत्तराखंड की महिलाओं और देवी-देवताओं के अपमान का आरोप लगाया है। गुरुवार को पुलिस ने उन्हें थाने बुलाकर करीब साढ़े पांच घंटे तक पूछताछ की और सहयोग का भरोसा देने पर उन्हें छोड़ दिया गया।

हिम्मतपुर मल्ला ऊंचापुल निवासी जूही चुफाल ने हरिपुर लालमणी, किशनपुर घुड़दौड़ा निवासी ज्योति अधिकारी के खिलाफ तहरीर सौंपे हुए आरोप लगाया कि उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे विभिन्न वीडियो के जरिये जानकारी में आया कि ज्योति अधिकारी ने सार्वजनिक स्थान पर एक दराती को लहराते हुए उत्तराखंड की महिलाओं, संस्कृति और उत्तराखंड के देवी-देवताओं पर बेहद अपमानजनक कथन, टिप्पणी और भद्दी भाषा का प्रयोग किया। इस प्रकार ज्योति अधिकारी ने खुले आम सार्वजनिक स्थान पर दराती लहराते हुए अपने इस कथन और कृत्य से स्थानीय संस्कृति के प्राचीन हिन्दू भगवान, देवी-देवताओं का घोर अपमान किया है। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर ज्योति अधिकारी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 27, 192, 196, 299 और 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने उन्हें नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने के लिए थाने बुलाया, जहां गुरुवार को ज्योति से करीब पांच घंटे तक पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान ज्योति ने पुलिस को सहयोग का भरोसा दिया, जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

# चित्रशिला घाट में सफाई अभियान

❑ मेयर की अगुवाई में मकर संक्रांति के पावन पर्व को देखते हुए चला अभियान
❑ कहा: श्रद्धालुओं को मिले स्वच्छ वातावरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मकर संक्रांति के पावन पर्व से पूर्व रानीबाग चित्रशिला घाट में मेयर गजराज सिंह बिष्ट की अगुवाई में सफाई अभियान चलाया गया। ताकि मकर संक्रांति के दिन रानीबाग चित्रशिला घाट में होनी वाली जियारानी की पूजा अर्चना व लगने वाले मेले के दौरान चित्रशिला घाट की सफाई सुनिश्चित हो सके और मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिल सके। गुरूवार को मेयर गजराज सिंह बिष्ट की अगुवाई में नगर निगम की टीम सहित



दर्जनों लोग रानीबाग चित्रशिला घाट पहुंचे और गार्गी घाट में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने बताया कि नगर निगम स्थानीय जन प्रतिनिधियों के सहयोग से यह सफाई अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा घाट पर आने वाले सभी नागरिकों से अपील की कि वे इसे साफ और पवित्र रखने में सहयोग करें। इस सफाई अभियान में मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, सचिन साह, सूरज रमोला, पार्षद बबली वर्मा, पूर्व ग्राम प्रधान महेश भंडारी, गणेश आर्य, चंचल पांडे, भुवन शाह, क्षेत्र पंचायत सदस्य पंकज सूर्या, शांति भट्ट, प्रेमा देवी, आशा नेगी, पदमा थापा सहित नगर निगम की टीम मौजूद रही।

## राज्य आंदोलनकारियों ने बंद को दिया समर्थन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा 11 जनवरी को प्रस्तावित 'आहट उत्तराखंड बंद' कार्यक्रम को चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति ने अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। समिति के केंद्रीय महामंत्री नवीन नैथानी एवं केंद्रीय प्रवक्ता लाखन सिंह चिलवाल ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड उत्तराखंड के माथे पर एक बदनुमा दाग है। उन्होंने इस जघन्य हत्याकांड में सीबीआई जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कुमाऊं मंडल के सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक व सांस्कृतिक संगठनों, छात्र संगठनों, व्यापार मंडलों तथा आम जनता से 11 जनवरी को उत्तराखंड बंद को सफल बनाने की अपील की।

# बांग्लादेश: हिन्दुओं पर अत्याचार से उबाल

❑ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन
❑ राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में तख्तापलट के पश्चात उत्पन्न अराजक परिस्थितियों के बीच हिंदू समुदाय सहित अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों, हिंसक घटनाओं एवं हत्याओं को लेकर गुरूवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिसके बाद एसडीएम कोर्ट पहुंचकर एसडीएम राहुल साह के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा। गुरूवार को जिला कांग्रेस कमेटी व शहर विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए और एसडीएम कोर्ट



पहुंचकर बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि बांग्लादेश में असामाजिक एवं अराजक तत्वों द्वारा हिंदू समुदाय को योजनाबद्ध तरीके से निशाना बनाया जा रहा है, जो अत्यंत निंदनीय, अमानवीय तथा लोकतांत्रिक एवं मानवीय मूल्यों के सर्वथा विपरीत है। इस प्रकार की घटनाएं न केवल मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हैं, बल्कि क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही हैं। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि वह इस गंभीर विषय पर तत्काल संज्ञान लेते हुए बांग्लादेश में हिंदू समुदाय एवं समस्त अल्पसंख्यकों के विरुद्ध हो रही हिंसक घटनाओं को अविलंब रोकने के लिए शीघ्र, ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए। प्रदर्शन व ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष एड. गोविंद बिष्ट, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, हरीश मेहता, सतीश नैनवाल, मलय बिष्ट, नीरज तिवारी, भोला दत्त भट्ट, राजेन्द्र सिंह बिष्ट रज्जी, खष्टी बिष्ट, मधु सांगुड़ी, कमला सनवाल, नीमा भट्ट, जया कर्नाटक, शोभा बिष्ट, पार्षद भागीरथी बिष्ट, रेनू तोमर, मीनाक्षी नयाल, भगवती जोशी, जीवन कार्की, मोहन बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, मुकुल बल्यूटिया, हेमन्त शर्मा, इकराम, महेशानंद, राजेन्द्र जीना, जगमोहन चिलवाल, कैलाश साह, मयंक भट्ट, हिमांशु जोशी, योगेश जोशी, वरुण भाकुनी, राजेन्द्र बिष्ट, प्रदीप नेगी, राजू सुयाल, हेमन्त पाठक, किरन माहरा, हेमन्त साहू, हेम जोशी, जगमोहन बगड़वाल, कैलाश दुम्का, गोविंद बगड़वाल आदि थे।

# पुराने शासकीय वाहन में सजी उत्तराखण्ड की लोक-संस्कृति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना का परिचय देते हुए एक पुराने शासकीय वाहन को उत्तराखण्ड की समृद्ध लोक-संस्कृति के रंगों, प्रतीकों और कलात्मक चित्रण से सुसज्जित किया है। विश्वविद्यालय की इस अभिनव पहल का उद्देश्य यह संदेश देना है कि अनुपयोगी समझी जाने वाली वस्तुएँ भी नवाचार और सृजनात्मक सोच के माध्यम से उपयोगी एवं आकर्षक बनाई जा सकती हैं। इस विशेष रूप से सुसज्जित वाहन का लोकार्पण गुरूवार को महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने किया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मेयर गजराज सिंह बिष्ट



ने कहा कि उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायी है। यह प्रयास विद्यार्थियों और आमजन को यह सिखाता है कि पुरानी या निष्प्रयोज्य वस्तुओं को भी नवाचार के जरिए पुनः उपयोग में लाया जा सकता है। साथ ही यह पहल उत्तराखण्ड की लोक-संस्कृति के संरक्षण और प्रचार की दिशा में एक सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि यह पहल स्मृति और संस्कृति दोनों के संरक्षण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह रचनात्मक प्रयोग इस बात का उदाहरण है कि प्रयोजनहीन मानी जाने वाली वस्तुओं को भी नए विचारों के साथ आकर्षक और सार्थक स्वरूप दिया जा सकता है। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव खेमराज भट्ट सहित विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक, विभिन्न विद्याशाखाओं के निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री गिरिजा देवी सनातन सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन व्यास डा. नवीन चन्द्र जोशी



ने भगवान श्री कृष्ण के अवतार की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब भगवान अपने अवतार के रूप में धरती पर आते हैं। श्री कृष्ण ने यदु कुल में अवतार लेकर धर्म की स्थापना की और अनेक लीलाओं का प्रदर्शन किया। कथा में भगवान द्वारा पूतना वध और माखन चोरी की घटनाओं का उल्लेख करते हुए व्यास जी ने बताया कि भगवान को केवल उन्हीं भक्तों का प्रेम प्राप्त है, जिनका हृदय निर्मल होता है। आज की कथा में मुख्य यजमान के रूप में लाखन सिंह बिष्ट और सोबन सिंह बिष्ट ने पूजन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट, डा. नीलाम्बर भट्ट, नवीन चन्द्र भट्ट, आचार्य प्रमोद जोशी, आचार्य प्रकाश चन्द्र जोशी, हेम चन्द्र शास्त्री, प्रशांत जोशी, शानू जोशी, आचार्य गोविन्द बल्लभ जोशी, आशु भट्ट, प्रमोद भट्ट, सरोज भट्ट आदि मौजूद रहे।

# पर्यटन और रोजगार के विकास पर फोकस

❑ जिला विकास प्राधिकरण की बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला विकास प्राधिकरण की बैठक सर्किट हाउस काठगोदाम में गुरूवार को आयुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें लैंड यूज, पुनर्निर्माण स्वीकृति और जनहित के मामलों को प्राथमिकता दी गई। इसके साथ ही पर्यटन और रोजगार के विकास के लिए कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में आयुक्त दीपक रावत ने पर्वतीय क्षेत्रों में वाणिज्यिक भवनों के निर्माण के लिए रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य करने का निर्देश दिया और निर्माण से पहले सिस्टम की निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने हल्द्वानी और आसपास के



क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर गरीबों के लिए आवासीय भवन बनाने की दिशा में चिन्हिकरण और आंगणन प्रस्तुत करने की बात की। इसके साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में भू-स्खलन संभावित इलाकों में निर्माण के लिए भू-वैज्ञानिक रिपोर्ट और संयुक्त सर्वे अनिवार्य किए जाने की बात भी की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रामगढ़, भीमताल जैसे क्षेत्रों में आवासीय प्लाट पर एक ही परिवार के सदस्य को केवल एक स्वीकृति दी जाएगी, और होटल या रेस्टोरेंट जैसे व्यावसायिक भवन बनाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, उन क्षेत्रों में निर्माणाधीन भवनों के नक्शों को बिना जुर्माने के स्वीकृति दी गई, जो हाल ही में प्राधिकरण में शामिल हुए थे। बैठक में उपाध्यक्ष जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, सचिव विजय नाथ शुक्ल, संयुक्त सचिव गोपाल सिंह चौहान, मुख्य कोषाधिकारी कमलेश भण्डारी आदि मौजूद रहे।

# ब्रेक लगाने को लेकर मारपीट, मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ब्रेक लगाने को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक को कुछ लोगों ने बेहरमी से पीटा और उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पंचवटी कॉलोनी तीनताश देवलचौड़ निवासी विक्रम सिंह देऊपा पुत्र स्व. गोपाल सिंह देऊपा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीती 2 जनवरी को वह अपने ममेरे भाई गौरव मेहता के साथ बाइक से छड़ायल चौराहे से अपने घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब ढाई बजे एक स्कूटी सवार तनुजा नामक महिला अपने पति के साथ पीछे से आ रही थी। वाहन मोड़ते समय ब्रेक लगाने की बात को लेकर उक्त महिला ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और विरोध करने पर धमकियां दी गईं। पीड़ित युवक ने कहा कि जिसके बाद उसने महिला से खुद माफी मांगकर चला गया। आरोप है कि तभी कुछ आगे जाकर महिला के भाई विशाल ठाकुर, अंकित ठाकुर व हेमंत ठाकुर हल्दूपोखरा निवासी ने उन्हें मौके पर बुलाया और उसे घेरकर उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# हनीमून पर पत्नी के साथ मारपीट, मुकदमा

❑ पति और ससुरालियों पर लगाए गंभीर आरोप
❑ माफीनामा और लिखित समझौते के बाद भी नहीं सुधरे ससुराली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक महिला ने अपने पति और ससुरालियों पर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है कि हनीमून के दौरान पति ने उसे बुरी तरह मारा और थप्पड़ से उसके कान के पर्दे में छेद हो गया। उत्पीड़न का सिलसिला ससुराल में भी जारी रहा, जहां पति और ससुरालियों ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। महिला ने महिला समाधान केंद्र में इस मामले की शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सर्वोदय कॉलोनी डहरिया हल्द्वानी निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह 3 मार्च 2024 को पिथौरागढ़ निवासी निर्मल खाती से हुआ था। विवाह में उसके परिजनों ने सामर्थ्यानुसार दान दिया था। लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही पति का व्यवहार बदल गया। हनीमून के दौरान अंडमान निकोबार में पति ने मारपीट की, जिससे उसके कान के पर्दे में छेद हो गया। आरोप है कि पति ने शक के आधार पर गाली-गलौच, चरित्र पर टिप्पणी और मारपीट की। महिला ने आरोप लगाया कि सास ने पिता की तीन लाख रुपये की एफडी तुड़वाने का दबाव बनाया, मना करने पर पति ने उसे पीटा। गर्भावस्था के दौरान भी मानसिक उत्पीड़न किया गया। पुत्री के जन्म और पिता के निधन के दौरान ससुराल पक्ष का व्यवहार भी अमानवीय रहा। कई बार समझौते और लिखित माफी के बावजूद उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। जिसके बाद अगस्त 2025 में ससुराल में नजरबंद कर दिया गया, जिसके बाद उसने पुलिस की मदद से अपने मायके लौटने का रास्ता पाया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी पति और ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

## किशोरी लापता गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गांव जाने को लेकर घर से निकली एक किशोरी अचानक लापता हो गई। परिजनों ने किशोरी की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने काठगोदाम थाने पहुंचकर किशोरी की गुमदशुदगी दर्ज कराई। काठगोदाम निवासी बीना देवी ने काठगोदाम पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनकी 17 वर्षीय बेटी बीते 30 दिसंबर को घर से अपने गांव भद्यूनी जाने के लिए निकली थी। 6 जनवरी को बेटी से फोन पर बात हुई थी, लेकिन 7 जनवरी को सुबह देवर ने फोन कर बताया कि उनकी पुत्री घर पर नहीं है। परिजनों ने बताया कि किशोरी की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं लगा।

# कोल्ट्स की 139 रनों से जीत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग मैच गुरूवार को जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में कोल्ट्स क्रिकेट क्लब और गट्स एन ग्लोरी के मध्य हुआ। कोल्ट्स क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 288 रन बनाए। देवानंद जोशी ने 72, हर्षित सदाना ने 71, विशाल कोली ने 50 रनों की पारी खेली। गट्स एन ग्लोरी के गेंदबाज वैभव नेगी ने 3, राघव जोशी ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गट्स एन ग्लोरी की पूरी टीम 33वें ओवर में 149 रन बनाकर आल आउट हो गई, और 139 रनों से मैच हार गई। क्लब के गेंदबाज रवि सिंह ने 4, राहुल नेगी ने 3 और कार्तिक ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार क्रिकेट क्लब के गेंदबाज रवि के नाम रहा। मैच में अंपायर की भूमिका में विजय आर्या और शिवम् पाण्डे जबकि स्कोरर की भूमिका हरप्रीत कम्बोज ने निभाई। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसो. के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, लीला कांडपाल, नरेंद्र अधिकारी, जगमोहन बगड़वाल, आंनद बिष्ट, संजय चौधरी, सुनील साह, त्रिलोक जीना, विजय कुकसाल, बीएल साह, रवि नेगी, मनोज जोशी, विकास गुणवंत, दिलीप रावत, अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

# हल्द्वानी: शीत अवकाश में भी शिक्षक दे रहे ड्यूटी

## निजी स्कूलों की मनमानी पर उठे सवाल, शिक्षा विभाग मौन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भीषण सर्दी और घने कोहरे के चलते स्कूलों में शीत अवकाश घोषित है। अधिकांश स्कूलों में 16 जनवरी तक बच्चों की छुट्टियां चल रही हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या इन दिनों शिक्षकों को भी राहत मिली है? जवाब है नहीं। निजी स्कूलों में शिक्षकों और अन्य स्टाफ के लिए छुट्टी का कोई स्पष्ट प्रावधान नज़र नहीं आता, और जहां है भी, वहां अमल नहीं हो रहा। शहर के लगभग सभी निजी स्कूलों में शीत अवकाश के बावजूद शिक्षकों को तय समय पर स्कूल पहुंचकर हाजिरी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। नतीजा यह है कि कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच सुबह-सुबह शिक्षक स्कूल जाते दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें दो महिला शिक्षक घने कोहरे में स्कूल जाती नजर आ रही हैं। इस वीडियो ने आम लोगों के बीच बहस छेड़ दी है।

लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब सर्दी बच्चों के लिए छुट्टी का कारण बन सकती है, तो क्या वही सर्दी शिक्षकों और स्कूल स्टाफ को नहीं लगती? आखिर किस तर्क के आधार पर बच्चों को घर में सुरक्षित रखा जाता है, जबकि शिक्षकों को जोखिम भरी परिस्थितियों में ड्यूटी पर बुलाया जाता है?

इसके साथ ही निजी स्कूलों की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। अभिभावकों से शीत अवकाश के दौरान की पूरी फीस वसूली जाती है, लेकिन उसी अवधि में शिक्षकों को छुट्टी देना या उन्हें सम्मानजनक सुविधाएं और पूरी सैलरी देना स्कूल प्रबंधन को क्यों खटकता है? स्कूलों में पढ़ाने के अलावा आखिर ऐसा कौन-सा अनिवार्य कार्य है, जिसके नाम पर छुट्टियों में भी शिक्षकों को बुलाया जा रहा है?

यह बात किसी से छिपी नहीं है कि निजी स्कूलों में शिक्षकों, खासकर महिलाओं और युवतियों को बेहद कम वेतन पर काम करना पड़ता है। सीमित संसाधनों और न्यूनतम वेतन में काम करने वाले ये शिक्षक जब ठंड, कोहरा और स्वास्थ्य जोखिम झेलते हुए ड्यूटी पर जाते हैं, तो यह व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल खड़ा करता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि शीत अवकाश शुरू हुए कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन शिक्षा विभाग की ओर से अब तक इस समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यह मानना मुश्किल है कि संबंधित अधिकारियों को इस स्थिति की जानकारी नहीं है। अधिक संभावना यही है कि सब कुछ जानते हुए भी चुप्पी साध ली गई है। लोगों का कहना है कि नियम और संवेदनशीलता केवल बच्चों के मामलों में दिखाई देती है, शिक्षकों के लिए नहीं। ऐसे में सवाल उठता है कि शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले शिक्षक आखिर कब तक उपेक्षा और दोहरे मानदंडों का सामना करते रहेंगे?। इधर..इस सम्बंध में जब शिक्षा विभाग के सम्बंधित अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होने फोन नहीं उठाया।

## बागजाला की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला गांव की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम राहुल साह



से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि बागजाला गांव में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से रात के समय महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। जंगली जानवरों की बढ़ती संख्या ने खतरा और भी बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत शौचालय बनाने और खुले में शौच बंद करने का अभियान चल रहा है तब बागजाला गांव में शौचालय बनने पर रोक है, ऐसे में स्वच्छ भारत मिशन गांव में चलाने के लिए नये शौचालयों को बनाने में लगी रोक हटायी जानी चाहिए। एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि गांव की पेयजल की आपूर्ति की समस्या का समाधान के लिए प्रस्ताव बन गया है और यह प्रस्ताव वन विभाग से पारित होने के बाद जल जीवन मिशन की योजना शुरू हो जायेगी। ज्ञापन देने वालो में वेद प्रकाश, विमला देवी, मीना भट्ट, डा. कैलाश पाण्डेय, दीवान सिंह बर्गली, चन्दन सिंह मटियाली, हेमा देवी, ललिता देवी आदि शामिल रहे।

## व्यापारी नेता को पितृशोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि व्यापार मंडल के जिला महामंत्री उधम सिंह नगर के महेश मित्तल के पिता के निधन पर प्रदेश व्यापार मंडल पदाधिकारियों द्वारा एक शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। शोक सभा में देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह चड्ढा, प्रदेश महामंत्री नरेंद्र अरोड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, यूएसनगर के जिलाध्यक्ष गुरुमीत सिंह, वेद ठुकराल, रुद्रपुर मेयर एवं देवभूमि व्यापार मंडल नगराध्यक्ष विकास शर्मा, गोविंद सिंह बगड़वाल, महामंत्री राजीव जायसवाल, मनमोहन अग्रवाल सहित कई व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
**सम्पादक:** एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रुद्रपुर में अवैध अतिक्रमण पर फिर चली नगर निगम की जेसीबी

■ मंदिर की आड़ में किया गया अतिक्रमण हटाया
■ छह एकड़ जमीन पर लिया कब्जा, ड्रोन से हुई निगरानी
■ कार्रवाई का विरोध करने पर बाबा को हिरासत में लिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्यमंत्री के 'जीरो टॉलरेंस' और सरकारी भूमियों को कब्जामुक्त कराने के संकल्प के तहत नगर निगम प्रशासन ने रुद्रपुर के गंगापुर मार्ग स्थित शैलजा फार्म में वर्षों से काबिज अवैध साम्राज्य को जमींदोज कर दिया। तड़के शुरू हुई इस बड़ी कार्रवाई में करीब छह एकड़ सरकारी जमीन को अवैध कब्जाधारकों के चंगुल से छुड़ा लिया गया। जेसीबी मशीनों ने मौके पर बाबा द्वारा बनाई गई झोपड़ियों और अवैध निर्माणों को कुछ ही घंटों में मलबे में तब्दील कर दिया। पूरी कार्रवाई की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस दौरान पूरा शैलजा फार्म छावनी में तब्दील रहा और आसमान से ड्रोन कैमरों के जरिए चप्पे-चप्पे पर नजर रखी गई।

नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डेय और सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल के नेतृत्व में निगम की टीम तड़के ही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गई थी। नगर निगम को लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि शैलजा फार्म की सरकारी भूमि पर बाबा बालक राम ने अवैध रूप से झोपड़ियां डालकर कब्जा कर रखा है और वहां धार्मिक गतिविधियों की आड़ में अतिक्रमण का विस्तार किया जा रहा है। टीम के साथ कोतवाल मनोज रतूड़ी और ट्रांजिट कैम्प कोतवाली प्रभारी मनोज पाण्डे भारी पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैद रहे। कार्रवाई शुरू होते ही बाबा बालक राम ने टीम का रास्ता रोकने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया। प्रशासन ने मौके पर पहुंचते ही सबसे पहले अवैध रूप से डाली गई झोपड़ियों को खाली कराया। बाबा का सारा सामान सुरक्षित निकालकर निगम ने अपने कब्जे में लिया, जिसके बाद दो मशीनों ने अतिक्रमण को ढहाना शुरू किया।

देखते ही देखते सालों पुराना अवैध कब्जा साफ हो गया। इसके तुरंत बाद नगर आयुक्त ने भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए घेराबंदी के निर्देश दिए। निगम के कर्मचारियों ने आनन-फानन में टीन शेड लगाकर 6 एकड़ भूमि की हदबंदी कर दी और वहां सरकारी स्वामित्व का बोर्ड लगा दिया गया। सुरक्षा के मद्देनजर गंगापुर मुख्य मार्ग से शैलजा फार्म की ओर आने वाले सभी संपर्क मार्गों को रस्सी लगाकर बंद कर दिया गया था। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद या झूठे आरोपों से बचने के लिए नगर निगम ने आधुनिक तकनीक का सहारा लिया। पूरी ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई और ड्रोन कैमरों से पूरे भूखंड की मैपिंग की गई। अधिकारियों का कहना है कि यह जमीन अब नगर निगम के सुरक्षित डेटाबेस में शामिल है और इसका उपयोग भविष्य में जनहित की बड़ी योजनाओं के लिए किया जाएगा।

वहीं महापौर विकास शर्मा ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि धार्मिक स्थल की आड़ में सरकारी भूमि पर कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महापौर ने बताया कि इस छह एकड़ बेशकीमती भूमि पर वर्षों से कब्जा जमाया गया था। इस मामले में आरोपी कालनेमि बाबा ने न केवल पुलिस और प्रशासन को चुनौती दी, बल्कि न्यायालय को भी गुमराह करने का प्रयास किया। महापौर ने कहा कि प्रशासन पहले ही कई बार नोटिस जारी कर कब्जा छोड़ने की हिदायत दे चुका था, लेकिन हठधर्मिता के चलते अंततः यह सख्त कदम उठाना पड़ा।

# पुलिस ने दो नेपाली युवकों सहित तीन स्मैक तस्करों को दबोचा



■ तीनों तस्करों के कब्जे से पुलिस ने 19 ग्राम स्मैक व तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो नेपाली युवको सहित तीन स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। तीनों के कब्जे से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुआ है।

गुरुवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चेकिंग के दौरान पुलिस की टीम ने बीती रात्रि में एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनकी तलाशी लेने पर कब्जे से 19 ग्राम स्मैक बरामद हुए हैं। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों में एक ने अपना नाम हर्षित चंद पुत्र मुकेश चंद निवासी ग्राम बिछाई थाना टनकपुर जनपद चंपावत, जबकि दो युवको ने अपना नाम संतोष बराल पुत्र सुभाष बराल निवासी ग्राम बनगांव सुखसाल वार्ड नंबर 10 थाना सुखसाल जिला कंचनपुर नेपाल व अरविंद रावल पुत्र लक्ष्मण रावल निवासी ग्राम ब्रह्मदेव वार्ड नंबर 6 थाना ब्रह्मदेव जिला कंचनपुर नेपाल बताया है। थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए तीनों तस्करों में दो युवक मूल रूप से नेपाल के निवासी हैं । पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध नारकोटी एक्ट 8/21/60 के तहत मुकदमा दर्ज कर तीनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रतापपुर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र पंत , सिपाही राज. कुवर बोरा, दीपक कुमार, नीरज नेगी, गिरीश चंद्र शामिल थे।

## एक नजर

# किच्छा की मतदाता सूचियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण 12 जनवरी से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद किच्छा की निर्वाचन नामावलियों (मतदाता सूचियों) का संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 व 13 जनवरी को निर्वाचन नामावलियों का निरीक्षण कराने एवं दावा/आपत्ति प्राप्त करने हेतु मतदान स्थलवार कार्मिकों की तैनाती व 14 जनवरी को निर्वाचन नामावलियों के आलेख का प्रकाशन किया जाएगा।

डीएम ने बताया कि 15 जनवरी से 21 जनवरी तक दावे/आपत्तियां प्राप्त की जाएगी, 22 जनवरी से 25 जनवरी तक प्राप्त दावे तथा आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 27 व 28 जनवरी को पूरक सूचियों की पाण्डुलिपि तैयार की जाएगी, 29 जनवरी से 02 फरवरी तक पूरक सूचियों की डाटा एन्ट्री/फोटो स्टेड किया जाएगा व 03 फरवरी 2026 को निर्वाचन नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण हेतु निर्वाचकों की संदर्भ तिथि 01 जनवरी, 2026 निर्धारित करते हुए नगर पालिका परिषद किच्छा की निर्वाचन नामावलियों (मतदाता सूचियों) का संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के उन सभी व्यक्तियों के नाम निर्वाचन नामावलियों में सम्मिलित किए जाएंगे जो 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है। उन्होंने बताया कि संक्षिप्त पुनरीक्षण के पश्चात तैयार निर्वाचन नामावलियां ही आगामी सामान्य/उप निर्वाचन में प्रयुक्त की जाएगी।

# अंजू भुड्डी महिला मोर्चा की विभाग संयोजक नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गदरपुर।** नगर पालिका गदरपुर की पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष अंजू भुड्डी को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चे में कुमायूं मंडल का विभाग संयोजक नियुक्त किया गया है। नई जिम्मेदारी संभालते हुए अंजू भुड्डी ने अपनी प्राथमिकताओं को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना ही उनका मुख्य लक्ष्य ओर प्रयास रहेगा, ताकि सरकार की नीतियों का शत प्रतिशत लाभ जनता को मिले। उल्लेखनीय है कि अंजू भुड्डी पूर्व में महिला मोर्चा काशीपुर और उधम सिंह नगर की जिलाध्यक्ष रह चुकी हैं। इस मौके पर विधायक अरविंद पांडे सहित चकित हुड़िया, पूनम ग्रोवर, राजबाला चौहान, कुलबीर चौधरी सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

# भोगपुर डैम की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** भाजपा मंडल अध्यक्ष ने उत्तराखंड मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात कर भोगपुर डाम को राजस्व गांव ग्राम घोषित करने समेत ग्राम की अनेक मांगो से संबंधित मांग पत्र सौंपा। मीडिया से बात करते हुए मंडल अध्यक्ष भाजपा नेता हरप्रीत सिंह हैप्पी ने बताया कि उन्होंने ग्राम भोगपुर डाम की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिसमें भोगपुर डाम को राजस्व गांव का दर्जा देना ग्राम का दर्जा नहीं मिलने से भोगपुर धाम के नागरिकों को सरकारी योजनाओं जैसे उच्च शिक्षा, राशन कार्ड, बिजली और विभिन्न समस्याओं को लेकर साथ-साथ भोगपुर डाम में पुल का पुनः निर्माण करने समेत अनेक मांगों को लेकर एक मांग पत्र मुख्यमंत्री धामी को सौंपा है मुख्यमंत्री ने मांग पत्र पर विचार करने की बात कही है।

# राष्ट्रीय विज्ञान नाटक महोत्सव में डायनेस्टी को मिला विशेष पुरस्कार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म खटीमा ने 6 -7 जनवरी 2026 को बिरला इंडस्ट्रियल एंड टेक्नोलॉजिकल म्यूजियम कोलकाता में नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम व मिनिस्ट्री ऑफ कल्चरल गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान नाटक महोत्सव 2025-26 में प्रतिभाग कर विशेष पुरस्कार स्वरूप 10,000 रूपए, मेडल व प्रशस्ति पत्र जीतकर विद्यालय व उत्तराखंड को गौरवान्वित किया है। नाटक टीम में डायरेक्टर सुरेश ओली, स्क्रिप्ट राइटर वैष्णवी विश्वकर्मा, प्रतिभागी छात्र-छात्रा वंश भंडारी, दिव्यांशु पोखरिया, राहुल जोशी, शगुन चड्ढा, प्रज्ञा भट्ट, नंदिनी जोशी, खुशी बिष्ट, हिमांशी जोशी ने प्रतिभाग किया।

विद्यालय की इस विशेष उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने समस्त विद्यार्थियों व दल शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि विद्यालय की यह उपलब्धि समस्त उत्तराखंड राज्य को गौरवान्वित करने वाली है। उत्तराखंड की टीम ने पिछले 25 वर्षों में आज पहली बार राष्ट्रीय विज्ञान नाटक महोत्सव में प्रतिभाग करते हुए विशेष पुरस्कार प्राप्त किया है। समस्त प्रदेशवासियों के लिए यह गर्व का पल है। वहीं प्रतिभाग कर वापस लौटी टीम का विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस विशेष उपलब्धि पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, दिगंबर भट्ट, अशोक जोशी, रमेश जोशी, सुरेंद्र रावत, मनीष ठाकुर, शिल्पा सक्सेना, ऊषा भट्ट, ऊषा चौसाली, हेमलता बोरा, लिंसी त्यागी आदि ने समस्त अभिभावकों, क्षेत्र वासियों व प्रदेशवासियों को इस उपलब्धि पर विशेष धन्यवाद व शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# गैस एजेंसी गदरपुर में सुधरी व्यवस्था उपभोक्ताओं को मिली राहत

■ ठेकेदार अमित के कार्यभार संभालने के बाद खत्म हुई गैस की किल्लत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** गदरपुर गैस एजेंसी में ठेकेदार अमित द्वारा कार्यभार संभालने के बाद से गैस आपूर्ति व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिला है। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले गैस सिलेंडर लेने के लिए घंटों लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता था और कई बार बिना सिलेंडर के ही लौटना पड़ता था। लेकिन बीते दो वर्षों से गैस की किल्लत पूरी तरह समाप्त हो गई है और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

अब लंबी लाइनों से भी निजात मिल रही है और समय से गैस पहुंच रही है ग्राहकों के अनुसार पहले एजेंसी में अव्यवस्था का माहौल रहता था। गैस वितरण में देरी, स्टॉक की कमी और अव्यवस्थित डिलीवरी आम बात थी। ठेकेदार अमित के कार्यभार संभालने के बाद इन सभी समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया गया। अब गैस सिलेंडर की उपलब्धता लगातार बनी रहती है और बुकिंग के बाद समय पर गैस मिल जाती है। एजेंसी परिसर में भीड़भाड़ और अव्यवस्था अब बीते दिनों की बात हो गई है।

उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस की होम डिलीवरी व्यवस्था भी पहले की तुलना में काफी बेहतर हो गई है। सिलेंडर तय समय में घर तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को बड़ी सुविधा मिल रही है। एजेंसी के कर्मचारियों का व्यवहार भी पहले से अधिक सहयोगात्मक और जिम्मेदार बताया जा रहा है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि त्योहारों और आपात स्थितियों में भी गैस की उपलब्धता बनी रहती है, जो पहले एक बड़ी समस्या थी। गदरपुर गैस एजेंसी की वर्तमान व्यवस्था से उपभोक्ताओं में संतोष और विश्वास का माहौल है।

लोगों का मानना है कि यदि इसी तरह पारदर्शिता और सुचारु संचालन बना रहा, तो भविष्य में भी गैस उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# झारखंडी चेक पोस्ट के पास फिर दिखा विशाल हाथी, इलाके में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गुरुवार की सुबह झारखंडी चेकपोस्ट के पास एक बार फिर विशाल हाथी दिखाई देने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हाथी के नजर आने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों में दहशत का माहौल बन गया। लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। वहीं कई लोग सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए। गौरतलब है कि इसी स्थान पर तीन दिन पहले एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र पहले ही सहमा हुआ था। उस घटना के बाद अब हाथी की मौजूदगी ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाथी पहले भी इस इलाके में कई बार देखा जा चुका है। जिससे कभी भी जनहानि की आशंका बनी रहती है। सूचना मिलने पर वन विभाग को अवगत कराया गया। विभागीय कर्मचारियों द्वारा हाथी की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। प्रशासन ने ग्रामीणों को अकेले जंगल या सुनसान क्षेत्रों में न जाने तथा हाथी दिखने की स्थिति में तुरंत सूचना देने की सलाह दी है। फिलहाल हाथी के जंगल की ओर लौटने का इंतजार किया जा रहा है। लेकिन तब तक क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

# पालिकाध्यक्ष रमेश जोशी ने वार्ड का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा। नगर** पालिका के वार्ड संख्या 11 के वार्ड वासियों की समस्याओं का नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी रामू ने जायजा लिया। उन्होंने कंजाबाग रोड़ पुरानी एसडीएम वाली गली के लिंक रोड़ से कंजाबाग सब स्टेशन तक निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड वासियों ने अपने वार्ड की प्रमुख समस्या जल भराव से निजात की मांग की। पालिकाध्यक्ष ने पैदल निरीक्षण के दौरान पाया की बरसात में भरने वाली गन्दे पानी का उचित निकास मार्ग नहीं है। उन्होंने तत्काल मौके पर जेई को पानी के निकास हेतु स्टमेट तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान नीमा त्रिपाठी, चंचल सिंह, आनंद डसीला, चन्द्रा पंत, अजहर सिद्दीकी, राहुल सक्सेना, अर्पित कलोनी, शुभम पटवा, नरेश गिरी, दीपक सामंत आदि मौजूद रहे।

# मजरा शीला में पानी की निकासी ने होने से घरों में घुस रहा गंदा पानी

■ प्रधान प्रतिनिधि हारिश ने ग्रामीणों के साथ सीडीओ से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गदरपुर।** मजरा शीला गांव में काटी गई कॉलोनी अब ग्रामीणों के लिए भारी मुसीबत बनती जा रही है। कॉलोनी में पानी की निकासी ना होने के कारण नालियों का गंदा पानी बहकर पहले से रह रहे ग्रामीणों के घरों में घुस रहा है, जिससे गांव में गंभीर बीमारियों के फैलने की आशंका पैदा हो गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि उपरोक्त कॉलोनी में न तो नाली की व्यवस्था की गई है और न ही जल निकासी का कोई इंतजाम है, अगर कालोनाइजर चाहे तो कालोनी में सही ढंग से नाली का निर्माण करा दे तो पहले से रह रहे लोगों के घर के पानी की निकासी भी होने लगेगी

ग्रामीणों के अनुसार पहले गांव में इस तरह की समस्या नहीं थी, लेकिन नई प्लाटिंग के बाद हालात बदतर हो गए हैं। घरों के आंगन तक गंदा पानी भर रहा है, बदबू और मच्छरों की भरमार हो गई है। बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कॉलोनाइजर ने नियमों को ताक पर रखकर कॉलोनी काट दी है। न तो कॉलोनी में पक्की सड़क बनाई गई है और न ही नाली की व्यवस्था की गई है।

केवल प्लाट बेचने के उद्देश्य से जमीन को काट दिया गया, जबकि बुनियादी सुविधाओं की पूरी तरह अनदेखी की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि कॉलोनी में भी गंदा पानी कई जगह जमा है जानबूझकर कुछ लोग कालोनी में से निकासी नहीं होने दे रहे है ताकि गांववासियों को परेशान किया जा सके।

## सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप, सीडीओ से की शिकायत

**गदरपुर।** इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हारिश के नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कॉलोनाइजर ने दो से तीन बीघा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर कॉलोनी काट दी है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो गांव में बड़ा स्वास्थ्य संकट खड़ा हो सकता है। शिकायत में आबादी में बने घरों के ऊपर विद्युत लाइन को हटाने का भी अनुरोध किया है सीडीओ ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की जांच एडीओ पंचायत और विद्युत विभाग को सोपी है। सीडीओ का कहना है कि यदि कॉलोनाइजर द्वारा नियमों का उल्लंघन और सरकारी जमीन पर कब्जा पाया गया, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक चैंपियनशिप ट्रॉफी का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** रामनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित विधायक चौंपियनशिप ट्रॉफी का सफल समापन हो गया। प्रतियोगिता विगत कई दिनों से चल रही थी, जिसमें विभिन्न न्याय पंचायतों के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समापन अवसर पर न्याय पंचायत के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट रहे। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, पालिकाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम,भाजपा नेता इंदर सिंह रावत, भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत,भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र खाती,पूर्व शिक्षा अधिकारी देवेंद्र भट्ट ,पूर्व महिला आयोग उपाध्यक्ष अमिता लोहनी, खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद, खंड विकास अधिकारी गिरिश पांडे,खेल समन्वयक श्मुकेश ध्यानी आदि मौजूद रहें।प्रतियोगिता में चिलकिया न्याय पंचायत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसमें ग्रीन फील्ड अकादमी के विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। साथ ही ग्रीन फील्ड अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की अंडर-14 बालिकाओं का पौड़ी के लिए चयन होना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।आयोजकों एवं अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

# जनजाति मोर्चा की महामंत्री बनने पर ललिता राणा का भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भारतीय जनता पार्टी जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बनने पर पूर्व ग्राम प्रधान नोगवांठग्गूं ललिता राणा का महिलाओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कई जनजाति महिलाओं ने प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह की देखरेख में भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की।

भाजपा जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री ललिता राणा का ग्राम के रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नानकमत्ता के पूर्व विधायक डॉक्टर प्रेम सिंह राणा ने नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री ललिता को बधाई देते हुए प्रदेश पदाधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ललिता राणा के पदाधिकारी बनने पर पार्टी को मजबूती मिलेगी। जिला मंत्री विमला बिष्ट, भुवन जोशी , रमेश जोशी, कमलेश थापा , मनोज राना, मनदीप राणा, ओम राना, किशोर जोशी, पूर्व विधायक डॉक्टर राणा, विमला बिष्ट, भुवन जोशी, रमेश जोशी, किशोर जोशी ने फूल- माला पहनाकर स्वागत किया।

# रुद्रपुर ईदगाह को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से चर्चा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**बाजपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सौजन्य भेंट की। इस दौरान अरविंद यादव ने रुद्रपुर की ईदगाह प्रकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष को उपलब्ध कराई तथा पूरे मामले पर गंभीरता से चर्चा की गई।

वार्ता के दौरान अखिलेश यादव द्वारा आश्वासन दिया ईदगाह प्रकरण की निष्पक्ष एवं गहन जाँच कराई जाएगी।और यदि किसी भी प्रकार का अन्याय या अनियमितता सामने आती है, तो समाजवादी पार्टी पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव न्याय, सद्भाव और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रही है और आगे भी इसी तरह जनता के साथ खड़ी रहेगी। इसी अवसर पर लोकसभा क्षेत्र के 14 विधानसभा अध्यक्षों की नियुक्ति पूर्ण कर उनकी सूची भी राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपी गई। इससे संगठन और अधिक सुदृढ़ होगा तथा क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलेगी।

समाजवादी पार्टी जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने के लिए लगातार प्रयासरत है। रुद्रपुर ईदगाह प्रकरण पर पार्टी पूरी तरह गंभीर है और न्याय सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ग्रामीणों से की आस पास साफ सफाई रखने की अपील




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए कार्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर की ढेला रेंज अन्तर्गत हाथीडंगर वन चौकी परिसर में मानव वन्य जीव संघर्ष रोकथाम एवं न्यूनीकरण के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में ग्रामीणों से वन क्षेत्रों में न जाने, घरों की आस पास प्रकाश की उचित व्यवस्था बनाए रखने और झाडियों की सफाई किये जाने के लिए अनुरोध किया गया। रेंजर भानु प्रकाश हरबोला ने बताया कि शीतकाल के दौरान वन्यजीव बहुत ज्यादा सक्रिय हो जाते है जिससे वन क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे ग्रामीणों के साथ मानव वन्य जीव संघर्ष की सम्भावना बनी रहती है।


इस दौरान ढेला रेंज के वन दरोगा सिद्धार्थ रावत, ग्राम प्रधान कमला ध्यानी, ईडीसी अध्यक्ष हाथीडंगर जसवंत सिंह, हीरासिंह खत्री, सुच्चा सिंह आदि मौजूद रहे।

# सिविल सर्विसेज की निःशुल्क कोचिंग शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर मे अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए सिविल सर्विसेज की निःशुल्क कोचिंग शुरू हो गयी है। यह 1 जनवरी 2026 से निरन्तर संचालित हो रही है।

मुख्य वक्ता प्रो. पीसी तिवारी अवकाश प्राप्त डीएसबी परिसर, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा 'मानव भूगोल विषय' पर व्याख्यान प्रदान किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में मानव समाज एवं संस्कृतियों का स्थानिक वितरण, उद्भव और विकास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मानव भूगोल में मानव वर्गों एवं उनके वातावरणों को शक्तियों, प्रभावों और प्रति क्रियाओं के पारस्परिक कार्यात्मक सम्बन्धों का अध्ययन प्रादेशिक आधार पर किया जाना बताया है।



महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. एसएस मौर्य ने रामनगर क्षेत्र के लिए इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

# लधियाघाटी-क्वैराला घाटी की अनदेखी पर सबका विकास पार्टी मुखर

■ मुख्यमंत्री को भेजा पत्र, बैजकोट (खरही) में उप-तहसील समेत छह सूत्रीय मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** क्षेत्र के लधियाघाटी, क्वैराला घाटी, की वर्षों से लंबित मूलभूत समस्याओं को लेकर सबका विकास पार्टी ने राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरीश चंद्र शर्मा 'नरेंद्र उत्तराखंडी' ने मुख्यमंत्री उत्तराखंड को पत्र भेजकर बैजकोट (खरही) क्षेत्र में उप-तहसील स्थापना सहित 6 सूत्रीय मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि पाटी तहसील की 23 ग्राम पंचायतें तथा चंपावत तहसील की 9 ग्राम पंचायतें बैजकोट (खरही) को अपना केंद्रीय स्थल मानती हैं। लगभग 16 हजार की आबादी इस क्षेत्र पर निर्भर है, लेकिन आज भी यहां प्रशासनिक, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विद्युत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है।

डॉ. शर्मा ने उल्लेख किया कि बैजकोट (खरही) में वर्ष 2010 में निर्मित कानूनगो चौकी जर्जर अवस्था में है, जहां न तो कानूनगो और न ही पटवारी नियमित रूप से बैठते हैं।

इससे ग्रामीणों को राजस्व कार्यों के लिए दूरस्थ स्थानों पर जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की हानि हो रही है। उन्होंने कहा कि मूलभूत ढांचे के अभाव में क्षेत्र का विकास प्रभावित हो रहा है और पलायन की समस्या बढ़ रही है। बैजकोट (खरही) में उप-तहसील की स्थापना, कानूनगो चौकी का पुनर्निर्माण एवं नियमित संचालन, पुलिस चेक पोस्ट की स्थापना, 33 केवी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण, पशु सेवा केंद्र की स्थापना, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जाए। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्रीय जनता को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। पत्र की प्रतिलिपि जिलाधिकारी चंपावत एवं पुलिस अधीक्षक को भी भेजी गई है।

# बिना ट्रीट किए पानी को नदियों में छोड़ा तो होगी कड़ी कार्रवाई: डीएम

## कल्याणी नदी को प्रदूषणमुक्त बनाने को जिलाधिकारी ने किया एसटीपी प्लांट का निरीक्षण

■ पानी के सैम्पल भरवा कर परीक्षण हेतु लैब में भेजने के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कल्याणी नदी को प्रदूषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने सिडकुल पंतनगर में स्थापित इएसटीपी प्लान्ट व रॉकेट इण्डिया प्रा.लि. में स्थापित एसटीपी प्लांट का स्थलीय निरीक्षण कर मौके पर ही पानी के सैम्पल भरवाए व परीक्षण हेतु लैब में भेजने के निर्देश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी को दिए।

जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सख्त निर्देश दिए कि यदि बिना ट्रीट किए पानी को कल्याणी या अन्य नदियों में छोड़ा जाता पाया गया तो कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को कम्पनियों में सीईटीपी/ईटीपी लाइन स्थापित किये जाने व प्रदूषित जल नदियों में न निस्तारित किये जाने संबन्धित जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश पूर्व में दिये गये थे जो आतिथि तक नही प्रस्तुत की गयी है। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारियों को कम्पनियों में इएसटीप/इटीपी लाइन स्थापित किए जाने व उसके उपरांत दूषित/रसायनिक जल निस्तारण कि सम्बन्ध में सुस्पष्ट जांच रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सिडकुल क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान सिडकुल डाल के पास सिडकुल क्षेत्र में जगह-जगह कूड़ा व गन्दगी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल कूड़े की सफाई कराने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए तथा आरएम सिडकुल को नोटिस भेजने के निर्देश नगर आयुक्त को दिये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कल्याणी नदी उद्गम स्थल पत्थर चट्टा, सिडकुल प्रारम्भिक स्थल, सिडकुल का अन्तिम स्थल अटरिया पुल व शहर के अन्तिम छोर यूपी बार्डर पर कल्याणी नदी के पानी के सैम्पल जांच कराने के निर्देश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एसपी सिंह, तहसीलदार दिनेश कुटौला आदि मौजूद थे।

# सरकार जनता के द्वार: गरीबों के लिए उम्मीद की किरण बना जनता दरबार

■ शिविर में ही 140 समस्याओं का समाधन, 800 से अधिक लोगों को मिला लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** सरकार जनता के द्वारा कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं साबित हो रहा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार की त्वरित और संवेदनशील कार्यसंस्कृति ने जिला प्रशासन को आम जनता के बेहद करीब ला दिया है। जहां भी डीएम पहुंचते हैं, वहां गरीब लोग पूरे भरोसे के साथ आते हैं कि आज उनकी समस्या का समाधान अवश्य होगा।

शिविर में खेती - काकड़ी के दिव्यांग गणेश सिंह अपनी दिव्यांग बेटी को साथ लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने न सिर्फ पिता-पुत्री के दिव्यांग प्रमाण पत्र मौके पर बनवाए, बल्कि दोनों को पेंशन योजना से भी जोड़ दिया। झोपड़ी में जीवन बिता रहे इस परिवार के लिए पक्के आवास की सुविधा भी डीएम ने मौके पर ही सुनिश्चित कर दी। सुंदरी देवी, त्रिलोक सिंह की दयनीय स्थिति को देखते हुए उन्हें मुख्यमंत्री राहत सहायता के लिए प्रस्तुत किया गया। वर्षों से घोर गरीबी में जीवन यापन कर रही भावना देवी को भी लंबे प्रयासों के बाद आवास की स्वीकृति मिली। पेयजल पाइपलाइन की समस्या से जूझ रही पार्वती देवी समाधान पाकर खुश नजर आईं, वहीं पूरन सिंह को दिव्यांग पेंशन की सुविधा से जोड़ दिया गया। शिविर में श्रम विभाग द्वारा आधा दर्जन लोगों को श्रमिक कार्ड वितरित किए गए। एलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा विभागों के शिविरों में भारी भीड़ रही। आधार कार्ड बनाए गए व उनमें संशोधन किया गया, राशन कार्ड वितरित किए गए।

रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से 50 गरीब लोगों को कंबल वितरित किए गए। जनता दरबार में कुल 160 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से 140 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि 20 मामलों में समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि "सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिला मुख्यालय की अनावश्यक दौड़ को समाप्त करना, लोगों का समय और धन बचाना तथा घर के पास ही सुविधाएं उपलब्ध कराना है।" उन्होंने कहा कि लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन से दूरभाष के माध्यम से भी संपर्क कर सकते हैं। शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सतीश पांडे, जिला पंचायत सदस्य योगेश जोशी, एसडीएम नीतू डांगर सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# कड़ाके की ठंड से लोग बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह कोहरा छाया रहा। कोहरा के कारण कड़ाके की ठंड रही। वहीं दिन में धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिली।

हालांकि अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। आने वाले दिनों में कोहरा छाने और कड़ाके की ठंड की संभावना है। गुरुवार को सुबह कोहरा छाया रहा। सुबह के समय काम पर जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

वहीं दोपहर बाद धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली। गुरुवार को अधिकतम तापमान में 2.3 और न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई।

# कीवी और अन्य फसलों के लिए किसानों को किया जाएगा प्रोत्साहित: डीएम



■ जायका योजना के तहत बागवानी को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता आशीष भटगांई ने की, जिसमें मुख्य उद्यान अधिकारी अभिनव कुमार ने जायका योजना और उत्तराखंड इंटीग्रेटेड हॉर्टिकल्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत चल रही विभिन्न गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में जायका (जापान अंत. रराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी) द्वारा वित्तपोषित UKIHDP परियोजना के अंतर्गत जनपद पिथौरागढ़ में बागवानी को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से कीवी उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, किसानों को इनपुट, प्रशिक्षण और बाजार सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, बागवानी को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग भी किया जा रहा है, जिनमें Kobo Collect App जैसे डिजिटल उपकरण शामिल हैं, जो किसानों को उत्पादन, विपणन और फसल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी संकलित करने में मदद करते हैं।

जिलाधिकारी ने इस परियोजना की गतिविधियों में और तेजी लाने और अधिक से अधिक किसानों को इस योजना से जोड़ने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि किसानों को समय पर सभी प्रकार की सहायता और जानकारी उपलब्ध हो, ताकि वे परियोजना के लाभ का पूर्ण उपयोग कर सकें। बैठक में मुख्य उद्यान अधिकारी ने बताया कि उक्त योजना के तहत जनपद के चार विकास खंडों में सेब, कीवी, अदरक, हल्दी सहित अन्य उच्च मूल्य वाली बागवानी फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत चयनित किसानों को उन्नत रोपण सामग्री, तकनीकी प्रशिक्षण, पौध संरक्षण, कटाई उपरांत प्रबंधन तथा विपणन से जुड़ी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी अमरेन्द्र चौधरी सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# घासारी योजना पर संकट, साइलेज की किल्लत से पशुपालक बेहाल

■ 75 प्रतिशत अनुदान वाली योजना में आपूर्ति ठप

■ सब्सिडी बकाया से फेडरेशन के हाथ बंधे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा ग्रामीण और शहरी महिलाओं के सिर से घास का बोझ कम करने के उद्देश्य से करीब पांच वर्ष पूर्व शुरू की गई घसीयारी योजना आज अपने ही ठहराव का दंश झेल रही है। शुरुआत में तेजी से लोकप्रिय हुई यह योजना अब साइलेज (पशु आहार) की भारी किल्लत के चलते पशुपालकों की परेशानी का कारण बन गई है।

यह संकट ऐसे समय में गहराया है जब जाड़ों में जंगलों की हरियाली सूख चुकी है और मवेशियों के लिए जंगलों में भी चारा उपलब्ध नहीं है। 75 प्रतिशत अनुदान पर दी जाने वाली यह योजना सहकारी समितियों के माध्यम से संचालित होती है। टनकपुर, बनबसा, चंपावत, लोहाघाट के आसपास की समितियों के साथ-साथ बाराकोट, देवीधुरा क्षेत्र की समितियों में साइलेज की मांग सबसे अधिक रहती है। जिला सहायक निबंधक प्रेम प्रकाश के अनुसार साइलेज की आपूर्ति न होने से पशुपालक रोजाना सहकारी समितियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक पूरे राज्य में साइलेज की आपूर्ति उत्तराखंड साइलेज फेडरेशन, देहरादून के माध्यम से होती है, लेकिन सरकार से सब्सिडी की धनराशि न मिलने के कारण फेडरेशन के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

बताया जा रहा है कि सरकार पर फेडरेशन की लगभग 6 करोड़ रुपये की सब्सिडी बकाया है। साइलेज की कमी से किसानों और पशुपालकों को हो रही कठिनाइयों को देखते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने इस मामले में राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। जिलाधिकारी का कहना है कि तीन चार दिन में साइलेज की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। गौरतलब है कि चंपावत मॉडल जिले में अन्य जिलों की तुलना में दूध उत्पादन सर्वाधिक होता है, ऐसे में बीते कुछ महीनों से साइलेज की आपूर्ति ठप रहने से यहां के पशुपालक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

# डीएम ने एनएच चौड़ीकरण कार्यों में प्रतिकर भुगतान में तेजी लाने के दिए निर्देश

■ राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि के प्रतिकर वितरण पर डीएम की सख्त नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण एवं चौड़ीकरण हेतु अधिग्रहित की जा रही भूमि के प्रतिकर वितरण की प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में राजस्व, बीआरओ, ग्रिफ, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सड़क मार्ग से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ की गई।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 09 के ढुंगातोली से तवाघाट खण्ड में सड़क चौड़ीकरण के अन्तर्गत प्रभावित भूमि एवं निजी भवनों/संरचनाओं के प्रतिकर भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई। अवगत कराया गया कि प्रभावित काश्तकारों को भुगतान हेतु धनराशि संबंधित स्तर पर प्रेषित की जा चुकी है तथा अधिकांश काश्तकारों को उनके बैंक खातों के माध्यम से भुगतान किया जा चुका है। शेष भुगतान की कार्यवाही प्रचलित है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में भुगतान अवशेष है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलम्ब न होने दिया जाए। उन्होंने समरेखन से बाहर हो रहे खसरा नम्बरों से संबंधित प्रकरणों का स्पष्ट परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 109ए जौलजीबी-मुनस्यारी-रामगंगा पुल मार्ग के सड़क चौड़ीकरण/निर्माण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि धारा 3-ए की अधिसूचना से छूटे हुए ग्रामों के प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर सक्षम स्तर पर प्रेषित किए जाएं, ताकि भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही में कोई बाधा न आए। साथ ही उन्होंने उपलब्ध पैचों पर निर्माण कार्य को गति देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राष्ट्रीय महत्व की इन परियोजनाओं में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं प्रभावितों के हितों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। बैठक में एडीएम योगेन्द्र सिंह, एसडीएम गंगोलीहाट यशवीर सिंह, एसडीएम धारचूला जितेंद्र वर्मा, चीफ ग्रिफ सौरभ कुमार, बीआरओ, राष्ट्रीय राजमार्ग व राजस्व विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# 10 और 11 जनवरी को चलेगा सदस्यता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** चुनाव संचालन समिति व्यापार मंडल खटीमा द्वारा जो व्यापारी सदस्यता से वंचित रह गए। उनके लिए 10 और 11 जनवरी को दो दिन के लिये सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

चुनाव संचालन समिति व्यापार मंडल खटीमा के पदाधिकारियों का कहना है। जो भी व्यापारी अभी तक व्यापार मंडल खटीमा की सदस्यता नहीं ले पाए हैं वह 10 और 11 जनवरी को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक घनश्याम अग्रवाल के कार्यालय गुरुद्वारा गेट के पास पीलीभीत रोड में सदस्यता शिविर लगाया जाएगा।

अभी तक सदस्यता नहीं ले पाये व्यापारी के लिये यह एक अन्तिम अवसर होगा।

वह सदस्यता शिविर में प्रतिभाग कर सदस्यता ग्रहण करने का कष्ट करें। सदस्यता के लिये दुकान या प्रतिष्ठान के किसी भी सरकारी विभाग के लाइसेंस की ओरिजनल दिखानी होगी और फोटो स्टेट जमा करनी होगी।

दो पासपोर्ट साइज के फोटो और 150 एक सौ पचास रुपये शुल्क देना होगा। साथ ही सदस्यता लेने वाले दुकान/प्रतिष्ठान के मालिक या पार्टनर को स्वयं आना होगा।

## एक नजर

# न्याय पंचायत लीलम में लगा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** शासन के निर्देशानुसार "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत न्याय पंचायत लीलम, विकास खण्ड मुनस्यारी में उपजिलाधिकारी आशीष जोशी की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 18 जनप्रतिनिधि और 56 अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। लगभग 465 व्यक्तियों ने शिविर में भाग लिया, जबकि 519 लाभार्थियों को विभिन्न केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 43 का मौके पर निस्तारण किया गया और शेष 09 को संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

शिविर में राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायत राज, कृषक कल्याण, उद्यान, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, आयुष, पशुपालन, खाद्य आपूर्ति, श्रम, शिक्षा, लोक निर्माण, पेयजल, सहकारिता और अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए। शिविरों में विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया और लाभार्थियों के आवेदन जैसे वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेंशन, परिवार रजिस्टर, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड आदि भरे गए।

उपजिलाधिकारी आशीष जोशी ने सभी जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से अपील की कि वे आगामी शिविरों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें ताकि अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक शिविर में स्वयं उपस्थित रहकर समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करें।

# ग्राम पचपेड़ा में लगा जागरुकता कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**खटीमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के सचिव के आदेश पर बाल अधिकार संरक्षण विषय पर कंचनपुरी ग्राम पचपेड़ा में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें पी एल वी विमल कुमार द्वारा बच्चों के लिए बाल संरक्षण अधिनियम 2005 जो बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय और राज्य में आयोग बनाए गए और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 यौन हिंसा से बच्चों की सुरक्षा और इसी के साथ बाल श्रम अधिनियम 1986 के अंतर्गत कल्याण एवं बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना के बारे में विस्तार से बताया एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में भी बताया गया। पीएलवी मीरा देवी ने नासा की लाभकारी योजनाएं एवं स्थाई लोक अदालत के बारे में विस्तार से बताया। पचपेड़ा ग्राम प्रधान ताहिर हुसैन द्वारा गांव में कैंप लगाने का अनुरोध करते हुये जिसके तहत विधिक जानकारी को देने के लिए गांव में कैंप लगाया गया।

# प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके छात्राओं को बांटा प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**खटीमा।** जमौर हिमालय चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में मुख्य मंत्री हुनर योजना के अंतर्गत संचालित एवं उत्तराखंड अल्पसंख्यक कल्याण तथा वक्फ विकास निगम वित्त पोषित स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिससे उनके आत्मविश्वास और रोजगार की संभावनाओं को नई दिशा मिलेगी।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से ग्रामीण एवं जरूरतमंद अल्पसंख्यक छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में व्यावहारिक कौशल, कार्यकुशलता और स्वरोजगार से जुड़ी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमौर के ग्राम प्रधान मोहम्मद रफीक ने छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर हिमालय ट्रस्ट के डायरेक्टर डॉ. एके पाराशर ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट केवल प्रशिक्षण नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य है कि ग्रामीण बेटियां अपने पैरों पर खड़ी हों और समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त करें। कार्यक्रम में कमल सिंह राणा, प्रशिक्षक गण, अभिभावक एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

# देवीचौडा गांव के लोगों को किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की सर्पदुली रेंज के अन्तर्गत देवीचौडा गांव में मानव वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण के तहत् बाघ रक्षक एवं वनाग्नि रोकथाम के लिए एक गोष्टी का आयोजन किया गया। जिसमें वन आरक्षी चन्दन सिंह बिष्ट द्वारा ग्रामाणों के साथ मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने और अग्नि से बचाव के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी।

मानव वन्यजीव संघर्ष और वनाग्नि से घटना ना हो इस पर भी उनके द्वारा ऐसा होने पर मदद देने के लिए कहा गया। वनो में आग न लगाने एवं वन क्षेत्र के समीप कूडा न जलाने की अपील की गई। वनाग्नि सुरक्षा के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 309 रेंज की सीमा से लगा होने के कारण आगन्तुकों द्वारा जलती बीडी, माचिस सिगरेट आदि फेके जाने पर भी आग लगने का खतरा बना रहता है। राष्ट्रीय राजमार्ग 309 से लगे वन क्षेत्रों में विशेष निगरानी कार्य किया जाये। जिस पर ग्रामीणों द्वारा आश्वासन दिया गया किया हम अपने क्षेत्र में वनाग्नि की घटनाए होने पर निकटतम चौकियों को सूचित करेगे।वन आरक्षी अश्वनी कुमार द्वारा ग्रामीणों को मानव वन्यजीव संघर्ष के तहत बाघ रक्षक के बारे में भी बताया गया एव वन वन्य जीव संरक्षण और मानव-वन्यजीव संघर्ष के न्यूनीकरण के लिए जागरूक किया गया। उन्हें पारिस्थितिकी तंत्र में बाध एवं उसकी भूमिका के महत्व से अवगत कराया गया। आबादी के आस पास वन्यजीव देखे जाने पर तुरन्त विभाग को सूचित करे एवं ग्रामीणों से सहयोग की अपील की गई।इस मौके पर रेंजर संजय कुमार पाण्डे,ग्राम प्रधान दैवीचौड़ा गाँव खीम राम,जितेन्द्र सिंह नेगी,धर्मपाल सिंह नेगी, चन्दन सिंह बिष्ट,अश्वनी कुमार,महेश,मुनेश,दयाल राम, विजय पाल,सीताराम,पीताम्बर आर्या, इन्द्रलाल, नरेश कुमार,पूरन राम,लीला देवी, गंगा देवी, अंजली देवी आदि मौजूद रहे।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर ट्रांजिट कैंप व्यापार मंडल ने निकाला कैंडल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर जनता का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। ट्रांजिट कैंप व्यापार मंडल के आह्वान पर बुधवार को स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता के संयुक्त नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला।

कैंडल मार्च ट्रांजिट कैंप कोतवाली के समीप स्थित राधा-कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर शिवनगर के चामुंडा मंदिर तक पहुंचा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हत्याकांड के दोषियों को कड़ी सजा दिलाने, मामले की निष्पक्ष जांच और सीबीआई जांच की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। कैंडल मार्च के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि अंकिता हत्याकांड से जुड़े मामले में हाल ही में पूर्व भाजपा विधायक सुरेश राठौर और उर्मिला सनावर के बीच हुई कथित बातचीत में 'वीआईपी' का नाम सामने आने के बाद पूरे प्रदेश की जनता स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि इस नए खुलासे से जनता का आक्रोश और अधिक भड़क गया है। ठुकराल ने धामी सरकार से मांग की कि वह अपनी छवि स्पष्ट करने और स्वयं को संदेह के घेरे से बाहर निकालने के लिए तत्काल भारत सरकार से इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच की संस्तुति करे, ताकि वीआईपी को लेकर बना संशय समाप्त हो और मृतका को न्याय मिल सके। यहां व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, विकास बंसल, ललित बिष्ट, रजत गुप्ता, केरू मंडल, रामकुमार गुप्ता, सोनू सक्सेना, अनूप, कुलदीप गंगवार, राहुल, जयप्रकाश प्रजापति, गौरव दीक्षित, बाबू राम प्रजापति, हरपाल, राजकुमार, योगेंद्र, राकेश अधिकारी, जितेंद्र राठौर, अरविंद गंगवार, कमलदीप सोनकर, सजीव लाला, रविंद्र गुप्ता, मनोज वर्मा, अनिल गुप्ता, यक्ष गुप्ता, राकेश कोली, विजेंद्र पाल, सुरजीत, संजय कुमार, सुरजीत गुप्ता, उमा सरकार, सचिन, सुमित गुप्ता, सुरजीत शर्मा, प्रीति साना, मोनिका ढाली सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी और व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# सिद्धार्थ साह बने हाई कोर्ट के जज

## मुख्य न्यायधीश जी. नरेन्द्र ने दिलाई शपथ, बार एसोसिएशन ने बताया गौरव का पल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल निवासी अधिवक्ता सिद्धार्थ साह उत्तराखंड उच्च न्यायलय के न्यायधीश नियुक्त किये गए हैं। नियुक्त किए जाने पर वीरवार को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र ने उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज तिवारी, रविंद्र मैंठानी, अलोक वर्मा, राकेश थपलियाल, पंकज पुरोहित, आशीष नैथानी, अलोक माहरा व सुभाष उपाध्याय समेत महा अधिवक्ता एसएन बाबूलकर मौजूद रहे। बता दें सिद्धार्थ साह को हाईकोर्ट का जज नियुक्त किये जाने की अधिसूचना राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद जारी कर दी गई है। राष्ट्रपति की ओर से जारी इस अधिसूचना के अनुसार यह नियुक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 224 के खंड (1) के तहत प्रदान की गई शक्तियों का उपयोग करते हुए की गई है। वर्तमान में एक अधिवक्ता के रूप में उत्तराखंड हाईकोर्ट में अपनी सेवाएं दे रहे थे। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिंह रावत ने कहा हाईकोर्ट में वीरवार को सिद्धार्थ साह की शपथ हुई है। बार एसोसिएशन के लिए यह गौरव व ऐतिहासिक का विषय है। न्यायधीश सिद्धार्थ साह ने हाई कोर्ट से ही प्रैक्टिस की है जिसके बाद आज वह न्यायधीश बने हैं। न्यायधीश सिद्धार्थ साह हमेशा अपने काम को प्राथमिकता देते हैं। पूरा समय कोर्ट पर देते थे। इस दौरान पूर्व न्यायमूर्ति राज. ेश टंडन, न्यायमूर्ति बीएस वर्मा, न्यायमूर्ति शरद शर्मा, न्यायामूर्ति सिद्धार्थ साह के पिता व अधिवक्ता एमएल पाह समेत वरिष्ठ पत्रकार राजीव लोचन साह, पद्मश्री अनूप साह तथा उनकी बहन अधिवक्ता साई किरण साह, बड़े भाई दीपांजन साह तथा उनकी पत्नी दीप्ति साह समेत वेद साह समेत बार एसोसिएशन के महासचिव सौरभ अधिकारी, बार काउंसलिंग के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता अवतार सिंह रावत के साथ ही सुमित बजाज, जसवंत सिंह खाती, शौर्य पांडे, बीसी पांडे, डीएस पाटिल, एमसी कांडपाल तथा महावीर त्यागी, डीसी जोशी, बीडी कांडपाल, नवनीत कौशिक, सिदार्थ सिंह, हरिमोहन भाटिया, बलवंत सिंह तथा हरीश सिंह राणा मौजूद रहे।





## वनवे में गलत दिशा में आने के चलते दो बाइकों में भिड़ंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में वीरवार को गलत दिशा में आने के चलते दो बाइकों की भिड़त में एक युवक घायल हो गया। 112 में शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार वीरवार की शाम को खुर्पाताल निवासी उमेश मेहरा बाइक से मेट्रोपोल के रास्ते घर को जा रहा था कि इस दौरान चीना बाबा चौराहे से नीचे को वन वे में गलत दिशा में आती बाइक उसकी बाइक से टकरा गई। बाइकों की टक्कर में उमेश घायल हो गया। आनन फानन घायल को राहगीरों ने राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। डाकटरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उमेश को छुट्टी ने दी। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि दूसरे बाइक सवार को कोतवाली बुलाया गया है। दोनों बाइक सवारों से पूछताछ के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### किसानों को मिली महत्वपूर्ण जानकारी

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद् के क्षेत्रीय केन्द्र पटवाडांगर में वीरवार को किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद् के निदेशक डा. संजय कुमार ने पशुपालन और कृषि के आपसी संबंध पर चर्चा की। उन्होंने बछड़े को गाय का दूध देने के महत्व और पशुओं में बांझपन के कारणों पर जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्राध्यापक डा. बलवान सिंह ने बद्री गाय के दूध के औषधीय गुणों पर प्रकाश डाला, जबकि पंतनगर विवि के डा. गुरविन्द्र सिंह ने मडुआ की खेती और जल संरक्षण पर जोर दिया। उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद् की वैज्ञानिक डा. कंचन कार्की ने जंगली गाजर की बढ़ती समस्या पर विचार साझा किए। वहीं, डा. सुमित पुरोहित ने हाइड्रोपोनिक खेती के लाभ बताए। कार्यक्रम का संचालन डा. मणिन्द्र मोहन ने किया और किसानों को पशुपालन किट वितरित की गई।

### रामगढ़ में निरूशुल्क नेत्र शिविर

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के मल्ला रामगढ़ में वीरवार को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बता दें शिविर स्वाति आर्य और समाजसेवी सन्नी के प्रयासों से लगा।शिविर में 100 से ज्यादा जरूरतमंद लोगों की डा. डीसी माथुर द्वारा निशुल्क जाँच की गई। शिविर के दौरान 9 मरीज मोतियाबिंद तथा तीन मरीज कनट्रेट के चयनित किये गए जिसका शुक्रवार आज हल्द्वानी में भानु पंत की निगरानी में निशुल्क उपचार होगा। इस अवसर पर विधायक राम सिंह कैड़ा, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख प्रदीप ढैला तथा समाजसेवी नवाब हुसैन व अजय पांडे उपस्थित रहें।

### प्रो. माधव गाडगिल ने निधन पर जताया शोक

**नैनीताल।** इकोलॉजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाले पर्यावरणविद् प्रो. माधव गाडगिल (83) का पुणे में निधन हो गया है कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने प्रो. गाडगिल के निधन पर शोक व्यक्त किया है तथा श्रद्धांजलि दी है। कूटा की तरफ से प्रो. ललित तिवारी समेत कूटा परिवार ने दुख जताया।

### 50 किसानों को पौधे व बीज वितरित

**नैनीताल।** जनपद नैनीताल में प्रत्येक माह के द्वितीय वीरवार को आयोजित होने वाले किसान दिवस के तहत, जिले का पहला किसान दिवस धारी विकासखंड मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों और विशेषज्ञों ने किसानों को विभिन्न योजनाओं, रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, किसान पेंशन और जैविक खेती के लाभ के बारे में जानक. ारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र ने 50 किसानों को प्याज, बंद गोभी और फूल गोभी के पौधे व बीज वितरित किए। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र सिंह नेगी, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप बिष्ट, विधायक प्रति. निधि प्रकाश चंद, जिला पंचायत सदस्य सरना रेखा देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

युवती ने 6 हजार का अक्नलाइन कैमरा मंगाया लेकिन पहुंचा खिलौना

युवती ने कोतवाली में शिकायत की

नैनीताल । नगर के मल्लीताल निवासी एक युवती को अक्नलाइन माध्यम से सामान खरीदना महंगा पड़ गया। युवती ने अक्नलाइन 6 हजार का कैमरा मंगाया लेकिन पैकेट के अंदर खिलौना निकला। युवती ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर उसकी रकम वापस दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी उपास्था रावत ने बीते 22 दिसंबर 2025 द्धसोमवारऋ को सोशल मीडिया साइट पर एक कैमरे का विज्ञापन देखा। सबंधित साइट पर दिये गए नंबर परत्न ोन करने के बाद उसने 6 हजार रुपये अक्नलाइन भुगतान भी कर दिया। बुधवार को जब पैकेट घर पहुंचा तो उसमें कैमरा नहीं बल्कि खिलौना निकला। ठगी होने के बाद युवती शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

### कुमाऊं विवि में शोधार्थियों से खुला संवाद

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों के पीएचडी शोधार्थियों और रिसर्च एसोसिएट्स के साथ एक ओपन हाउस संवाद आयोजित किया। इस संवाद में शोधार्थियों ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक और आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं, जैसे पेयजल, विद्युत आपूर्ति, वाई-फाई कनेक्टिविटी, सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण और फैलोशिप में विलंब पर चर्चा की। कुलपति ने शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय की कार्य-संस्कृति में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया और शोध प्रकाशनों के लिए स्कोपस सूचीबद्ध जर्नल्स को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने शोधार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय शोध अनुकूल वातावरण निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है और उनके सुझावों के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। शोधार्थियों ने पिछले दो वर्षों में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की, खासकर आंतरिक शोध अनुदान और समेलनों में वित्तीय सहायता को अत्यंत उपयोगी बताया।



# सरकारी अस्पतालों में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हाईकोर्ट गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में प्रदेश भर के सरकारी अस्पतालों में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने अगली सुनवाई हेतु 13 फरवरी 2026 वीरवार की तिथि नियत की है। बता दें वीरवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार ने पूर्व के आदेश की अनुपालन रिपोर्ट खण्डपीठ के सममुख पेश की जिसमें कहा गया है कि नैनीताल के भवाली टीबी हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बनाये जाने के लिए उपर्युक्त है। कार्यदायी संस्था ने भूमि का जमीनी सर्वे कर लिया है, अब उसे धरातल पर लाने के लिए शासन स्तर पर कार्यवाही चल रही है। अभी उसकी डीपीआर की रिपोर्ट भी आनी है। मामले की सुनवाई के बाद खण्डपीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि इसकी प्रगति रिपोर्ट 13 फरवरी 2026 वीरवार से पहले कोर्ट में पेश करें। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि प्रदेश भर के सरकारी अस्पतालों में न तो मरीजों को मूलभूत सुविधाएं ही मिल रही है और न ही हॉस्पिटलों मे बेहतर इलाज की सुविधाएं उपलबध है। स्टाफ की कमी और खराब पड़ी मशीनों के चलते मरीज़ो को हायर सेंटर रेफर कर दिया जाता है। याचिका में कहा गया है कई हॉस्पिटल में इंडियन हैल्थ स्टेण्डर्डर के मानकों की कमी है। याचिका में उच्च न्यायालय से सरक. ारी अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की प्रार्थना की है ताकि दूर दराज से सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।



## भिक्षुकों को खदेड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में घूमकर मांगने वाले भिक्षुकों को पुलिस ने उनके घर खदेड़ना शुरू कर दिया है। साथ ही उनके सत्यापन की भी जांच की जा रही है। बता दें कि नववर्ष के बाद पर्यटकों के साथ दर्जन से ज्यादा भिक्षुक भी नैनीताल पहुंच गए हैं, जिसके चलते शहर में जगह-जगह भिक्षुक पैंसे मांगकर पर्यटकों व स्थानीय लोगों को परेशान कर रहे हैं। इधर बृहस्पतिवार को मल्लीताल क्षेत्र में पुलिस व पालिका ने अभियान चलाकर भिक्षुकों से पूछताछ कर उनके आधार कार्ड देखे। साथ ही उनके सत्यापन की जांच की। जिसके बाद 25 से ज्यादा भिक्षुकों को नैनीताल से हल्द्वानी को खदेड़ दिया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चन्द्र पंत ने बताया कि क्षेत्र में घूम रहे भिक्षुकों को शहर से वापस उनके क्षेत्र को भेजा जा रहा है।

# बांग्लादेश पर सरकार की चुप्पी निराशाजनकः खष्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** बांग्लादेश में लोकतंत्र की जगह भीड़तंत्र के दंगाइयों ने जबर्दस्त उत्पात मचा रखा है जिसमें मुजीब उर रहमान की वर्षों पुरानी मूर्ति को ढहा दिए जाने के साथ ही हिंदू बांग्ला भाईचारे के संबंधों वाले आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी के सपने भी ध्वस्त हो गए हैं। जिन कटरपंथी जेनजी युवाओं ने आरक्षण का विरोध कर देश को गृह युद्ध की तरफ में धकेल दिया है उसमें हिंदू अल्पसंख्यक जल रहा है। यह कहना है जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष खष्टी बिष्ट का। बिष्ट ने कहा कि बांग्लादेश की निर्वासित पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में पनाह दिए जाने की सजा सवा करोड़ हिंदू क्यों भुगत रहा है? महिलाओं के साथ शोषण, बर्बरता और टार्गेटेड मर्डर की खबरों से समाचार पत्र भरे पड़े हैं पर हमारी सरकार चिकेन नेक पर कुछ मिलिट्री एक्सरसाइज दिखाकर भारतीय जनमानस को खुश कर देती है या बांग्लादेशी क्रिकेटरों को बैन करके युवाओं को खुश कर देती है जबकि करोड़ों बांग्ला हिंदू आतंक के साये में जी रहे हैं और पलायन करने के लिए मजबूर हैं। कहा कि पिछले डेढ़ साल से शेख हसीना को चिकेन बिरियानी परोसने वाली सरकार का दीपू दास को जला देने पर कोई खास प्रतिक्रिया न होना सनातनी की राजनिति करने वालों पर गंभीर निराशाजनक प्रश्न लगाता है जिसका वह विरोध दर्ज करती है।

# दहेज उत्पीड़न में पति व सास को एक-एक साल की सजा

**नैनीताल।** दहेज उत्पीडन के एक मामले में मुखय न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल रवि प्रकाश की अदालत ने पति और सास को दोषी ठहराते हुए एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है, साथ ही 10-10 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। मामले में सहायक अभियोजन अधिकारी अंजनी कुमार तिवारी ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार शिकायतकर्ता वंदना पाल का विवाह 23 मई 2019 को रौनक आनंद निवासी शिव विहार कुसुमखेड़ा हल्द्वानी के साथ हुआ था। विवाह के बाद पति और सास राजेंद्री आनंद की ओर से कम दहेज लाने के ताने दिए गए और पांच लाख रुपये तथा लजरी कार तथा पेट्रोल पंप खुलवाने की मांग की गई। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर वंदना पाल के साथ मारपीट तथा गाली-गलौज तथा मानसिक व शारीरिक उत्पीडन् किया गया और जान से मारने की धमकियां दी गईं। पीड़िता की तहरीर पर थाना मुखानी में वर्ष 2020 में मुकदमा दर्ज कर विवेचना की गई जिसके बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने रौनक आनंद और राजेंद्री आनंद को भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत दोषी माना। न्यायालय ने दोनों को एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास तथा 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी हालांकि अदालत ने आरोपियों को धारा 323/504/506 भारतीय दंड संहिता और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

## स्कूटी सवार घायल

**नैनीताल।** नैनीताल-हल्द्वानी रोड पर हनुमानगढ़ी क्षेत्र में स्कूटी चालक को कार से टक्कर मारने का मामला सामने आया है। घटना में स्कूटी सवाल चोटिल हो गया। शिकायत के बाद पुलिस कार चालक की खोजबीन में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल निवासी प्रकाश बुधवार की देर शाम स्कूटी से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। हनुमानगढ़ी के समीप वह आगे से जा रही कार से पास लेने लगे तो कार चालक ने उनकी तरफ स्टेयरिंग काट दिया। कार की टक्कर लगने से प्रकाश सड़क पर गिरकर चोटिल हो गया लेकिन कार चालक फरार हो गया। किसी तरह अस्पताल पहुंच उसने उपचार करवाया। जिसके बाद वह घटना की सूचना देने तल्लीताल थाने पहुंचा। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर हल्द्वानी रोड के सीसीटीवी खंगाल कर कार चालक की तलाश की जा रही है।

# विधायक कैड़ा ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भीमताल विकास खंड के विधायक राम सिंह कैड़ा ने वीरवार को रामगढ़ ब्लॉक के लोसज्ञानी, नथुवाखान तथा भलाड आदि गाँवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

इस दौरान ग्रामीणों ने आलू बीमा, बिजली, स्वास्थ्य, सड़क तथा पानी आदि की समस्याओं को विधायक कैड़ा के सम्मुख रखा। विधायक कैड़ा ने शासन में कृषि एवं उद्यान विभाग के उपनिदेशक तथा मुखय कार्यकारी अधिकारी (सी ईओ) नरेंद्र सिंह यादव से फोन पर वार्ता कर कहा इस वर्ष किसानों को आलू बीमा राशि कम मिली है जिस सन्दर्भ में विगत दिनों विधायक ने कृषि मंत्री व मुख्यमंत्री से मुलाकात कर किसानों को कम बीमा मिलने की समस्या से अवगत कराकर किसानों की समस्या का समाधान करने की मांग की थी। विधायक ने कहा वैदर यंत्र (स्टेशन) सही जगह नहीं लग पाने से किसानो को परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है और उन्हें आलू बीमा की राशि बहुत कम मिल रही है। विधायक के आग्रह पर अब शासन स्तर पर भीमताल विधानसभा के चारों ब्लॉकों में ग्राम पंचायतों के मध्य वैदर यन्त्र (स्टेशन) लगाने की कार्यवाही शुरू हो रही है, विधायक ने किसानों को उचित आलू बीमा देने हेतु अधिका. रियों को एसबीआई बीमा कंपनी पर कार्यवाही कर किसानों की समस्या का समाधान करने को कहा है। इसके साथ ही विधायक ने अन्य समस्याओं के लिए संबधित विभाग के अधिका. रियों को फोन कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये।



# बार एसो. ने किया मुख्य न्यायधीश का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र के आज 9 जनवरी शुक्रवार सेवानिवृति होने से पूर्व वीरवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा बार सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर हाईकोर्ट बार एसोसियशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत तथा महासचिव सौरभ अधिकारी समेत वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील वशिष्ठ तथा मीना बिष्ट सहित वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने मुख्य न्यायधीश को बुके भेंट किये। इस अवसर पर मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र ने उत्तराखंड हाईकोर्ट के अपने एक साल के कार्यकाल को अविस्मरणीय बताया। उन्होंने हाईकोर्ट बार को अनुशासित बताया तथा कहा कि अधिवक्ता मुकदमों की पैरवी के लिये कठिन मेहनत करते हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत व महासचिव सौरभ अधिकारी ने मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र के व्यवहार व उनकी कार्यप्रणाली की सराहना की। समारोह में बार एसोसियशन के पदाधिकारी भुवनेश जोशी, विश्वस्त कांडपाल, प्रसन्ना कर्नाटक, वरिष्ठ अधिवक्ता अवतार सिंह रावत, पुष्पा जोशी, एसके जैन, ललित बेलवाल, योगेश पचौलिया तथा संजय भट्ट सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।



## इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता होंगे हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायधीश

**नैनीताल।** राष्ट्रपति ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता को उराखंड उच्च न्यायालय का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा 08 जनवरी 2026 वीरवार को इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 217 की धारा (1) के तहत प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है।न्याय विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता का कार्यकाल उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से शुरू होगा। उनकी यह नियुक्ति उत्तराखंड उच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुहानाथन नरेंद्र की सेवानिवृत्ति के परिणामस्वरूप हुई है। न्यायमूर्ति गुहानाथन नरेंद्र 9 जनवरी 2026 आज को अपनी अधिवर्षिता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हो रहे हैं।



# सम्मान के साथ अधिवक्ताओं ने जिला जज गोयल को दी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल के स्थानांतरण पर जिला न्यायालय परिसर में वीरवार को अधिवक्ताओं द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में बार और बेंच के बीच समन्वय और संवाद को नई मजबूती मिली। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद ने कहा कि जिला जज हरीश कुमार गोयल का कार्यकाल न्यायप्रिय संतुलित एवं अधिवक्ताओं के हितों के प्रति संवेदनशील रहा वहीं जिला बार एसोसिएशन के सचिव दीपक रूबाली ने कहा कि वे सदैव बार के संरक्षक की भूमिका में रहे और अधिवक्ताओं को हर स्तर पर सहयोग प्रदान किया उनके मार्गदर्शन में न्यायिक प्रक्रिया के साथ-साथ व्यवहारिक पहलुओं को समझने का भी अवसर मिला। समारोह में जिला बार संघ की ओर से जिला जज गोयल को स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीजीसी सुशील कुमार शर्मा, संजय सुयाल, नीरज साह, प्रदीप परगाई, शंकर चौहान, शिवांशु जोशी, रवि आर्य, पंकज कुमार, हितेश पाठक, मुकेश कुमार, अनिल बिष्ट, राजेश त्रिपाठी तथा एमबी सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।



# यशपाल आर्य का जन्मदिन मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल विधान सभा के तहत बेतालघाट के दूरस्थ गाँव पाडली के प्रा.वि. पाडली (चौकविश्वत) में वीरवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या के जन्म दिन समारोह में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें नव निर्वाचित प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों व बुजुर्गों को शाल ओढ़ाकर सममानित किया गया साथ ही केक काट कर ग्रामीणों ने यशपाल आर्या की लंबी आयु व उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

इस मौके पर मुखय अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष भवाली पंकज कुमार व विशिष्ट अतिथि प्रदेश के पूर्व राज्य दर्जा मंत्री पी सी गोरखा रहे। पालिकाध्यक्ष पंकज कुमार ने ग्रामवासियों के सम्मुख नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या के विकास कार्यों के बारे में अवगत कराया और कहा कि बेतालघाट जिसे पहले कालापानी के नाम से जाना जाता था जहां कोई भी सुख सुविधा मौजूद नहीं थी कोई भी बेतालघाट जाना नहीं चाहता था। आज उस बेतालघाट को नयी पहचान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य द्वारा दी गई।पी सी गोरखा ने भी सभी ग्राम वासियों का आभार जताया और कहा कि इस घड़ी में हमें एक होकर पुनः कुशल नेतृत्व की कामना की। इस अवसर पर प्रधान पाडली चंद्र प्रकाश,ग्राम प्रधान भवाली गांव गोपाल चंद्र, दयाल चंद्र, हरीश चंद्र, खयाली राम, शिवानी आर्य उप प्रधान भवाली गांव, प्रताप चंद्र, कमल सिंह, गोपाल सिंह, प्रेम प्रकाश, क्षेत्र पंचायत सदस्य विक्रम सिंह, कैलाश चंद्र, पूर्व प्रधान बची राम, दीपक भंडारी तथा पूरन बोहरा आदि लोग मौजूद रहे।




## स्कूटी सवार के खिलाफ मुकदमा

**हल्द्वानी।** बीते चार नवंबर को सड़क हादसे में हुई बाइक सवार की मौत के मामले में मृतक की पत्नी ने काठगोदाम थाने पहुंचकर स्कूटी सवार के खिलाफ तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर स्कूटी सवार की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार रम्पुरा, बलरामपुर शेरगढ़ बरेली निवासी शहाना ने काठगोदाम पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनके पति असलम पेशे से कारपेंटर का काम करते थे। बीते 4 नवंबर को वह अपने साथी सैफी के साथ चोरगलिया से हल्द्वानी आ रहे थे। तभी गौलापार खेड़ा चौराहे पर सामने से तेज़ गति से आ रहे एक स्कूटी सवार ने विपरीत दिशा में जाकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। सड़क हादसे में असलम की मौत हो गई जबकि उनका दोस्त घायल हो गया।

## प्रकाश जोशी को कांग्रेस ने बंगाल का दायित्व सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पूर्व राष्ट्रीय सचिव और वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रकाश जोशी को पश्चिम बंगाल का मुख्य ऑब्जर्वर नियुक्त किया है, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता नीरज तिवारी ने कहा कि प्रकाश जोशी का संगठनात्मक अनुभव और निष्ठा पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेंगे। उनके नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन और अधिक सशक्त और प्रभावशाली होगा। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद बिष्ट, संजय किरोला, दीप सती, भोला दत्त भट्ट, जिला पंचायत सदस्य अरनब कंबोज, सतीश नैनवाल, भागीरथी बिष्ट, जया कर्नाटक, मनोज बिष्ट, पियूष बिष्ट, कुलदीप तड़ियाल, मनोहर आर्य, महेश कांडपाल सहित कई लोगों ने प्रकाश जोशी को बधाई दी।



# जिला अस्पताल के महिला शौंचालय में संदिग्ध की मौजूदगी पर पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल के महिला शौंचालय में संदिग्ध युवक के पकड़े जाने और पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई पर अस्पताल प्रबंधन ने सवाल उठाए हैं। अस्पताल प्रबंधन की ओर से एसएसपी को शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। बता दें कि बुधवार को जिला अस्पताल के महिला शौचालय में ताला लगे होने के बावजूद एक संदिग्ध व्यक्ति मिला। अस्पताल प्रबंधन की ओर से संदिग्ध को पकड़कर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद संदिग्ध को पुलिस के हवाले कर दिया गया साथ ही कार्रवाई की मांग की गई लेकिन अस्पताल प्रबंधन का आरोप है कि पुलिस ने संदिग्ध को मात्र चालान कर छोड़ दिया है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि ऐसे संवेदनशील मामले में बिना ठोस कानूनी कार्रवाई के संदिग्ध को छोड़ देना पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़ा करती है। प्रबंधन का यह भी कहना है कि इस तरह की ढील भविष्य में किसी बड़ी आपराधिक घटना को बढ़ावा दे सकती है। मामले में जिला अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टम्टा की ओर से एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी को भेजे गए पत्र में पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने 20 दिसंबर 2025 रविवार को भी जिला अस्पताल परिसर में हो रही चोरी और तोड़-फोड़ की घटनाओं को लेकर कोतवाली मल्लीताल को पत्र भेजने व कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। अस्पताल प्रशासन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से पूरे प्रकरण की पुनः समीक्षा कर उचित कानूनी कार्रवाई करने और संबंधित पुलिस कर्मियों की भूमिका की जांच करने की मांग की है। साथ ही अस्पताल परिसर में नियमित पुलिस गश्त सुनिश्चित करने की मांग की है।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### चीन की झेंग किनवेन ऑस्ट्रेलिया ओपन से हटीं

**वुहान, वार्ता।** चीन की ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटने की घोषणा की है, उन्होंने कहा कि वह अभी तक अपनी पसंदीदा प्रतिस्पर्धी स्थिति में नहीं पहुंची हैं। झेंग ने सोशल मीडिया पर एक बयान पोस्ट किया, जिसमें कहा गया कि यह फैसला उनकी टीम द्वारा सावधानीपूर्वक मूल्यांकन और मेडिकल सलाह के बाद लिया गया है। हालांकि झेंग ने कहा कि उनकी रिकवरी अच्छी तरह से हो रही है और उनका ऑफ-सीजन सुचारू रूप से चला गया है, उन्होंने कहा कि ग्रैंड स्लैम में प्रतिस्पर्धा करने के लिए खिलाड़ियों को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी स्थिति में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि फिलहाल, मैं अभी तक उस सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नहीं पहुंची हूं जो मैंने अपने लिए तय की है। झेंग ने इस वापसी को अविश्वसनीय रूप से कठिन बताया।

### तिलक की हुई सर्जरी न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने पर संशय

**नई दिल्ली, वार्ता।** मंगलवार को राजकोट में बंगाल के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफ़ी मुकाबले के बाद दर्द की शिकायत के बाद भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा के पेट के निचले हिस्से में सर्जरी की गई है। तिलक को तत्काल ही स्कैन कराने की सलाह दी गई जिसके बाद उनकी सर्जरी हुई। अब आने वाले कुछ दिनों में उनके बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करने की उम्मीद है। इससे उबरने में और उनकी वापसी की समय का अनुमान उनकी दोबारा जांच के बाद ही लगाया जा सकेगा। तिलक को हुई इंजरी के समय को देखते हुए 21 जनवरी से शुरू हो रही न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20आई सीरीज में उनके न खेल पाने की संभावना प्रबल है। तिलक भारत के टी-20 विश्व कप दल का भी हिस्सा हैं।

# हम श्रीलंका में विश्व का खेलना चाहते हैं: बांग्लादेश

## बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने बीसीबी की मांग को दोहराया




**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश के मुकाबलों को भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने की बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की मांग को दोहराया है। उन्होंने कहा कि बीसीबी सुरक्षा संबंधी चिंताओं की गंभीरता के बारे में आईसीसी को समझाने का प्रयास करेगा और उन्होंने साथ ही इस मामले को बांग्लादेश की गरिमा से संबंधित भी बताया। नजरुल ने मंगलवार को आईसीसी और बीसीबी की चर्चा के बाद आईसीसी द्वारा प्राप्त हुए संदेश पर बात करते हुए कहा कि आज आईसीसी का पत्र पढ़ने के बाद हमें यह समझ आया कि आईसीसी को भारत में बांग्लादेशी क्रिकेटरों की सुरक्षा संबंधी समस्या की गंभीरता का पूर्ण रूप से एहसास नहीं है।

मेरा मानना है कि यह सिर्फ़ सुरक्षा ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय अपमान का भी मामला है। बीसीसीआई खुद कोलकाता (नाइट राइडर्स) की टीम से कह रहा है कि इस खिलाड़ी को सुरक्षा नहीं दी जा सकती इसलिए उसे बाहर कर दें। यह अपने आप में इस बात की मौन स्वीकृति है कि भारत में खेलना बहुत सुरक्षित नहीं है।

बांग्लादेश के फ़िलहाल अपने पहले तीन ग्रुप मुकाबले कोलकाता जबकि अंतिम मुक. ाबला मुंबई में खेलना है। दोनों देशों के बीच बिगड़ते संबंधों के बीच बिना कोई स्पष्ट कारण बताए बीसीसीआई द्वारा केकेआर को मुस्तफ़िज़ुर रहमान को रिलीज करने का निर्देश दिए जाने के बाद वेन्यू को लेकर समस्या खड़ी हो गई। मुस्तफ़िज़ुर को हटाए जाने के बाद बांग्लादेश ने अपने देश में आईपीएल के प्रसारण पर रोक लगा दी और बीसीबी ने भारत में विश्व कप मुकाबले न खेलने को लेकर आईसीसी को पत्र भी लिखा। इस मुद्दे पर मंगलवार को बीसीबी की आईसीसी के साथ बातचीत हुई और बुधवार सुबह बीसीबी ने बयान जारी करते हुए आईसीसी द्वारा मिली किसी भी चेतावनी का खण्डन किया। इसके साथ ही बीसीबी ने कहा कि वह इस मामले पर आईसीसी के साथ व्यवहारिक समाधान तलाशने का प्रयास करेगा। हालांकि बुधवार को ही नजरुल ने बांग्लादेश के भारत में विश्व कप मुकाबले न खेलने की इच्छा को दोहराया। नजरुल ने कहा कि हम भारत में सांप्रदायिक स्थिति के बारे में कुछ नहीं कहना चाहते लेकिन जब बात हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा, बांग्लादेश की सुरक्षा और गरिमा की बात आती है तो हम कोई समझौता नहीं करेंगे। हम क्रिकेट खेलना चाहते हैं, हम विश्व कप खेलना चाहते हैं लेकिन हम श्रीलंका में खेलना चाहते हैं जो कि अन्य मेजबान देश है। हम अपने इस रुख पर कायम हैं क्योंकि हमें उम्मीद है कि हम आईसीसी को समझाने के प्रयास में सफल होंगे और आईसीसी हमारे तर्क को निष्पक्ष रूप से स्वीकार करेगा और हमें विश्व कप में खेलने का मौका देगा। आगे जो भी होता है हम उसके अनुसार रुख अख्तियार करेंगे। अभी के लिए हमारे रुख यही है कि हम आईसीसी को यह समझाएंगे कि भारत में हमारे खेलने के लिए हालात सही नहीं हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में नजरुल के साथ मौजूद बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा कि सुरक्षा संबंधी चिताएं केवल टीम तक ही सीमित नहीं हैं और बोर्ड विश्व कप के संबंध में सरकार की सलाह का पालन करेगा। हम आईसीसी को समझाने का प्रयास करेंगे, सुरक्षा से संबंधी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। आपको पता है कि हाइब्रिड वर्ल्ड कप आयोजित किए जाने का मुख्य कारण सुरक्षा है।

# दानिल मेदवेदेव, कोर्डा मिशेलसेन क्वार्टरफाइनल में

● **मेदवेदेन ने 61 मिनट में 6-3 6-2, से आसान जीत दर्ज करने के रास्ते में अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 91 प्रतिशत (31/34) जीता**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में फांसिस टियाफो के खिलाफ अपना शानदार लेक्सस एटीपी हेड2हेड रिकॉर्ड बनाए रखा और अपने 90वें टूर-लेवल क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे।

मेदवेदेव को बुधवार को हुए इस मुकाबले में कोई ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने 61 मिनट में 6-3, 6-2 से आसान जीत दर्ज करने के रास्ते में अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 91 प्रतिशत (31/34) जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी, जो इस सप्ताह अपनी 22वीं टूर-लेवल ट्रॉफी का पीछा कर रहे हैं, अब इस जोड़ी की हेड2हेड श्रृंखला में टियाफो से 6-1 से आगे हैं, उनकी सभी सात भिड़ंत हार्ड कोर्ट पर हुई हैं। मेदवेदेव की ब्रिस्बेन में अच्छी यादें हैं, क्योंकि वह 2019 में अपने एकमात्र पिछले मुकाबले में फाइनल तक पहुंचे थे। एटीपी रैंकिग में नंबर 13 खिलाड़ी ने 2026 के अपने पहले दो मैचों में अभी तक एक भी सेट नहीं हारा है और वह कामिल माजच्रजाक के खिलाफ भी इसी फॉर्म को जारी रखने की कोशिश करेंगे। पोलिश खिलाड़ी ने रेली ओपेल्का को 6-7(2), 7-6(7), 7-6(8) से हराया, और तीन मैच प्वाइंट बचाए। दो अच्छे दोस्तों के बीच मुकाबले में, अमेरिकी एलेक्स मिशेलसेन ने अपने हमवतन लर्नर टिएन को 6-4, 6-2 से हराया। 21 साल के एलेक्स ने अपनी किशोरावस्था में टिएन के साथ ट्रेनिग की थी और जेद्दा में 13 महीने पहले अपनी पहली मुलाकात के बाद से नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स खेला।

# वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी, निकहत व हितेश आसानी से सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश के टॉप बॉक्सर, जिनमें वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा, दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निकहत जरीन, वर्ल्ड बॉक्सिग कप गोल्ड मेडलिस्ट हितेश गुलिया और अन्य शामिल हैं, गुरुवार को गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में आसान जीत के साथ एलीट पुरुष और महिला नेशनल बॉक्सिग चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए। यह पहली बार है कि पुरुष और महिला नेशनल चैंपियनशिप एक ही जगह पर एक साथ हो रही हैं और देश भर से 600 बॉक्सर पुरुष और महिलाओं के लिए 10-10 वेट कैटेगरी में हिस्सा ले रहे हैं। ऑल इंडिया पुलिस की मीनाक्षी (महिलाओं का 45-48 किग्रा) ने पंजाब की कशिश मेहता को 5:0 से हराया, जबकि निकहत



(48-51किग्रा) ने मणिपुर की लांचेनबी चानू टोंगब्रम को इसी अंतर से हराया। पुरुषों के 65-70किग्रा क्वार्टर फाइनल में, हितेश ने पंजाब के तेजस्वी को 5:0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वर्ल्ड बॉक्सिग कप फाइनल के सिल्वर मेडलिस्ट पवन बर्तवाल (पुरुषों का 50-55किग्रा), जादुमणि सिंह (50-55किग्रा) और सचिन (55-60किग्रा) सभी ने अपने मुकाबलों में सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। पवन ने अरुणाचल प्रदेश के टायसन को हराया, जादुमणि ने पंजाब के निखिल को और सचिन ने उत्तर प्रदेश के करण को हराया। महिलाओं के 51-54 किग्रा क्वार्टर फाइनल में, प्रीति ने पंजाब की हरमीत कौर विर्क को 5-0 से हराया, जबकि साक्षी ने आरएसपीबी की पूनम को 4-1 से हराया।

# सिंधु, चिराग-सात्विक क्वार्टरफाइनल में




● **पुरुष वर्ग के एकल के प्री क्वार्टर मुकाबले में लक्ष्य सेन सीधे गेम में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए**

**कुआलालम्पुर, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिधु ने जापान की आठवीं सीड टोमोका मियाजाकी को गुरूवार को हराकर सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी भी युगल वर्ग क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जबकि पुरुष वर्ग के एकल के प्री क्वार्टर मुकाबले में लक्ष्य सेन सीधे गेम में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में खेले गए मुकाबले में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिधु ने पहला गेम 21-8 से जीता और दूसरे गेम में भी यही लय बनाए रखते हुए मैच 21-13 से अपने नाम किया। यह दुनिया की नंबर 18 पीवी सिधु की टोमोका मियाजाकी के खिलाफ तीन मैचों में दूसरी जीत थी। क्वार्टर फाइनल में सिधु का मुक. ाबला चीन की गाओ फांग जी और जापान की तीसरी सीड अकाने यामागुची के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। बैडमिटन रैंकिग में 13वें स्थान पर मौजूद लक्ष्य सेन 53 मिनट में हांगकांग के दुनिया के18 नंबर खिलाड़ी ली चेउक यिउ से 22-20, 21-15 से हार गए। 24 साल के भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी ने सकारात्मक शुरुआत की, ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बनाए रखी और पहले गेम में उनके पास चार गेम पॉइंट भी थे। हालांकि ली चेउक यिउ ने लगातार छह पॉइंट हासिल किए, जिससे लक्ष्य सेन टाई-ब्रेक में पहला गेम हार गए। दूसरे गेम में, लक्ष्य सेन ब्रेक तक 11-8 से आगे थे, लेकिन बाकी मैच में सिर्फ चार और अंक जोड़ पाए, क्योंकि ली चेउक यिउ ने मैच पर नियंत्रण कर लिया और अगले राउंड में पहुंच गए। यह ली चेउक यिउ के खिलाफ पांच मैचों में लक्ष्य सेन की तीसरी हार है। आयुष शेट्टी भी अपना प्री-क्वार्टर फाइनल मैच हार गए, जिससे बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत की पुरुष एकल चुनौती समाप्त हो गई। चीन के टॉप सीड और विश्व चैंपियन शी युकी के खिलाफ, आयुष शेट्टी एक घंटे और 12 मिनट में 21-18, 18-21, 21-12 से हार गए। इस बीच, भारत की शीर्ष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। मलेशिया के जुनैदी आरिफ और याप रॉय किग के खिलाफ खेलते हुए चिराग शेट्टी और सात्विक ने यह मैच 21-18, 21-11 से जीत लिया।

# वहेंगबाम सुधीर ने जीता स्वर्ण पदक



● **19 वर्षीय सुधीर ने गंडा स्पर्धा में मणिपुर को खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में राज्य का पहला स्वर्ण पदक दिलाया**

**दीव, वार्ता।** मणिपुर के वहेंगबाम सुधीर मीतेई ने केआईबीजी 2026 की पेंचक सिलाट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 19 वर्षीय सुधीर ने न केवल चुनौतियों पर काबू पाया, बल्कि प्रेमचंद्र एन्गखोम के साथ मिलकर गंडा स्पर्धा में मणिपुर को खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में राज्य का पहला स्वर्ण पदक भी दिलाया। मुकाबले के बाद सुधीर ने कहा कि यह मेरा पहला खेलो इंडिया बीच गेम्स था और आने से पहले मैंने अपने माता-पिता से वादा किया था कि मैं स्वर्ण पदक लेकर लौटूंगा। फाइनल के दौरान कुछ पल ऐसे थे जब घबराहट हुई, क्योंकि माता-पिता से हुई सारी बातें मेरे दिमाग में चल रही थीं। लेकिन मुझे खुशी है कि मैं गोल्ड जीत सका। सुधीर के मुताबिक, दीव का अनुभव उनके करियर की अब तक की सबसे कठिन परीक्षा था। वह कहते हैं कि हम आमतौर पर रेत पर प्रदर्शन करने के आदी नहीं हैं, इसलिए यह एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन यह एक नया अनुभव था और मैंने हर पल का आनंद लिया। मैंने हमेशा खेलो इंडिया मंच के बारे में सुना था, लेकिन इसे खुद अनुभव करना बेहद खास रहा। और स्वर्ण पदक के साथ लौटना इसे और भी यादगार बना देता है। इंफाल की प्रसिद्ध नवांग स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिक्षित खिलाड़ी सुधीर उसी संस्थान से निकले हैं, जिसने भारत को गंडा इवेंट में बिशन और जॉनसन के रूप में एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता दिए हैं। 2018 में सीनियर खिलाड़ियों से प्रेरित होकर सुधीर ने पेंचक सिलाट शुरू किया और जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। उन्होंने जूनियर नेशनल्स में 45-50 किग्रा टांडिग श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता।

# ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज 4-1 से जीती




## एलेक्स कैरी ने विजयी बाउंड्री लगाकर मैच और सीरीज अपने नाम कर ली

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर एशेज सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली, जिससे गर्मियों में उनका दबदबा दिखा। आखिरी दिन 160 रन के टारगेट का पीछा करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने 31.2 ओवर में पांच विकेट पर 161 रन बनाए, जिसमें एलेक्स कैरी ने विजई बाउंड्री लगाकर मैच और सीरीज अपने नाम कर ली।

इससे पहले, जैकब बेथेल के शानदार 154 रन के बावजूद इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में 342 रन पर आउट हो गया, जिन्हें उनकी मैराथन पारी के लिए स्टैंडिंग ओवेशन मिला। मिचेल स्टार्क ने एक बार फिर अहम झटका दिया, सीरीज को 31 विकेट के साथ खत्म किया, जब इंग्लैंड के आखिरी खिलाड़ी जोश टंग को मार्नस लाब. ुशेन ने वाइड मिड-ऑफ पर कैच कराया। उस्मान ख्वाजा (6), स्टीव स्मिथ (12) और लाबुशेन (37) के आउट होने से ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य कुछ देर के लिए डगमगा गया, लेकिन कैमरन ग्रीन (नाबाद 22) के शानदार स्ट्रोकप्ले और कैरी (नाबाद16) के धैर्य ने पक्का किया कि देर से कोई अलार्म नहीं बजा।

हेड को टेस्ट में उनके असर के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि स्टार्क को गेंद से लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। सीरीज का फैसला असल में बहुत पहले ही हो गया था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने पहले तीन टेस्ट जीतकर 11 दिनों के अंदर एशेज अपने पास रखी थी। पर्थ में शुरुआती टेस्ट में, जो एक तीखी पिच पर खेला गया था, इंग्लैंड पहले दिन 172 रन पर आउट हो गया, जब स्टार्क ने सात विकेट लेकर मेहमान टीम को ढेर कर दिया। पहली इनिग में बढ़त लेने के बाद इंग्लैंड ने थोड़ी बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन दूसरी इनिग में उनकी आक्रामक बैटिंग का तरीका उल्टा पड़ गया। ख्वाजा के चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया को ट्रैविस हेड के साथ ओपनिग करनी पड़ी, इस कदम ने सीरीज को बदल दिया। हेड ने 69 गेंदों में सेंचुरी बनाई और ऑस्ट्रेलिया दो दिन के अंदर 1-0 से आगे हो गया।

ब्रस्बेन में दूसरे टेस्ट में स्टार्क ने पिक बॉल से अपना प्यार जारी रखा, पहले दिन छह विकेट लिए। जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट शतक बनाया, लेकिन इंग्लैंड की फील्डिग ने उन्हें निराश किया क्योंकि उन्होंने पांच कैच छोड़े और ऑस्ट्रेलिया को 177 रन की अहम बढ़त बनाने दी। विल जैक्स और बेन स्टोक्स के ज्यादा कंजर्वेटिव अप्रोच से इंग्लैंड ने हार थोड़ी देर टाल दी, लेकिन जोफ्रा आर्चर और स्मिथ के बीच जबरदस्त मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में रहा और मेजबान टीम 2-0 से आगे हो गई। एडिलेड में तीसरे टेस्ट में, पैट कमिस कप्तान के तौर पर लौटे जबकि स्मिथ नहीं खेल पाए, जिससे ख्वाजा को वापस बुलाया गया।

# विजय हजारे ट्रॉफी: पंजाब ने मुंबई को 1 रन से हराया

● **गुरनूर बराबर-मयंक मार्कंडेय की घातक गेंदबाजी की बदौलत पंजाब ने मुंबई को हराया**

**जयपुर, वार्ता।** गुरनूर बरार और मयंक मार्कंडेय (चार-चार) विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत पंजाब ने गुरुवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में मुम्बई पर एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की। यहां मुम्बई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब की पूरी टीम मुम्बई के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 45.1 ओवर में 216 के स्कोर पर सिमट गई। पंजाब के लिए रमनदीप सिंह ने सर्वाधिक 72 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। अनमोलप्रीत सिंह ने छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 57 रन बनाए। नमन धीर (22), सुखदीप सिंह बाजवा (17), हरप्रीत बराड़ (15) और प्रभसिमरन सिंह (11) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान अभिषेक शर्मा (आठ) सहित पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंचे सके। मुम्बई के लिए मुशीर खान ने तीन विकेट लिए। ओंकार तरमाले, शशांक अतारडे और शिवम दुबे को दो-दो विकेट मिले। साईराज पाटिल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई के लिए अंगकृष रघुवंशी और मुशीर खान की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 57 रन जोड़े। इन दोनों बल्लेबाजों को गुरनूर बरार ने आउट किया। अंगकृष रघुवंशी ने (23) और मुशीर खान ने 21 रन बनाए। सरफराज खान एक बार फिर आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए महज 20 गेंदों में पांच छक्के और सात चौके लगाते हुए 62 रन ठोक डाले। 15वें ओवर में उन्हें मयंक मार्कंडेय ने पगबाधा आउट किया। सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे का बल्ला भी नहीं चला। सूर्यकुमार यादव (15) और शिवम दुबे 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। एक समय मुम्बई ने 22-3 ओवरों में छह विकेट पर 210 रन बना लिए थे और उसे जीत के लिए सात रनों की दरकार थी। 25वें ओवर में हरनूर सिंह ने हार्दिक तामोरे (15) को आउटकर मुम्बई की मुश्किल को बढ़ा दिया। अगले ही ओवर में हरप्रीत ने साईराज पाटिल (एक) को बोल्डकर मुम्बई को आठवां झटका दिया। 27वां ओवर करने आए मयंक मार्कंडेय ने शशांक और ओंकार को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेजा।

## दिल्ली ने हरियाणा को नौ विकेट से रौंदा

**बेंगलुरु, वार्ता।** इशांत शर्मा, नवदीप सैनी और प्रिंस यादव (तीन-तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद नीतीश राणा (नाबाद 57) और वैभव कांडपाल (नाबाद 28) की पारियों की बदौलत दिल्ली ने गुरुवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में हरियाणा को 219 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से रौंद दिया। इशांत शर्मा को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। यहां टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा के बल्लेबाज इशांत शर्मा की अगुवाई में दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 25.4 ओवर में महज 105 रन के स्कोर पर ढेर हो गई।

## सरफराज खान ने लिस्ट 'ए' क्रिकेट में जड़ा सबसे तेज अर्द्धशतक

**जयपुर, वार्ता।** सरफराज खान ने विजय हजारे ट्रॉफी के सातवें राउंड में पंजाब के खिलाफ लिस्ट ए क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे तेज अर्द्धशतक लगाया। जयपुर के जयपुरिया विद्यालय मैदान पर 217 के लक्ष्य का पीछे करते हुए मुशीर खान और अंगकृष रघुवंशी ने 8-2 ओवर में 57 रनों की साझेदारी करते हुए मुंबई को मजबूत शुरुआत दिलाई। अपने भाई के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए सरफराज ने आते ही स्पिनरों पर धावा बोल दिया।उन्होंने पंजाब के कप्तान अभिषेक शर्मा के एक ओवर में तीन छक्के और तीन चौके जड़े और इसके बाद उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ के खिलाफ पांच गेंदों में 19 रन बटोर लिए। सरफराज ने महज 15 गेंदों पर अपना अर्द्धशतक पूरा किया और जब उन्हें मंयक मार्कंडे ने पगबाधा किया तब वह सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 20 गेंदों पर 62 रन बना चुके थे। इस उपलब्धि के साथ सरफराज खान ने महाराष्ट्र के अभिजीत काले और बड़ौदा के अतीत सेठ के संयुक्त रिकॉर्ड को तोड़ा।

# 2027 एशेज सीरीज खेलने को लेकर आश्वस्त नहीं हैं स्टीव स्मिथ

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीवन स्मिथ ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के उम्रदराज खिलाड़ियों का समूह 2027 एशेज खेलने को लेकर उत्सुक है लेकिन वह खुद को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि वह उस सीरीज का हिस्सा हो पाएंगे या नहीं क्योंकि तब तक वह 38 के हो जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में सबसे उम्रदराज टीमों में से एक टीम के साथ जीत हासिल करते हुए एशेज पर 4-1 से कब्जा जमाया। टेस्ट इतिहास में अब तक सिर्फ़ सात बार कोई टीम 30 से अधिक की उम्र के 10 खिलाड़ियों के साथ खेली है और ऑस्ट्रेलिया ने इस सीरीज में दो बार (पर्थ और सिडनी में) ऐसा किया। अन्य पांच बार ऐसा करने वाली टीम इंग्लैंड थी जो 1909 से 1926 के बीच 30 से अधिक की उम्र के 10 खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरी थी। इस सीरीज की शुरुआत



से पहले ऑस्ट्रेलिया में शामिल उम्रदराज खिलाड़ियों पर सवाल उठे थे लेकिन 35 वर्षीय मिचेल स्टार्क प्लेयर ऑफ द सीरीज बने जबकि 36 वर्षीय स्कॉट बोलैंड ने सभी पांच टेस्ट खेले और उन्होंने 24-95 की औसत से 20 विकेट हासिल किए। वहीं 35 वर्षीय माइकल नीसर ने भी अहम भूमिका निभाते हुए तीन टेस्ट में 19.93 की औसत से 15 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलियाई दल के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी 39 वर्षीय उस्मान ख्वाजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया लेकिन स्मिथ से पूछा गया कि अन्य खिलाड़ी 2027 में इंग्लैंड में खेलने के लिए कितने उत्सुक हैं। स्मिथ ने कहा कि इंग्लैंड में दो ड्रॉ एशेज सीरीज खेलने के बाद यह एक ऐसी चीज (इंग्लैंड में एशेज जीतना) है जिसे वह हासिल करना चाहेंगे लेकिन फ़िलहाल वह अनिश्चित हैं।

स्मिथ ने फ़ॉक्स क्रिकेट से कहा कि मैं आश्वस्त हूं कि हर कोई वहां जाकर खेलना चाहता है और एशेज जीतने के लिए अपना 100 फ़ीसदी देना चाहता है। यह एक ऐसी चीज है जिसे मैंने अपने करियर में नहीं किया है इसलिए मैं निश्चित तौर पर हासिल करना चाहता हूं। हालांकि मैं वहां खेलने जा पाऊंगा या नहीं यह एक अलग सवाल है। पिछले चार या पांच वर्षों से हमारे पास एक बेहतरीन दल है और मुझे विश्वास है कि हम आगे विकसित होते रहेंगे और बेहतर करते रहेंगे।

## शाहलिया परवीन ने एमएससी माइक्रोबायोलॉजी में टॉप किया उत्तराखंड

# तालीम ही समाज सेवा का सबसे बेहतर जरिया : शहजाद

**❖लक्सर विधायक हाजी शहजाद व चेयरमैन संजीव ने किया सम्मानित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र नगर पंचायत सुल्तानपुर की शाहलिया परवीन ने एमएससी माइक्रोबायोलॉजी में उत्तराखंड टॉप कर नगर पंचायत सुल्तानपुर व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। लक्सर विधायक हाजी शहजाद व चेयरमैन संजीव ने शाहलिया परवीन को सम्मानित किया है।

लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने कहा कि जिस बच्चे को भी आगे बढ़ना है और अपने परिवार गांव प्रदेश देश का नाम रोशन करना है उसे शाहलिया परवीन से सीख लेनी चाहिए जिसने एमएससी माइक्रोबायोलॉजी में उत्तराखंड टॉप किया है। उन्होंने कहा नगर पंचायत सुल्तानपुर में दिलशाद शेख की पुत्रवध होनहार बेटी शाहलिया परवीन ने कड़ी



मेहनत करते हुए अपने बड़ों को और टीचर्स को आदर्श मानते हुए एमएससी माइक्रोबायोलॉजी में उत्तराखंड टॉप किया है जिसे हम सभी तहेदिल से शाहलिया प्रवीण को धन्यवाद देते हैं उन्होंने कहा सभी बच्चों को आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी तभी अपने देश प्रदेश व अपने गांव का नाम रोशन किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल लगाकर पढ़ते रहो आगे बढ़ते रहो हमारा आशीर्वाद आपके साथ है। नगर पालिका परिषद लक्सर अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू ने कहा कि अगर किसी बच्चे को अपने परिवार गांव व प्रदेश का नाम रोशन करना है तो उसे पढ़ाई करनी पड़ेगी उन्होंने कहा जिस तरह से नगर पंचायत सुल्तानपुर की होनहार बेटी शाहलिया परवीन ने एमएससी माइक्रोबायोलॉजी में उत्तराखंड टॉप किया है इसके लिए हम होनहार बेटी को बहुत-बहुत बधाई देते हैं और कहते हैं कि पढ़ते रहो आगे बढ़ते रहो।

## लगातार कोहरा व ठंड से गन्ना कोल्हू बंदी के कगार पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** लगातार कोहरा व ठंड पड़ने से कस्बा व आसपास ग्रामीण क्षेत्र में संचालित हो रहे गन्ना कोल्हूओ में ईंधन नहीं सूखने से जहाँ कुछ गन्ना कोलहू बंद हो गए हैं वहीं जो संचालित हो रहे हैं वह भी बंद होने की कगार पर है। गन्ना कोलहू बंद होने से कोलहू संचालकों को हानि उठानी पड़ रही है। कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में लगभग पचास गन्ना कोलहू संचालित है।यहाँ सँचालित हो रहे गन्ना कोलहूओ में गन्ने की पेराई कर गुड बनाने का काम किया जाता है। गन्ने से निकलने वाले रस को पका कर गुड बनाने के लिए गन्ने से निकलने वाली खोई ईंधन का काम करती है। लगातार 1 महीने से कोहरा व ठंड पड़ने से अधिकतर गन्ना कोलहूओ मैं गन्ने का रस पका कर गुड बनाने के लिए ईंधन की कमी हो गई है। गन्ना कोलहू संचालक खुर्शीद अली काला सिंह जुल्फिकार बालू अहमद फारूक अहमद तसुवर अहमद भूरा अहमद पटवारी अहमद सत्तार अली आदि का कहना है कि सितंबर माह के आखिरी हफ्ते में गन्ना कोलूओं में गन्ना पेराई का काम शुरू हो गया था। उस समय से आज तक गन्ना पेराई का काम चल रहा है। गन्ने की पेराई के बाद निकलने वाली खोई को सुखा कर ईंधन के रूप में प्रयोग की जाती है। लगातार 1 महीने से घना कोहरा व ठंड पडने के कारण ईंधन नहीं सूखने से गन्ना कोलहू बंद करने पड़ रहे हैं।

## कृषि भूमि का दो बार बैनामा कर लाखों की ठगी, धोखाधड़ी का मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के शिवदासपुर उर्फ तेलीवाला गांव स्थित कृषि भूमि को पहले ही किसी अन्य व्यक्ति को बेचने के बावजूद दोबारा बैनामा कर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है।पीड़ित ने आरोप लगाया है कि फर्जी बैनामे के जरिए उससे रुपये हड़प लिए गए और विरोध करने पर गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी दी गई।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना रानीपुर के सलेमपुर निवासी स्वराज सिंह पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने वर्ष 2011 में देवेन्द्र कुमार से विधिवत रजिस्टर्ड बैनामे के माध्यम से भूमि खरीदी थी । जिसका दाखिल-खारिज भी उनके नाम हो चुका था।वर्ष 2025 में कृषि ऋण के लिए खतौनी निकलवाने पर उन्हें जानकारी हुई कि उनका दाखिल-खारिज आदेश निरस्त कर दिया गया है। जांच में सामने आया कि उक्त भूमि को विक्रेता देवेन्द्र कुमार ने उनसे पहले ही वर्ष 2010 में किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया था। पीड़ित का आरोप है कि भूमि पहले से बिकने की जानकारी होते हुए भी आरोपी ने जानबूझकर धोखाधड़ी की नीयत से दोबारा बैनामा किया और रुपये हड़प लिए। मामले की शिकायत करने पर आरोपी ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाना ज्वालापुर में शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष सहित मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी और एसएसपी को शिकायती पत्र भेजा है।पीड़ित ने मांग की है कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि देवेंद्र कुमार निवासी शिवदासपुर तेलीवाला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बीएसएम इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय शिविर संपन्न

# छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से नशे के प्रत्येक किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इण्टर कॉलेज रुड़की में आज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं नुक्कड़ नाटक के साथ ग्राम खंजरपुर में विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एवं संस्थान के प्रबंधक, अध्यक्ष ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट व सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के डॉ घनश्याम गुप्ता प्रबंधक नेशनल कन्या इंटर कॉलेज खानपुर, संरक्षक उत्तराखंड प्रधानाचार्य परिषद ने पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। सर्वप्रथम एन.एस.एस के स्वयंसेवियों द्वारा एन.एस.एस गीत एवं लक्ष्य गीत को प्रस्तुत किया गया। शराब मुक्ति पर प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने समस्त उपस्थित जन समूह का ध्यान केंद्रित कर दिया। कार्यक्रम अधिकारी जितेश कुमार द्वारा एन.एस.एस शिविर की सात दिवसीय रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि इस शिविर का मुख्य विषय ष्स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत एवं युवा सशक्तिकरणष रखा गया है। मुख्य अतिथि प्रबंधक ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट ने सम्बोधित करते हुए कहा कि, एन.एस.एस का सात दिवसीय शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। एन.एस.एस के स्वयंसेवियों द्वारा जो जन जागरण का कार्यक्रम यहां पर 7 दिन में किया गया वह निश्चित रूप से समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि षशिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करना नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना भी



है। छै स्वयंसेवकों को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। यह शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क की भावना विकसित करेगा। सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि एन.एस.एस के स्वयंसेवियों द्वारा जो खंजरपुर में यह सात दिवसीय शिविर लगाया गया वह समाज के जन-जन तक एक नई चेतना एक नई स्पूर्ति की अलख जगाएगा। उन्होंने कहा ष्राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सर्वोपरि है। विशेष शिविर के माध्यम से छात्र ग्रामीण परिवेश और सामाजिक समस्याओं से रूबरू होंगे। मुझे विश्वास है कि यह सात दिन आप सभी के व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे।ष विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे डॉ. घनश्याम गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि एन.एस.एस विद्यालय की एक ऐसी जीवंत इकाई है जो परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप में सदैव समाज की सेवा के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने स्वयं सेवकों को एन.एस.एस के माध्यम से प्राप्त ए, बी एवं सी सर्टिफिकेट की उपयोगिता के बारे में बताया। प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने एन.एस.एस के सात दिवसीय विशेष शिविर के सफल संचालन के लिए कार्यक्रम अधिकारी जितेश कुमार एवम स्वयंसेवकों को साधुवाद दिया। कार्यक्रम समापन समारोह में कुलबीर पुंडीर, डॉ अभय ढौंडियाल, कमल मिश्रा, विकास गौतम, शैलेन्द्र पन्त, विशेष कुमार, मोहित कुमार, देवराज, संजय कुमार और स्वयंसेवको में सुधांशु, अजय, अरमान, सौरभ, पारस और सिद्धांत पाराशर उपस्थित रहे।

## व्यापारी को तमंचा दिखाकर धमकाने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस ने एक स्थानीय कारोबारी को जान से मारने की धमकी देने और दुकान में तोड़फोड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और जिंदाकारतूस भी बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपी इलाके का हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है, जिस पर पहले से ही 11 मुकदमे दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार, 31 दिसंबर 2025 को केशव नगर निवासी सुशील कुमार ने कोतवाली में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि 30 दिसंबर को सचिन पुत्र ओमकार ने उनकी दुकान पर आकर अवैध तमंचा लहरातेहुएगाली-गलौज की, तोड़फोड़ की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी।पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारी एसएसपी हरिद्वार द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत, लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। 6 जनवरी 2026 को मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी सचिन को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। अपराधिक इतिहास पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया है। पकड़े गए आरोपी सचिन (30 वर्ष) के खिलाफ पहले से ही विभिन्न थानों में 11 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में लक्सर चौकी प्रभारी विपिन कुमार, हेड कांस्टेबल शमशेर खान, मनोज शर्मा और होमगार्ड इमरान शामिल रहे।

## फुरकान विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर विधायक हाजी फुरकान अहमद ने ब्रस्पतिवार को मुकर्रबपुर में राज्य योजना के अंतर्गत बनने वाली आंतरिक सड़कों का फीता काटकर शिलान्यास किया।इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे और उन्होंने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों की सराहना की।

विधायक हाजी फुरकान अहमद ने बताया कि राज्य योजना के तहत करीब 88 लाख रुपये की लागत से मुकर्रबपुर क्षेत्र में आंतरिक सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासी लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे जिसे गंभीरता से लेते हुए कार्य शुरू कराया गया है। सड़क निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।विधायक ने कहा कि कलियर विधानसभा के प्रत्येक गांव और कस्बे में विकास कार्य कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे भी क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विकास



योजनाओं को लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। इस मौके पर अकरम प्रधान, रहीस अहमद, जावेद साबरी, अय्यूब, इस्तेकार प्रधान, रहीस अल्वी, दिलबाग, अमजद अली, बूंदा हसन, वरिस अहमद, मीर हसन, मोहब्बत, मुर्तजा, शरीफ अहमद, जरीफ अहमद मौजूद रहें।

## पत्नी से गाली गलौज व मारपीट करने पर शांति भंग में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह बुधवार देर शाम शराब पीकर अपनी पत्नी के साथ गाली गलौज व मारपीट कर रहा था। पुलिस को फोन से शिकायत मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा आरोपी पति को पकड़करथाने लाने के बाद उसके खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि बुधवार देर शाम ग्राम पावटी से फोन से सूचना मिली कि एक व्यक्ति शराब पीकर अपनी पत्नी के साथ गाली गलौज व मारपीट कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ग्राम पावटी निवासी अजीत के घर पहुंची जो अपनी पत्नी के साथ गाली गलौज व मारपीट कर रहा था। पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति को समझने का प्रयास किया पुलिस के समझाने पर भी नहीं मानने पर पुलिस पत्नी के साथ मारपीट कर रहे व्यक्ति को अपने साथ थाने ले आई। पुलिस ने उक्त के खिलाफ शांति भगँमें कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

## चावल का कोटा न मिलने पर राशन डीलरों ने गोदाम पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन से जुड़े राशन डीलरों ने आरएफसी गोदाम पर एकत्र होकर विभाग के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया। पिछले तीन महीनों से चावल का कोटा न मिलने के कारण डीलरों ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और जल्द आपूर्ति सुनिश्चित न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। यूनियन के अध्यक्ष अनीस अहमद गौड़ ने कहा कि राशन डीलरों को लगभग तीन महीने से चावल का कोटा नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों ने पूर्व में चावल उपलब्ध न होने की बात कही थी, लेकिन अब रुड़की आरएफसी गोदाम पर भारी मात्रा में चावल पहुंच चुका है। ट्रकों के आने के बावजूद डीलरों को राशन का आवंटन नहीं किया जा रहा है, जिससे सरकारी राशन प्रणाली प्रभावित हो रही है। अधिकारियों की अनुपस्थिति से डीलर परेशान हैं। यूनियन के उपाध्यक्ष रशीद मलिक और तेजपाल सिंह ने आरोप लगाया कि गोदाम पर संबंधित विपणन अधिकारी और अन्य जिम्मेदार कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं रहते। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार जनता की समस्याओं के तत्काल निस्तारण के निर्देश दे रही है। वहीं दूसरी तरफ अधिकारी दफ्तरों से नदारद हैं। अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण डीलर अपनी समस्या लेकर भटकने को मजबूर हैं। जनता के गुस्से का शिकार हो रहे हैं। डीलरों ने लिखित और मौखिक रूप से कई बार विभाग को सूचित किया है कि राशन न मिलने के कारण उन्हें आम जनता के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। कार्ड धारक लगातार चावल की मांग कर रहे हैं। लेकिन विभाग की शिथिलता के कारण वितरण अटका हुआ है। उन्होंने बताया कि ग्गोदाम में मौजूद वरिष्ठ विपणन अधिकारी इशरत अजीम ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर फिलहाल यह राशन पहाड़ी क्षेत्रों में भेजा जा रहा है ताकि हिमपात की स्थिति में वहां आपूर्ति बाधित न हो। मैदानी क्षेत्रों के लिए वितरण इसके बाद ही संभव हो पाएगा। हालांकि, राशन डीलरों ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि मैदानी क्षेत्रों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## 40 लीटर अवैध शराब के साथ पांच नशा तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा अवैध नशा बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी करते हुए 5 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है उनके कब्जे से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 7 जनवरी 2026 को रात्रि में अलग-अलग जगह दबीस देकर पांच नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया उनके कब्जे से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम पिनवा पुत्र स्वर्गीय बलदेव निवासी ग्राम पीतपुर सुखबीर सिंह पुत्र ताराचंद निवासी ग्राम इस्माइलपुर उम्र 60 वर्ष प्रदीप पुत्र किशन निवासी केहड़ा गौतम पुत्र लाखन सिंह निवासी उपरोक्त फुरकान पुत्र स्वर्गीय शरीफ निवासी मोहम्मदपुर कुन्हारी नियर अली चौक थाना कोतवाली लक्सर बताएं उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल शूरवीर तोमर स्वदेश राय गजेंद्र सिंह पवार कांस्टेबल महेंद्र सिंह चौहान राजेंद्र बिष्ट राजेंद्र सिंह सुरेश चौहान मनोज शर्मा किशोर नेगी होमगार्ड इमरान शामिल रहे पकड़े गए सभी व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए सभी व्यक्तियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## मस्जिदों के इमाम संगठन की मासिक बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** हरिद्वार जिले की मस्जिदों के इमाम संगठन की मासिक बैठक.., आज, बुधवार, 7 जनवरी को सुबह 9 बजे, मस्जिदों के इमाम संगठन की मासिक बैठक खूबबनपुर चौली मस्जिद में हुई, जिसमें, इलाके के अक्सर इमामों ने भाग लिया। संगठन को मजबूत और स्थिर करने के लिए, विभिन्न राय व्यक्त की गईं, जिनमें से एक यह थी कि जिले के अनुसार मस्जिदों के जिम्मेदार इमाम सक्रिय हों और अपने आस-पास की मस्जिदों के इमामों से मिलें और उनकी समस्याओं को सुनें और उनसे संगठन की मासिक मीटिंग में भाग लेने और इमामों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान और बचाव खोजने का अनुरोध करें। इस काम के लिए सहयोगियों का चयन किया गया। आज की बैठक में, इमामों की मीटिंग से पहले, मुफ्ती सरफराज साहिब मजाहीरी नदवी ने शहर के लोगों के बीच समाज के सुधार के संबंध में एक मूल्यवान भाषण में कहा कि इमाम हमारे सिर का ताज हैं, जिनके बिना हमारी प्रार्थनाएं और हमारे धार्मिक काम पूरे नहीं हो सकते। हर मुसलमान पर उनका सम्मान करना, उनकी रक्षा करना और उनकी जरूरतें पूरी करना जरूरी है। अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल वाहिद साहब ने कहा कि जैसे कम सैलरी से हमारी जरूरतें पूरी नहीं होतीं, वैसे ही इमामों की भी जरूरतें होती हैं। उनके भी माता-पिता, भाई, बहन, पत्नियाँ और बच्चे होते हैं। कम सैलरी से उनकी जरूरतें कैसे पूरी हो सकती हैं? उत्तराखंड प्रांत के तहफुज खत्म-ए-नबुव्वत मीडिया के प्रेसिडेंट कारी मुहम्मद शहजाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर पूरे गाँव में से एक भी आदमी बिना किसी बहाने के इमाम से नाराज हो जाता है, तो इस एक आदमी की वजह से इमाम को मस्जिद से निकाल दिया जाता है। यह कितनी बड़ी नाइंसाफी है?

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मोमीन उसकी पत्नी गुलफ्शा व मुकीम व उसकी पत्नी आरजू का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने उक्त चारों को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद उक्त सभी के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**शकील पुत्र बरकत अली नि. रावली महमूद थाना सिडकुल रोशानाबाद जिला हरिद्वार।**

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने तीन साल के कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है विकास : किरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला पंचायत डाक बंगले में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए अपने तीन वर्षों के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों का संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिला पंचायत का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद हरिद्वार के अधिकांश रविदास मंदिरों एवं अंबेडकर पार्कों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कराया गया, जिससे सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिली। इसके साथ ही जनपद के अनेक मंदिरों में सुंदरकांड पाठ एवं धार्मिक कार्यों का आयोजन कराया गया, जिससे धार्मिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ किया गया।

किरण चौधरी ने कहा कि जनपद की अधिकांश राजस्व ग्राम सभाओं में श्मशान घाटों तक पहुंचने के लिए सड़क एवं समतल रास्तों का निर्माण कराया गया, जिससे ग्रामीणों को अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील



परिस्थितियों में सुविधा मिल सके। इसके अतिरिक्त ग्राम मुजाहिदपुर सती वाला में ग्रामीण कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण भी कराया गया, जो स्वच्छ भारत मिशन की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक वर्ष कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया और सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की गईं। आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए किरण चौधरी ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में "अटल स्मृति वर्ष" के अंतर्गत जिला पंचायत द्वारा जल संचय योजना को हाथ में लिया गया है। इस योजना के तहत ग्राम सभा में तालाबों का निर्माण, वृक्षारोपण, फलदार वृक्षों के गार्डन विकसित किए जाएंगे। इस प्रस्ताव को हाल ही में संपन्न जिला पंचायत बोर्ड बैठक में स्वीकृति मिल चुकी है और आगामी दो वर्षों में इसे पूर्ण कर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद के प्रत्येक ब्लॉक की चार से पांच ग्राम सभाओं में, संबंधित जिला पंचायत सदस्य के अनुमोदन से आधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकें और उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके।

## अंकिता मामले में हरीश रावत ने निकाली न्याय यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में कांग्रेस पर लग रहे 'राजनीति' के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि इस संवेदनशील मामले में कांग्रेस कोई राजनीति नहीं कर रही है, बल्कि प्रदेश की एक बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभा रही है। उक्त बात ढडेरा में आयोजित न्याय यात्रा के दौरान कहीं। रुड़की के समीप ढडेरा के अशोक नगर में बुधवार शाम अंकिता हत्याकांड मामले में कांग्रेस द्वारा न्याय यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा सत्ता पक्ष द्वारा बार-बार यह कहा जा रहा है कि विपक्ष इस मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। कहा कि क्या एक पीड़ित परिवार के साथ खड़ा होना और 'वीआईपी' का नाम उजागर करने की मांग करना राजनीति है? अगर यह राजनीति है, तो ऐसी राजनीति बार-बार करेंगे। इंटक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उदय सिंह पुंडीर ने आरोप लगाया कि जांच की दिशा को मोड़ने की कोशिश की जा रही है और असली गुनाहगारों को संरक्षण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल राज्य की जनता और महिलाओं के मन में उपजे आक्रोश को आवाज दे रही है। यह संघर्ष किसी पद या वोट के लिए नहीं, बल्कि उत्तराखंड के स्वाभिमान के लिए है। अंकिता हत्याकांड केवल एक अपराध नहीं, बल्कि उत्तराखंड की अस्मिता पर चोट है। इस अवसर पर कलियर विधायक फुरकान अहमद,अरविंद प्रधान,राकेश भट्ट, हेम खंतवाल,राकेश चौहान,बच्चन सिंह रावत,नीमा बिष्ट,नीरू कुलाश्री,राजेंद्र रावत,आदेश शर्मा,पंकज सैनी,परवेज अहमद,प्रवेश,सतीश,राजेश, राशिद,नन्द किशोर आदि उपस्थित रहे।

# कुत्तों पर सुनवाई

आवारा कुत्ते क्या वास्तव में इंसानों के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में जिस तरह आवारा कुत्तों को लेकर सुनवाई हो रही है, उससे तो यही लगता है कि मामला वास्तव में गंभीर स्तर तक पहुंच गया है। गुरुवार को जोकि लगातार सुनवाई का दूसरा दिन था, कुत्तों के पक्ष और विपक्ष में अदालत के सामने दलीलें रखी गई। जोकि काफी मजेदार भी रही। ढाई घंटे तक चली बहस में जस्टिस नाथ का कहना था कि कुत्ते इंसानों का डर पहचान लेते हैं, इसलिए काटते हैं। हालांकि जज की इस बात पर जो कुत्तों का फेवर करने वाले अधिवक्ता ने इन्कार किया। इस पर जस्टिस नाथ यह कहने से नहीं चूके कि अपना सिर मत हिलाइए, यह बात वह पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहे हैं।

वहीं याचिकाकर्ता के वकील ने यह दलील दी कि राज्यों ने जो आंकड़े दिए हैं, उसमें किसी ने यह नहीं बताया कि नगरपालिका की तरफ से कितने शेल्टर चलाए जाते हैं। उनके अनुसार देश में सिर्फ 5 शेल्टर हैं और इनमें प्रत्येक में मात्र 100 कुत्ते रह सकते हैं। ऐसे में इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है। वहीं एनिमल वेलफेयर की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट सीयू सिंह ने कुत्तों को हटाने या शेल्टर होम भेजने पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि कुत्ते हटाने से चूहों की आबादी बढ़ेगी। इस पर कोर्ट ने भी मजाकिया अंदाज में कह डाला कि क्या इसके लिए बिल्लियां ले आएं। इस पूरे मामले पर सात महीनों से कोर्ट में छह बार सुनवाई हो चुकी है और पिछले साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल, अस्पताल, बस स्टैंड, स्पोट्स कॉम्प्लैक्स और रेलवे स्टेशन से आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया था। आदेश देते समय कोर्ट ने यह भी कहा था कि इन कुत्तों को तय शेल्टर में ट्रांसफर किया जाए।

याचिकाकर्ता के वकील का कहना था कि अदालत का आदेश सिर्फ संस्थानों तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि उसे रिहायशी इलाकों पर भी लागू किया जाना चाहिए। अधिवक्ता की यह भी दलील थी कि कुत्तों को समझाना संभव नहीं है, लेकिन कुत्तों की देखभाल करने वाले मालिक को समझाया जा सकता है। याचिकाकर्ता के वकील ने हर डॉग लवर और एनजीओ की याचिका लगाने में जो एक तय राशि जमा करनी होती है, उसको हटाने की मांग की है। कोर्ट ने भी उसी लहजे में जवाब दिया कि अगर हमने यह शर्त नहीं रखी होती तो यहां पंडाल लगाना पड़ता। जज महोदय का यह कहना सही है कि कुत्तों की मॉनिटरिंग के लिए पहले उनकी गिनती जरूरी है। उन्होंने आखिरी बार हुई 2009 में गिनती का हवाला भी दिया और कहा कि सिर्फ दिल्ली में ही 5 लाख 60 हजार कुत्ते थे। जाहिर है, आज के संदर्भ में यह संख्या कई गुना बढ़ी हो सकती है। इसमें कोई दोराय नहीं कि कुत्तों को लेकर आए दिन बड़ी दुखदायी खबरें सामने आती रहती हैं। कई मामलों में तो जान तक चली जाती है, जिसमें बच्चे और बुजुर्ग प्रभावित होते हैं।

## एक भी वोट न कटने पाए



वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने की साजिश को हर हाल में नाकाम किया जाए, तमाम प्रयासों के बावजूद पीडीए समाज के करोड़ों मतदाताओं के नाम अब तक मतदाता सूची से हटाए जा चुके हैं, एक भी वोट न कटने पाए, एक भी वोट न घटने पाए के संकल्प के साथ सभी को फिर से संगठित होना होगा, मतदाता सूची में नाम होना नागरिक होने की पहचान है, अगर किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटता है, तो आने वाले समय में उसी आधार पर राशन कार्ड, सरकारी योजनाओं, जाति प्रमाणपत्र, आरक्षण, नौकरी, बैंक खाते, बीमा, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बिजली-पानी कनेक्शन, खेत-जमीन और घर- मकान तक पर संकट आ सकता है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# पक्षियों की जिंदगी और ध्वनि प्रदूषण

आज की तेजी से विकसित होती दुनिया में, शोर प्रदूषण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या बन गई है। शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, और जनसंख्या वृद्धि के कारण शोर स्तर बढ़ता जा रहा है। इस शोर प्रदूषण का न केवल मनुष्यों पर प्रभाव पड़ता है, बल्कि यह पक्षियों और अन्य जीवों के जीवन को भी प्रभावित करता है। इस लेख में हम यह समझेंगे कि शोर प्रदूषण किस प्रकार पक्षियों के जीवन, उनके व्यवहार, और उनके प्रजनन पर प्रभाव डालता है।

**शोर प्रदूषण क्या है?**

शोर प्रदूषण उन सभी अवांछित ध्वनियों को संदर्भित करता है जो मानव गतिविधियों के कारण उत्पन्न होती हैं। यह ध्वनियां ट्रैफिक, औद्योगिक गतिविधियों, निर्माण कार्य और सार्वजनिक कार्यक्रमों से उत्पन्न होती हैं। शोर प्रदूषण को मापने के लिए डेसीबल का प्रयोग किया जाता है। 85 dB से अधिक के स्तर को शोर प्रदूषण माना जाता है।

**पक्षियों की संवेदनशीलता**

पक्षी अपनी सुनने की क्षमता और संवेदी तंत्र के लिए जाने जाते हैं। उनका अधिकांश संचार स्वर और आवाज के माध्यम से होता है। पक्षियों की अनेक प्रजातियां आवाज को अपने शिकार, साथी, और दुश्मनों के पहचानने के लिए उपयोग करती हैं। इसलिए, शोर प्रदूषण पक्षियों की जीविका के लिए एक गंभीर खतरा है।

**शोर प्रदूषण के प्रभाव**

1. व्यवहार में परिवर्तन

शोर प्रदूषण पक्षियों के व्यवहार पर गहरा प्रभाव डालता है। विभिन्न अध्ययन दर्शाते हैं कि जब पक्षियों को उच्च स्तर के शोर के संपर्क में लाया जाता है, तो उनके गाने की आवृत्ति और ध्वनि स्तर में बदलाव होता है। इससे उनकी संचार क्षमता प्रभावित होती है, और वे साथी को आकर्षित करने में कठिनाई महसूस करते हैं।

2. प्रजनन पर प्रभाव

शोर प्रदूषण का प्रजनन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कई प्रजातियों में यह देखा गया है कि शोर के कारण अंडों की संख्या में कमी, अंडों के फटने में देरी, और शिशुओं की मृत्यु दर में वृद्धि होती है। जब माता-पिता शोर से परेशान होते हैं, तो वे अपने बच्चों की देखभाल करने में असमर्थ हो सकते हैं।

3. भोजन की उपलब्धता

शोर प्रदूषण से पक्षियों की भोजन खोजने की क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है। जब शोर स्तर बढ़ता है, तो पक्षियों को अपने शिकार या भोजन को पहचानने में कठिनाई होती है। इससे उनकी ऊर्जा खर्च होती है, जो उनके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है।

4. स्वास्थ्य पर प्रभाव

शोर प्रदूषण के कारण पक्षियों में तनाव स्तर बढ़ जाता है। यह तनाव विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, जैसे कि हृदय रोग, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी, और सामान्य स्वास्थ्य में गिरावट। तनावग्रस्त पक्षियों का जीवन काल भी प्रभावित हो सकता है।

**अध्ययन और शोध**

विभिन्न शोधों ने शोर प्रदूषण के पक्षियों पर प्रभाव की पुष्टि की है। उदाहरण के लिए, एक अध्ययन में यह पाया गया कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाली चिड़ियों की प्रजातियों की प्रजनन दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कम थी। इसके अलावा, कई शोधकर्ताओं ने पाया है कि शोर प्रदूषण से प्रभावित पक्षियों में मानसिक तनाव और चिंता के लक्षण अधिक देखे गए हैं।

**समाधान और संरक्षण**

1. शोर स्तर को नियंत्रित करना

सरकार और स्थानीय प्राधिकरणों को शोर प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उपाय करने चाहिए। जैसे कि ट्रैफिक को नियंत्रित करना, निर्माण कार्यों के समय को सीमित करना, और औद्योगिक ध्वनियों को कम करना।

2. संरक्षण क्षेत्रों की स्थापना

विशेष संरक्षण क्षेत्रों की स्थापना से पक्षियों को सुरक्षित स्थान प्रदान किया जा सकता है। इन क्षेत्रों में शोर प्रदूषण को कम किया जा सकता है, जिससे पक्षियों को उनकी प्राकृतिक स्थिति में रहने का अवसर मिलेगा।

3. जन जागरूकता

लोगों को शोर प्रदूषण के प्रभावों के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। इसके लिए शैक्षिक कार्यक्रम और कार्यशालाओं का आयोजन किया जा सकता है।

4. अनुसंधान और विकास

शोर प्रदूषण के प्रभावों को समझने के लिए और अनुसंधान की आवश्यकता है। यह शोध न केवल पक्षियों, बल्कि अन्य जीवों के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है।

**निष्कर्ष**

शोर प्रदूषण केवल मानव जीवन को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि यह पक्षियों और अन्य जीवों के लिए भी एक गंभीर समस्या है। हमें इस दिशा में कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि हम अपने पर्यावरण को बचा सकें और पक्षियों को उनके प्राकृतिक निवास में रहने का अवसर प्रदान कर सकें। हमें समझना होगा कि प्रकृति का संरक्षण हमारे अपने भविष्य के लिए भी आवश्यक है।

यदि हम इस समस्या के प्रति जागरूक रहें और इसे हल करने की दिशा में प्रयास करें, तो हम न केवल पक्षियों को बल्कि पूरी पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रख सकते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम प्रकृति की रक्षा करें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित करें।



### विलुप्त हो रहे पक्षियों की संख्या

हालांकि ध्वनि प्रदूषण के कारण कई पक्षियों की प्रजातियां प्रभावित हो रही हैं, विशेष रूप से उनके संचार और प्रजनन पर प्रभाव डालने के कारण, कोई सटीक संख्या बताना मुश्किल है। विभिन्न अध्ययन बताते हैं कि पिछले कुछ दशकों में कई पक्षी प्रजातियां शोर के कारण अपने आवासों से बाहर जा चुकी हैं।

**टॉड के पक्षी**

इन पक्षियों का प्रजनन स्थान शोरगुल वाले क्षेत्रों में होने के कारण प्रभावित हुआ है, जिससे उनकी संख्या में कमी आई है।

**संगीत पक्षी**

जो अपने सुंदर गीतों के लिए जाने जाते हैं, वे ध्वनि प्रदूषण के कारण अन्य पक्षियों के साथ संवाद नहीं कर पा रहे हैं।

**विलुप्त होती प्रजातियां**


शोधकर्ताओं का मानना है कि ध्वनि प्रदूषण के कारण कई प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। उदाहरण के लिए, एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में कुछ प्रजातियां जैसे कि श्हेम्पस्टरश और इबिस तेजी से घट रही हैं।

# मनुष्य के विकास में दूध के सेवन का संबंध

**कुछ उत्परिवर्तनों से वयस्कों में भी लैक्टेस एंजाइम का उत्पादन होने लगा, जो दूध में उपस्थित लैक्टोस शर्करा को पचाने में मदद करता है। वयस्क अवस्था में भी इस एंजाइम के बने रहने को लैक्टेस निरंतरता कहते हैं। आधुनिक अफ्रीका की बड़ी जनसंख्या में लैक्टेस निरंतरता के लिए चार उत्परिवर्तन हुए हैं जबकि यूरोपीय लोग सिर्फ एक ऐसे उत्परिवर्तन पर निर्भर हैं। फिर भी यह उत्परिवर्तन काफी तेजी से फैल गए जिससे लगता है कि ये काफी फायदेमंद रहे होंगे। दूध सेवन के इतिहास को और गहराई से समझने के लिए शोधकर्ताओं ने अफ्रीका का अध्ययन किया, जहां का समाज पिछले 8000 वर्षों से गाय, भेड़ और बकरी पालन करता आ रहा है।**

मनुष्यों द्वारा दूध के सेवन का इतिहास मुर्गी और अंडा की पहेली जैसा है। मनुष्य दूध का सेवन तब से करते आ रहे हैं जब उनमें इसे पचाने की व्यवस्था भी नहीं थी, लेकिन डीएनए में उपयुक्त परिवर्तन के लिए जरूरी था कि वे दूध का सेवन करें। तो सवाल है कि क्या दूध पीने की शुरुआत पहले हुई या दूध पचाने के लिए जरूरी उत्परिवर्तन? ताजा अध्ययनों के अनुसार आधुनिक केन्या और सूडान के लोग कम से कम 6000 वर्षों से दुग्ध उत्पादों का सेवन कर रहे हैं यानि वे दूध को पचाने वाले जीन के अस्तित्व में आने से भी पहले से दूध का सेवन करते आ रहे हैं। गौरतलब है कि सभी मनुष्य बचपन में दूध पचाने की क्षमता रखते हैं, लेकिन लगता है कि वयस्कों में यह क्षमता पिछले 6000 वर्षों में ही विक. सित हुई है।

कुछ उत्परिवर्तनों से वयस्कों में भी लैक्टेस एंजाइम का उत्पादन होने लगा, जो दूध में उपस्थित लैक्टोस शर्करा को पचाने में मदद करता है। वयस्क अवस्था में भी इस एंजाइम के बने रहने को लैक्टेस निरंतरता कहते हैं। आधुनिक अफ्रीका की बड़ी जनसंख्या में लैक्टेस निरंतरता के लिए चार उत्परिवर्तन हुए हैं जबकि यूरोपीय लोग सिर्फ एक ऐसे उत्परिवर्तन पर निर्भर हैं। फिर भी यह उत्परिवर्तन काफी तेजी से फैल गए जिससे लगता है कि ये काफी फायदेमंद रहे होंगे। दूध सेवन के इतिहास को और गहराई से समझने के लिए शोधकर्ताओं ने अफ्रीका का अध्ययन किया, जहां का समाज पिछले 8000 वर्षों से गाय, भेड़ और बकरी पालन करता आ रहा है। वैज्ञानिकों ने खुदाई में मिले सूडान और केन्या के 2000 से 6000 वर्ष पुराने 8 कंकालों के दांतों की कठोर परतों में दुग्ध-संबंधी प्रोटीन की उपस्थिति देखी, जिससे लगता है कि ये लोग लगभग 6000 वर्ष पहले से डेयरी उत्पादों का सेवन कर रहे थे। नेचर कम्युनिकेशन्स में प्रकाशित यह अध्ययन अफ्रीका और विशेष रूप से विश्व की डेयरी खपत का प्राचीनतम प्रमाण है। अध्ययन से यह भी पता चला है कि अफ्रीका में डेयरी उद्योग यूरोप के डेयरी उद्योग जितना या उससे भी अधिक पुराना है और तो और, 2020 में कुछ अफ्रीकी कंकालों के डीएनए के अध्ययन के अनुसार प्राचीन अफ्रीकी लोगों में उस समय दूध को पचाने वाले किसी जीन का विकास भी नहीं हुआ था। वे लोग लैक्टेस निरंतरता से पहले से ही दूध का सेवन करते आ रहे थे। कंकालों में मिला प्रोटीन दूध, पनीर या दही जैसे किण्वित उत्पादों से आया होगा। कई संस्कृतियों में किण्वन का उपयोग दूध का सेवन करने से पहले उसकी शर्करा को तोड़ने के लिए किया जाता रहा है ताकि लैक्टेस की अनुपस्थिति में भी दूध उत्पादों का सेवन कर सकें। अंततः वह उत्परिवर्तन हुआ होगा, जिसने लोगों को दूध से अधिक से अधिक पोषण प्राप्त करने में मदद की।




वाशिंगटन यूनिवर्सिटी की पुरातत्वविद फियोना मार्शल के अनुसार, जिन अफ्रीकी लोगों में लैक्टेस की निरंतरता अधिक थी वे लोग अधिक समय तक जीवित रहते थे और उनके बच्चे भी ज्यादा होते थे। वैज्ञानिकों का मानना है कि लैक्टेस निरंतरता के चयन का कारण पर्यावरणीय भी हो सकता है। गौरतलब है कि दूध मुश्किल परिस्थितियों में आबादी का प्रबंधन करने का एक बढ़िया तरीका है जिसमें चरवाहे जानवरों की हत्या किए बिना ही उनसे पोषण प्राप्त कर सकते थे। सूखे के समय में भी ये चौपाए उनके लिए पानी के फिल्टर और भंडारण का काम किया करते थे। जब तक ये जीव जिंदा रहते थे, तरल, प्रोटीन और पोषण का स्रोत हुआ करते थे।

**...स्रोत फीचर्स**

# सबकुछ जानकर भी नहीं छूट पा रही सोशल मीडिया की लत

सोशल मीडिया का आगमन पिछले एक दशक में हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफार्मों ने न केवल हमारी संवाद शैली को बदल दिया है, बल्कि हमारी मानसिकता, स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर भी गहरा प्रभाव डाला है। हालांकि, इस तकनीकी प्रगति के साथ-साथ, सोशल मीडिया की लत भी एक गंभीर समस्या बन गई है। इस लेख में हम सोशल मीडिया की लत के स्वास्थ्य पर प्रभावों की गहराई से चर्चा करेंगे।

**सोशल मीडिया की लत: एक परिचय**

सोशल मीडिया की लत को किसी व्यक्ति के सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग करने के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो उनके दैनिक जीवन, कार्यक्षमता, और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। यह लत व्यक्तियों को अपने वास्तविक जीवन से दूर कर देती है और उन्हें एक आभासी दुनिया में सीमित कर देती है।

**सोशल मीडिया का बढ़ता उपयोग**

1. जनसंख्या के विभिन्न आयु वर्ग में प्रभाव

आजकल के युवा और बच्चे सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिता रहे हैं। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि औसतन एक व्यक्ति दिन में लगभग 2-3 घंटे सोशल मीडिया का उपयोग करता है। यह समय न केवल संचार के लिए, बल्कि मनोरंजन, समाचार, और अन्य जानकारी के लिए भी उपयोग किया जाता है।

2. सोशल मीडिया का व्यावसायिक उपयोग

सोशल मीडिया का उपयोग व्यवसायों में भी बढ़ रहा है। कंपनियां अपने उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग कर रही हैं। हालांकि, इस व्यावसायिक उपयोग के साथ-साथ, व्यक्तिगत उपयोग भी बढ़ रहा है।

**अवसाद और चिंता**

सोशल मीडिया की लत से अवसाद और चिंता की समस्याएं बढ़ सकती हैं। जब व्यक्ति दूसरों के जीवन को देखकर अपनी स्थिति की तुलना करते हैं, तो उन्हें असुरक्षा का अनुभव होता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**आत्म-सम्मान में कमी**

सोशल मीडिया पर ष्लाइकष और ष्फॉलोअरष की संख्या से व्यक्ति का आत्म-सम्मान प्रभावित होता है। जब व्यक्ति को अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, तो उनकी आत्मछवि पर बुरा असर पड़ता है।

**शारीरिक स्वास्थ्य**

सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग रात में नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। स्क्रीन की नीली रोशनी और लगातार सूचनाओं के कारण व्यक्ति सोने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**शारीरिक गतिविधियों की कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से शारीरिक गतिविधियों की कमी होती है। यह वजन बढ़ने, हृदय रोग, और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

**व्यक्तिगत संबंधों में कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से व्यक्ति अपने वास्तविक संबंधों की उपेक्षा करने लगता है। इससे पारिवारिक और मित्रता संबंध कमजोर हो सकते हैं।

**सामाजिक अलगाव**

जब व्यक्ति केवल ऑनलाइन बातचीत में ही उलझा रहता है, तो वे वास्तविक दुनिया से अलगाव का अनुभव कर सकते हैं। यह सामाजिक जीवन में कमी का कारण बनता है।

**प्रभावी शोध और अध्ययन**

अनेक शोधों ने सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित किया है। उदाहरण के लिए, एक अध्ययन में पाया गया कि जिन व्यक्तियों ने रोजाना अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताया, उनमें अवसाद और चिंता के लक्षण अधिक देखे गए।

**डेटा का विश्लेषण**

एक अन्य अध्ययन में, 18 से 24 वर्ष के युवाओं में सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध को स्थापित किया गया। यह पाया गया कि जिन युवाओं ने अपने आत्म-सम्मान को सोशल मीडिया पर आधारित किया, उनमें अवसाद की संभावना अधिक थी।

**समाधान और उपाय**


सोशल मीडिया के उपयोग को सीमित करना एक प्रभावी उपाय हो सकता है। व्यक्ति को अपनी स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना चाहिए और इसे केवल आवश्यकतानुसार उपयोग करना चाहिए।

**डिजिटल डिटॉक्स**

डिजिटल डिटॉक्स का अर्थ है कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाना। इससे व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य को पुनः सुधारने और वास्तविक जीवन में जुड़ने का अवसर मिलता है।

**जागरूकता कार्यक्रम**

लोगों को सोशल मीडिया के प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।





**मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं**

मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य के लिए पेशेवर मदद लेने में संकोच नहीं करना चाहिए।

**निष्कर्ष**

सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसकी लत गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें इसे समझदारी से उपयोग करने की आवश्यकता है, ताकि हम इसके फायदों का लाभ उठा सकें और इसके हानिकारक प्रभावों से बच सकें। इस दिशा में उठाए गए कदम न केवल हमारे लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए हमें सोशल

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नई दिल्ली। कड़ाके की ठंड के बीच सड़क किनारे आग के पास खुद को गर्म करती महिलाएं।

## मादुरो, सिलिया को गिरफ्तारी के दौरान में चोट लगीः वेनेजुएला

**काराकास।** वेनेजुएला के गृह मंत्री डियोसडाडो कैबेलो ने दावा किया है कि राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को उनकी गिरफ्तारी के दौरान चोट लगी थी। कैबेलो ने बुधवार को कहा कि श्रीमती सिल्विया को सिर में चोट लगी और शरीर पर मुक्के मारे गए, जबकि मादुरो के पैर में चोट लगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिकी सेना की सिलिया फ्लोरेस को ले जाने की कोई योजना नहीं थी। उन्होंने कहा कि जब वे मादुरो को ले जा रहे थे, तो उनका पत्नी सिलिया को ले जाने का कोई इरादा नहीं था, मगर श्रीमती सिलिया ने उनसे कहा कि अगर तुम मेरे पति को ले जाओगे, तो तुम्हें मुझे भी ले जाना होगा।

# ट्रम्प का कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को अमेरिका आने का न्यौता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कोलंबिया के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की बात करने के कुछ ही दिनों बाद, बुधवार को दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच टेलीफोन पर बात हुई। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में बताया कि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने नशीली दवाओं की तस्करी और दोनों देशों के बीच जारी अन्य विवादों पर चर्चा करने के लिए उन्हें फोन किया था।

इस बातचीत के बाद ट्रम्प ने घोषणा की है कि पेट्रो के साथ राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस में वार्ता की तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि जनवरी 2025 में ट्रम्प के कार्यभार संभालने और वेनेजुएला में हालिया सैन्य अभियान के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहला सीधा संवाद है। ट्रम्प ने लिखा कि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के साथ बात करना सम्मान की बात थी। उन्होंने नशीली दवाओं की स्थिति और हमारे बीच रहे मतभेदों को समझाने के लिए फोन किया था। मैं उनके कॉल और बात करने के लहजे की सराहना करता हूं और निकट भविष्य में उनसे मिलने के लिए उत्सुक हूं। ट्रम्प ने कहा कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो और कोलंबिया के विदेश मंत्री के बीच बैठक की तैयारियां की जा रही हैं। यह बैठक व्हाइट हाउस में होगी, हालांकि अभी इसकी तारीख की घोषणा नहीं की गई है। पेट्रो ने भी इस बातचीत की पुष्टि करते हुए इसे 'सौहार्दपूर्ण' बताया और कहा कि उन्होंने दोनों सरकारों के बीच सीधे संवाद की बहाली का अनुरोध किया है। पेट्रो ने राजधानी बोगोटा में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह बातचीत एक घंटे से अधिक समय तक चली।

उल्लेखनीय है कि ट्रम्प की सत्ता में वापसी के बाद से अमेरिका और कोलंबिया के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। ट्रम्प ने बार-बार कोलंबिया पर अमेरिका में कोक. ेन की तस्करी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। कोलंबिया ने इन आरोपों को झूठा बताया और स्पष्ट किया है कि वह संवाद, सहयोग और आपसी सम्मान पर आधारित संबंधों के लिए प्रतिबद्ध है और राज्यों के बीच बल प्रयोग या धमकी की बात अस्वीकार्य है।

## वेनेजुएला तेल बिक्री की आय से केवल अमेरिकी उत्पाद खरीदेगाः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि वेनेजुएला अपनी तेल बिक्री से होने वाली आय का उपयोग केवल अमेरिकी उत्पादों और सेवाओं को खरीदने के लिए करेगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें सूचित किया गया है कि नए तेल समझौते से प्राप्त धन से वेनेजुएला केवल अमेरिका निर्मित उत्पाद ही खरीदेगा। राष्ट्रपति ने बताया कि इस खरीद में कृषि उत्पाद, दवाएं, चिकित्सा उपकरण और ऊर्जा आपूर्ति वाले उपकरण शामिल होंगे। ट्रम्प ने कहा कि यह कदम वेनेजुएला के मुख्य आर्थिक भागीदार के रूप में अमेरिका की स्थिति को और मजबूत करेगा। उन्होंने इसे एक बुद्धिमानी भरा विकल्प और वेनेजुएला तथा अमे. रिका, दोनों के लोगों के लिए बहुत अच्छी बात बताया। यह घोषणा ट्रम्प के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि वेनेजुएला तीन से पांच करोड़ बैरल तेल अमेरिका को देगा जिसकी बिक्री से मिला पैसे का प्रबंधन अमेरिकी निंगरानी में होगा। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने पुष्टि की है कि अमेरिका वेनेजुएला के तेल निर्यात की निंगरानी करेगा और मौजूदा प्रतिबंधित आपूर्ति के साथ-साथ भविष्य के उत्पादन को अमेरिकी रिफाइनरियों और अन्य बाजारों में बेचेगा। दोनों देशों के बीच हुए इस समझौते के तहत लगभग दो अरब डॉलर मूल्य का कच्चा तेल अमेरिका भेजा जा सकता है।

# भारत पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा अमेरिका!

## रूस के खिलाफ प्रतिबंधों से जुड़े बिल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की मंजूरी, अगले हफ्ते संसद में वोटिंग

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दे दी है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक इस बिल में रूस से तेल खरीदने वाले देशों खासकर भारत, चीन और ब्राजील पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है। रिपब्लिकन सीनेटर लिडसे ग्राहम ने बताया कि उन्होंने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति से बातचीत की, जिसमें ट्रम्प ने संसद में बिल को पेश करने के लिए हरी झंडी दे दी।

यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था। इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है। बिल का नाम 'सैंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025' है। इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि इससे रूस को युद्ध लड़ने में मदद मिल रही है। रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों से जुड़े बिल को रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स दोनों ही पार्टियों के सांसदों का समर्थन मिला है। इस एक्ट के तहत रूस के ऊर्जा, बैंकिंग और डिफेंस सेक्टर्स को निशाना बनाया गया है। इसमें रूसी तेल-गैस कंपनियों, बड़े बैंकों, डिफेंस इंडस्ट्री और उनसे जुड़े ग्लोबल नेटवर्क पर सख्त पाबंदियों का प्रस्ताव है।

इसके साथ-साथ उन तीसरे देशों, कंपनियों या बैंकों पर भी सेकेंडरी सैंक्शन लगाने का प्रावधान है, जो रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद करते पाए जाएं। मतलब साफ है जो देश भी रूस के साथ घुमावदार रास्ते से कारोबार करेगा, वह भी अमेरिकी कार्रवाई की जद में आ सकता है। विधेयक में अमे. रिका और उसके सहयोगी देशों में फीज की गई रूसी संपत्तियों को यूक्रेन के पुनर्निर्माण में इस्तेमाल करने की कानूनी राह तैयार करने की बात कही गई है। इससे युद्ध के नुकसान की भरपाई की जाएगी। रूस पर प्रतिबंध लगाने के लिए जारी किए गए ट्रम्प के कार्यकारी आदेशों को इस एक्ट के जरिए कानून में बदला जाएगा। भविष्य में कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति अकेले फैसले से इन प्रतिबंधों को नहीं हटा सकता और न ही उनमें कटौती कर सकेगा। अगर किसी तरह की छूट या राहत देनी भी हो, तो उसके लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी। बिल में राष्ट्रपति को विशेष छूट (प्रेसिडेंशियल वेवर) देने का भी प्रावधान है, ताकि डोनाल्ड ट्रम्प को रूस पर दबाव बनाने की ज्यादा ताकत मिल सके। रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने वाला यह बिल एक बाइपाटिसन यानी द्विदलीय बिल है। यह बिल रिपब्लिकन सीनेटर लिडसे ग्राहम और डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने मिलकर पेश किया है। सीनेटर लिडसे ग्राहम के मुताबिक, इस बिल के अभी 85 सह-प्रायोजक (को-स्पॉन्सर) हैं, यानी सीनेट के 80 प्रतिशत से ज्यादा सांसद इसके समर्थन में हैं। अमेरिका ने रूसी तेल की खरीद को लेकर पर पहले से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया हुआ है। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो दिल्ली के लिए नई मुश्किलें लेकर आ सकता है। अब तक भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लग चुका है। इसके चलते भारत को अमेरिका में अपना सामान बेचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा है, जिसका असर भारत के निर्यात पर पड़ रहा है। दोनों देशों के बीच टैरिफ विवाद को निपटाने के लिए ट्रेड डील पर बातचीत भी चल रही है। भारत चाहता है कि उस पर लगाए गए कुल 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 15 प्रतिशत किया जाए और रूस से कच्चा तेल खरीदने पर जो एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत पेनल्टी लगाई गई है, उसे पूरी तरह खत्म किया जाए। दोनों देशों के बीच चल रही इस वार्ता से नए साल में कोई ठोस फैसला निकलने की उम्मीद है। लिडसे ग्राहम ने 5 जनवरी को कहा था कि वह करीब एक महीने पहले भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्र के घर गए थे। उस मुलाक. ात में सबसे ज्यादा चर्चा भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद कम करने को लेकर हुई थी। उन्होंने बताया कि भारतीय राजदूत ने उनसे राष्ट्रपति ट्रम्प तक यह संदेश पहुंचाने को कहा था कि भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाया जाए। भारत ने 2021 के बाद पहली बार रूस से कच्चे तेल का आयात घटाया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का रूसी तेल आयात नवम्बर में करीब 17.7 लाख बैरल प्रतिदिन था, जो दिसम्बर में घटकर लगभग 12 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया है। आने वाले समय में यह 10 लाख बैरल प्रतिदिन से भी नीचे जा सकता है। जनवरी में आने वाले आंकड़ों में भारत के रूसी तेल आयात में बड़ी गिरावट दिख सकती है।



■ यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था, इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है
■ इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं

## ट्रम्प ने अमेरिका को 66 वैश्विक निकायों से अलग किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रीय हित का हवाला देते हुए देश को 66 वैश्विक संगठनों से अलग करने की घोषणा की है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि संयुक्त राष्ट्र से जुड़े निकायों सहित इन 66 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, एजेंसियों और आयोगों से अब अमेरिका का कोई वास्ता नहीं है। आदेश के अनुसार, ए समूह अब अमेरिका के राष्ट्रीय हितों की सेवा नहीं करते हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने इन संगठनों की पहचान बेकार, अप्रभावी और हानिकारक संस्थाओं के रूप में की है। अमेरिकी प्रशासन की ऐसी समीक्षा का कार्य अभी जारी है, जिससे भविष्य में ऐसे संगठनों की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है। वर्तमान आदेश में मुख्य रूप से संयुक्त राष्ट्र से जुड़े उन निकायों को निशाना बनाया गया है जो जलवायु, श्रम और इनसे संबंधित मुद्दों पर केंद्रित हैं। अधिकारियों के अनुसार, 'कार्यकारी आदेश 14199' के तहत की गई सरकार-व्यापी समीक्षा में 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठन और 31 संयुक्त राष्ट्र से संबंधित ऐसी संस्थाएं पाई गईं जो अमेरिकी मानकों पर खरी नहीं उतरीं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सात जनवरी को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि इनमें से कई संगठनों को अनावश्यक, कुप्रबंधित या विशेष हितों द्वारा नियंत्रित पाया गया है, जो अमेरिकी प्राथमिकताओं के विपरीत काम कर रहे हैं।

# अमेरिका ने सोमालिया सरकार की सभी प्रकार की सहायता रोकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने सोमालिया सरकार की सभी प्रकार की सहायता स्थगित करते हुए आरोप लगाया है कि अधिका. रियों ने खाद्य सहायता से भरा विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफ़पी) का एक गोदाम नष्ट कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि सोमाली अधिकारियों ने दानदाताओं द्वारा वित्त पोषित 76 टन खाद्य सहायता जब्त कर ली थी, जो जरूरतमंद सोमालियाई लोगों के लिए थी।

विभाग ने एक्स पर एक बयान में कहा, ष्विदेश विभाग ने सोमाली संघीय सरकार को लाभ पहुंचाने वाले सभी जारी अमेरिकी सहायता कार्यक्रमों को रोक दिया है। ट्रम्प प्रशासन मानवीय सहायता की बर्बादी, चोरी और हेरफेर को बिलकुल सहन नहीं करेगा और उसने सोमाली संघीय सरकार को लाभ पहुंचाने वाले सभी अमेरिकी सहायता कार्यक्रमों को रोक दिया है। सहायता की कोई भी बहाली सोमाली संघीय सरकार पर निर्भर होगी, जो अपने अस्वीकार्य कार्यों के लिए जवाब. देही लेगी और उचित सुधारात्मक कदम उठाएगी। वाशिंगटन एक्जामिनर की एक रिपोर्ट में डब्ल्यूएफपी के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया कि मोगादिशु बंदरगाह में एक खाद्य गोदाम को बंदरगाह अधिकारियों द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि गोदाम में कुपोषित गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं, लड़कियों और बच्चों के इलाज के लिए विशेष पौष्टिक भोजन था। डब्ल्यूएफपी के प्रवक्ता ने कहा कि यह गोदाम हमारे आपातकालीन अभियानों के लिए महत्वपूर्ण है, ऐसे समय में जब लगभग एक चौथाई आबादी (44 लाख लोग) सोमालिया में भूख के संकट स्तर या उससे भी बदतर स्थिति का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एजेंसी इस मुद्दे को हल करने के लिए अधिकारियों और भागीदारों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रही है। ट्रम्प ने व्यक्तिगत रूप से अमे. रिका में सोमाली समुदाय के खिलाफ नस्लवादी टिप्पणियां करते हुए कहा है कि वे 'अमेरिका को नष्ट कर रहे हैं।' उन्होंने सोमा. लिया से एक डेमोक्रेटिक प्रतिनिधि इल्हान उमर पर भी हमला किया, जो एक बाल शरणार्थी के रूप में अमेरिका आई थीं।

## श्रीलंका में भारी बारिश का अनुमान मछुआरों को समुद्र से लौटने की सलाह

**कोलंबो।** श्रीलंका मौसम विभाग ने गुरुवार को समुद्र में मौजूद मछुआरों को तुरंत वापस लौटने या सुरक्षित ठिकानों पर शरण लेने का आग्रह किया है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना एक 'गहरा दबाव' शुक्रवार को देश को प्रभावित कर सकता है जिससे भारी भारिश की चेतावनी दी गई है। विभाग ने मछुआरों को अगले आदेश तक समुद्र में न जाने की सलाह भी दी है। मौसम विभाग का कहना है कि पिछले साल आए चक्रवात 'दित्वा' से प्रभावित हुए कई जिलों में 100 मिमी से अधिक बारिश हो सकती है। विभाग ने संबंधित अधिकारियों को इसके लिए तैयार रहने को कहा है। इस बीच, सिंचाई विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि देश में भारी बारिश होती है, तो नदियों और जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ सकता है।

## बीएनपी नेता अजीजुर रहमान मुसब्बिर की ढाका में गोली मारकर हत्या

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वॉलंटियर विग स्वेच्छासेबक दल के नेता अजीजुर रहमान मुसब्बिर की बुधवार रात ढाका के कारवां बाजार इलाके में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि तेजगांव थाना वन श्रमिक संघ के महासचिव सुफियान ब्यापारी मसूद को घायल कर दिया।

यह घटना देश में होने वाले राष्ट्रीय चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था को लेकर बढ़ती चिताओं के बीच हुई। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (तेजगांव जोन) के अतिरिक्त उपायुक्त फजलुल करीम ने द डेली स्टार को बताया कि मुसब्बिर को पंथपथ के बीआरबी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मसूद को बाद में इलाज के लिए ढाका मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (डीएमसीएच) ले जाया गया। पुलिस और पार्टी सूत्रों के मुताबिक मुसब्बिर शाम को शहर के एक होटल में शरीयतपुर के कुछ लोगों के साथ एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के बाद मुसब्बिर और मसूद पास की एक गली में चल रहे थे, तभी दो लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं। हमलावर मौके से भाग गए। बीएनपी के स्थानीय कार्यकर्ताओं समेत कुछ लोगों ने गोलीबारी के बाद सोनारगांव चौराहे के पास विरोध-प्रदर्शन किया।

## दिल के दौरे, स्ट्रोक के लिए मकड़ी के जहर से बनी दवा का परीक्षण शुरू

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं ने दुनिया की सबसे खतरनाक मकड़ियों में से एक के जहर से तैयार दवा का दिल के दौरे और स्ट्रोक मरीजों पर नैदानिक परीक्षण शुरू किया है। शोधकर्ताओं ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड (यूक्यू) के एक बयान के अनुसार, 'फेज 1 क्लीनिकल ट्रायल' के दौरान 'आईबी409' नामक दवा की सुरक्षा, सहनशीलता और इसकी सही खुराक का परीक्षण किया जाएगा। यह एक नई दवा है। इसे बायोटेक्नोलॉजी कंपनी 'इन्फेंसा बायोसाइंस' ने ऑस्ट्रेलियाई 'फनल-वेब' मकड़ी के जहर में पाए जाने वाले अणु से विकसित किया है।

# बांग्लादेश को जेएफ-17 फाइटर जेट बेचने की तैयारी में पाक

## दोनों देशों के एयरफोर्स चीफ ने बातचीत की, चीन की मदद से बनाया था जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट



**ढाका।** पाकिस्तान बांग्लादेश को जेफ-17 थंडर फाइटर जेट बेचने की तैयारी में है। इसको लेकर दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच इस्लामाबाद में बातचीत हुई है। पाकिस्तानी सेना ने इसकी पुष्टि की है।

बांग्लादेशी अखबार डेली स्टार के मुताबिक पाकिस्तान एयरफोर्स प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिंधु और बांग्लादेश वायुसेना प्रमुख हसन महमूद खान के बीच बैठक हुई। इसमें जेफ-17 थंडर लड़ाकू विमानों की संभावित बिक्री और रक्षा सहयोग पर चर्चा की गई। जेफ-17 थंडर एक मल्टी-रोल काम्बैट एयरक्राफ्ट है, जिसे पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर विकसित किया है। यह विमान हवा से हवा और हवा से जमीन पर हमला करने में सक्षम माना जाता है और पाकिस्तान वायुसेना में पहले से सेवा में है। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 'सुपर मुश्शक' ट्रेनर विमान की फास्ट-ट्रैक डिलीवरी का भरोसा भी दिया है। इसके साथ पायलट ट्रेनिंग और लान्ग-टर्म सपोर्ट सिस्टम उपलब्ध कराने की बात कही गई है। पाकिस्तानी सेना के मुताबिक, दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा चल रही है। बांग्लादेश की ओर से इस संभावित सौदे पर अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हाल के महीनों में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच कूटनीतिक संपर्क बढ़े हैं। दिसम्बर के अंत में ढाका में पाकिस्तान के उच्चायुक्त ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस से मुलाक. ात की थी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में लगातार तनाव बना हुआ है। जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश के रिश्तों में लगातार सुधार आया है। मोहम्मद यूनुस अगस्त 2024 के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से दो बार मुलाक. ात कर चुके हैं।

नवम्बर 2024 में, 1971 के बाद पहली बार एक पाकिस्तानी कार्गो जहाज चटगांव बंदरगाह पहुंचा था। इसके अलावा अप्रैल 2025 में ढाका में 15 साल बाद दोनों देशों के विदेश सचिवों ने मुलाकात की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भी 27-28 अप्रैल को ढाका का दौरा किया था, जो 2012 के बाद पहली उच्च-स्तरीय यात्रा थी। इस दौरान दोनों देशों ने आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए समझौतों पर चर्चा की थी।

# ट्रम्प के इशारों पर चल रही वेनेजुएला की सरकार

## ट्रम्प ने कहाः यहां से तेल निकालकर दुनिया को बेचेंगे, अमेरिका कई साल राज करेगा

■ ट्रम्प ने वेनेजुएला में चुनाव कब होंगे, इस पर कोई जानकारी नहीं दी, अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को लेकर भी ट्रम्प ने कोई सीधा जवाब नहीं दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका अब वेनेजुएला को चलाएगा और उसके विशाल तेल भंडार से सालों तक तेल निकालेगा। न्यूयार्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने बताया कि वेनेजुएला की अंतरिम सरकार जो भी जरूरी है, वह सब दे रही है।

जब उनसे पूछा गया कि अमेरिका कितने समय तक वेनेजुएला पर सीधा कंट्रोल रखेगा। क्या यह तीन महीने होगा? छह महीने? एक साल? या उससे भी अधिक? इसपर उन्होंने कहा कि 'यह तो समय ही बताएगा, लेकिन यह काफी लंबा समय होगा, शायद सालों तक। ट्रम्प ने वेनेजुएला में चुनाव कब होंगे, इस पर कोई जानकारी नहीं दी। अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को लेकर भी ट्रम्प ने कोई सीधा जवाब नहीं दिया। ट्रम्प ने कहा कि मैं आपको यह नहीं बता सकता। ट्रम्प ने कहा कि वह भविष्य में वेनेजुएला की यात्रा करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ऐसा समय जल्द आएगा जब मेरा वहां जाना सुरक्षित हो जाएगा। ट्रम्प से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा था कि अमेरिका वेनेजुएला के तेल की बिक्री को अनिश्चित काल तक अपने कंट्रोल में रखेगा। रिपब्लिकन सांसदों ने ज्यादातर इस कदम का समर्थन किया है, लेकिन डेमोक्रेट्स ने चेतावनी दी है कि बिना स्पष्ट कानूनी अधिकार के अमेरिका एक लंबे अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप की ओर बढ़ रहा है। इंटरव्यू में ट्रम्प ने मादुरो की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को वेनेजुएला की नई नेता मानने के सवाल का जवाब नहीं दिया, जबकि विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचाडो, जिनकी पार्टी ने 2024 के चुनाव में जीत हासिल की थी और हाल ही में नोबेल शांति पुरस्कार जीता, को समर्थन नहीं देने का कारण भी नहीं बताया। ट्रम्प ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि उन्होंने मादुरो की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को वेनेजुएला की नई नेता के रूप में मान्यता क्यों दी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने रोड्रिगेज से बात की है, तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। ट्रम्प ने कहा कि विदेश मंत्री रुबियो लगातार उनके संपर्क में हैं। मैं आपको बता दूं कि हम उनके और प्रशासन के साथ बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प ने यह भी नहीं बताया कि अमेरिका ने विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो का समर्थन क्यों नहीं किया, जबकि उनकी पार्टी ने 2024 में निकोलस मादुरो के खिलाफ चुनावी जीत का दावा किया था और हाल ही में नोबेल शांति पुरस्कार भी जीता। इंटरव्यू के दौरान ट्रम्प ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो का फोन भी उठाया। यह बातचीत करीब एक घंटे चली। इसके बाद ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि पेट्रो ने कोलंबिया से निकलने वाले ड्रग्स की स्थिति पर सफाई दी है और उन्हें वाशिंगटन आने का न्योता दिया गया है। इंटरव्यू के दौरान ट्रम्प को कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के काल की जानकारी दी गई। ट्रम्प ने आपरेशन एब्सोल्यूट रिजाल्व की भी चर्चा की, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार किया गया।

